3 राजधानी
केजीएमयू को मिली नैक से ए प्लस की ग्रेडिंग

6 अभिमत
समावेशी विकास पर केन्द्रित बजट

10 विदेश
तुर्की में भूकंप से मृतक संख्या 6200 हुई

11 राष्ट्रीय
महाराष्ट्र कांग्रेस में तेज हुई कलह

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 110
लखनऊ, बुधवार, 8 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा
स्पोर्ट्स-12

# अडाणी मामले में कांग्रेस के हमले पर भाजपा का पलटवार

## तीन दिन के गतिरोध के बाद चली संसद, ज्यादातर विपक्ष दलों के सदस्यों ने लिया भाग

● राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर साधा निशाना तो भाजपा ने आरोपों को बेबुनियाद करार दिया, कहा- कांग्रेस खुद घोटालेबाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





लोकसभा में मंगलवार को बोलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। वहीं उनको उत्तर देते भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

**अडाणी** मुद्दे पर मंगलवार को विपक्ष की ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हमले की अगुवाई की। उन्होंने कई आरोप लगाए जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में अडाणी को विभिन्न सेक्टरों में ठेके दिलाने में मदद की और इसके चलते नौ सालों में वे अमीरों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए जबकि 2014 में उनका स्थान 609 वां था। भाजपा ने भी कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेबुनियाद, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए।

पार्टी ने कहा कि कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही है, जिससे देश की छवि धूमिल हुई है। अडाणी मुद्दे पर संसद में दोनों में सदनों में तीन दिन तक जारी गतिरोध के बाद कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा में भाग लेने पर सहमति जताई। लेकिन शिवसेना जैसे कुछ दल बॉयकॉट पर अड़े रहे। उनका कहना था कि विवाद पर पहले जेपीसी गठित की जाए। ज्यादातर विपक्षी दलों ने संसद की कार्यवाही में भाग लेने का फैसला किया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग उठाते रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष की ओर पर पहले वक्ता के रूप में राहुल ने गौतम अडाणी शीर्ष पर पहुंचने को मोदी के सत्ता में आने से जोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के दौरान नियम बदलकर हवाई अड्डों के ठेके अडाणी समूह को दिए गए तथा प्रधानमंत्री के विदेश दौरों के बाद दूसरे देशों में भी इस उद्योगपति को कई व्यावसायिक ठेके मिले। सदन में राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तीखा विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को लोकसभा में तथ्यहीन आरोप नहीं लगाने चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेबुनियाद, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस खुद बड़े घोटालों में शामिल रही है, जिससे देश की छवि धूमिल हुई है। प्रसाद ने संसद के बाहर संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निराधार, शर्मनाक और लापरवाही भरे आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उसके नेता उन सभी बड़े घोटालों में शामिल थे, जिन्होंने भारत की छवि को धूमिल किया।

# भारत ने भेजी मदद, तुर्किए ने कहा- शुक्रिया दोस्त

● मलबा हटाने की मशीनों व चिकित्सा उपकरणों के साथ दो विमान पहुंचे तुर्किए

● लोकसभा ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि, मोदी ने हर संभव मदद का भरोसा दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



तुर्की में भूकंप पीड़ितों के लिए विमान में राहत सामग्री भरते एनडीआरएफकर्मी

**विनाशकारी** भूकंप से प्रभावित तुर्किए के लिए भारत ने मदद के दरवाजे खोल दिए हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को दो विमानों के जरिए राहत व बचाव दल, उपकरण और चिकित्सकों की टीमें भेजी हैं। एनडीआरएफ का 101 कर्मियों का दस्ता तुर्किए में बचाव कार्यों में सहायता करेगा।

इसी प्रकार सेना की ओर से 99 डॉक्टरों की टीम अस्थायी अस्पताल बनाकर घायलों का इलाज करेगी। इस मदद के लिए तुर्किए ने भारत को अपना दोस्त बताते हुए शुक्रिया अदा किया है। चौबीस घंटे के अंदर मदद पहुंचाने के लिए सीरिया ने भारत का धन्यवाद किया है। संकट की इस घड़ी में नई दिल्ली द्वारा दिखाई गई आत्मीयता की सराहना करते हुए भारत में तुर्किए के राजदूत फिरत सुनेल ने कहा कि ज़रूरत में काम आने वाला दोस्त ही सच्चा दोस्त होता है। सुनेल ने ट्वीट कर कहा कि 'दोस्त' तुर्की और हिंदी में एक आम शब्द है। हमारे यहां तुर्की की कहावत है कि दोस्त करा गुंडे बेली ओलुर।

यानी जरूरत में काम आने वाला दोस्त ही दोस्त होता है। भारत का बहुत-बहुत शुक्रिया। उन्होने कहा कि भूकंप के कुछ घंटों के भीतर ही भारत द्वारा तुर्किए को दी गई मदद की हम सराहना करते हैं। भारत उन देशों में शामिल है, जिसने खोज और बचाव कार्यों के लिए अपनी टीमें भेजी हैं। तुर्किए में पहले भूकंप के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर एनडीआरएफ ने एक समन्वय बैठक की।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी तुर्किए और सीरिया के दूतावास जाकर अपनी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी दोनों देशों तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने जानमाल की हानि पर गहरा दुख जताया और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगेन को टैग करते हुए ट्वीट किया कि भारत हर संभव मदद के लिए तैयार है।

# बजट में हर वर्ग का ध्यानः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में पेश आम बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार द्वारा पेश किए गए हर बजट में गरीबों के हित केंद्र में रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को बजट पेश किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की पहली बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी इसे चुनावी बजट नहीं कह रहा है, जबकि यह अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले अंतिम पूर्ण बजट था। उन्होंने कहा कि समग्र विकास और समाज के हर वर्ग के हितों ने बजट प्रस्तावों को प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोदी के भाषण का हवाला देते हुए पत्रकारों से कहा कि यहां तक कि जो लोग वैचारिक रूप से भाजपा के विरोधी रहे हैं, उन्होंने भी बजट का स्वागत किया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से गरीब और मध्यम वर्ग सहित अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को बजट के संबंधित पहलुओं के बारे में सूचित करने का आह्वान किया। उनके मुताबिक ऐसा करते हुए मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने चुनावी अनुभवों को याद किया और कहा कि जब काम को लोगों द्वारा मान्यता दी जाती है, तो सत्ता विरोधी लहर जैसी कोई चीज नहीं होती है। बजट की व्यापक स्वीकार्यता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी केवल 25 मेहमानों के पारिवारिक समारोह में हर किसी की पसंद को पूरा करना मुश्किल होता है, लेकिन बजट प्रस्ताव 130 करोड़ से अधिक लोगों के देश में समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं को पूरा करने में कामयाब रहे हैं। मोदी ने वर्षों से बजट के साथ अपनी भागीदारी को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वह 2001 से 2014 के बीच गुजरात के मुख्यमंत्री सहित करीब 25 बजट से जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सांसदों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों के सांसदों से खेल कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए भी कहा क्योंकि ऐसा देखा गया है कि शहर के युवा खेलों में ज्यादा हिस्सा नहीं ले रहे हैं। मोदी ने सांसदों से बार-बार खेल बैठकें आयोजित करने के लिए कहा है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने अब तक विभिन्न स्थानों पर जी-20 से संबंधित करीब 20 बैठकों का आयोजन किया है और विदेशी मेहमानों ने देश में उनके आवभगत की सराहना की है।

# अडाणी पर बैंकों का कर्ज ज्यादा नहीं: रेटिंग एजेंसियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● ग्रुप की ऋण गुणवत्ता पर किसी तरह के जोखिम से किया इनकार

**दुनिया** की प्रमुख रेटिंग एजेंसियों फिच और मूडीज ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह की कंपनियों को भारतीय बैंकों की तरफ से दिया गया कर्ज इतना अधिक नहीं है कि उनकी ऋण गुणवत्ता पर किसी तरह का जोखिम पैदा हो। इसके साथ ही दोनों रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बैंकों को असाधारण सरकारी समर्थन मिलने की उम्मीद को ध्यान में रखते हुए बैंक रेटिंग निर्धारित की जाती हैं।

अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की प्रतिकूल रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह के शेयरों में तगड़ी गिरावट आई है। इसकी वजह से भारतीय बैंकों के समूह को दिए गए कर्ज को लेकर भी आशंका जताई जाने लगी है। फिच रेटिंग्स ने इस संदर्भ में अपनी एक टिप्पणी में कहा कि अडाणी समूह को भारत के बैंकों का कर्ज अपने-आप में इतना अधिक नहीं है कि बैंकों के ऋण प्रोफाइल को किसी तरह का ठोस जोखिम पैदा हो सके। उसने कहा कि बैंकों की रेटिंग इस उम्मीद पर आधारित होती है कि उन्हें कर्ज फंसने की स्थिति में जरूरत पड़ने पर असाधारण सरकारी समर्थन मिल जाएगा। फिच ने कहा कि अगर अडाणी समूह के बड़े हिस्से के दबाव में आने की काल्पनिक स्थिति में भी भारतीय बैंकों का कर्ज जोखिम प्रबंधन-योग्य होगा और इन बैंकों की व्यवहार्यता रेटिंग पर भी उसका कोई प्रतिकूल परिणाम नहीं होगा। हालांकि फिच ने कहा कि अडाणी समूह से संबंधित कुछ ऐसे गैर-पोषित कर्ज हो सकते हैं जिनकी जानकारी नहीं दी गई हो। लेकिन रेटिंग एजेंसी को ऐसी होल्डिंग के वितरित कर्ज की तुलना में कम ही रहने की उम्मीद है। इसी के साथ फिच ने ऐसे जोखिम को लेकर आगाह भी किया है कि इस विवाद का असर व्यापक हो जाए और भारत की साख पर असर डाले।

# एकेटीयू के कुलपति प्रो. पीके मिश्रा ने दिया इस्तीफा, मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपने** ऊपर लगे आरोपों की जांच में दोषी ठहराये जाने के बाद मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। वहीं राजभवन ने भी उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। पिछले दिनों राजभवन की तरफ से जांच में दोषी पाये जाने के बाद प्रो. पीके मिश्रा को डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि से संबद्ध कर दिया गया था। इसके बाद राजभवन की तरफ से लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को कार्यभार सौंपा गया था। राजभवन द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रो. राय नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक एकेटीयू के कुलपति बने रहेंगे। इस्तीफा देने के बाद प्रो. मिश्रा ने कुलाधिपति द्वारा बैठाई गई जांच पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी सत्यनिष्ठा और ईमानदारी पर कोई संदेह नहीं है। शायद लखनऊ के मिजाज से अपने मिजाज को तालमेल नहीं बैठा पाए।

# गौरी ने ली शपथ, नियुक्ति के खिलाफ दायर अर्जी खारिज

● निर्धारित समय से पांच मिनट पहले पूर्वाह्न 10.25 बजे बैठी पीठ, 10.48 बजे शपथ दिलाई गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चेन्नई



**शीर्ष** अदालत में अपनी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के बीच वकील लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण ले ली। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने गौरी की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी राजा ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पढ़ने सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद गौरी को अतिरिक्त न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। चेन्नई में गौरी के अलावा चार अन्य जजों ने भी मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। अतिरिक्त न्यायाधीश पद पर गौरी की नियुक्ति के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजय खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई की विशेष पीठ अदालत के निर्धारित समय से पांच मिनट पहले यानी पूर्वाह्न 10.25 बजे बैठी।

पीठ ने कहा कि हम रिट याचिका पर विचार नहीं करने जा रहे हैं। वजह बताई जाएगी। मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने गौरी को पूर्वाह्न 10.48 बजे शपथ दिलाई, जब शीर्ष अदालत इस संबंध में दलीलें सुन रही थी कि उन्हें न्यायाधीश क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,286 | ↓ | 220 | |
| निफ्टी | 17,721 | ↓ | 43 | |
| सोना | 57,275 | ↑ | 128 | /10g |
| चांदी | 67,975 | ↓ | 38 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जेईई-मेन में 20 छात्रों ने परफेक्ट 100 हासिल किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा मंगलवार को घोषित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के जनवरी संस्करण के नतीजों में 20 प्रतिभागियों ने परफेक्ट 100 हासिल किए है। इसमें बताया गया कि 100 एनटीए अंक हासिल करने वाले सभी प्रतिभागी पुरुष है। इनमें सामान्य वर्ग से 14, अन्य पिछड़ा वर्ग से चार और सामान्य-ईडब्ल्यूएस और अनुसूचित जाति वर्ग से एक-एक प्रतिभागी शामिल है। मोहम्मद साहिल अख्तर जहां 99.9848042 एनटीए स्कोर के साथ पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) श्रेणी मे टॉपर है, वही एससी श्रेणी में देशांक प्रताप सिंह 100 एनटीए स्कोर के साथ शीर्ष पर है, जबकि अनुसूचित जनजाति वर्ग में 99.99041 एनटीए स्कोर के साथ धीरावथ थानुज शीर्ष पर है।

# महिला आरोपी का कौमार्य परीक्षण असंवैधानिक

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने दी व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को व्यवस्था दी कि महिला आरोपी का कौमार्य परीक्षण कराना असंवैधानिक, लैंगिक भेदभाव और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि ऐसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है जो कौमार्य परीक्षण का प्रावधान करती हो और ऐसा परीक्षण अमानवीय व्यवहार का एक रूप है। यह आदेश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सिस्टर सेफी की याचिका पर सुनाया, जिन्होंने 1992 में केरल में एक नन की मौत से संबंधित आपराधिक मामले के सिलसिले में उनका कौमार्य परीक्षण कराए जाने को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, यह घोषित किया जाता है कि हिरासत में ली गई एक महिला, जांच के दायरे में आरोपी, पुलिस या न्यायिक हिरासत में गई महिला का कौमार्य परीक्षण असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है, जिसमें गरिमा का अधिकार भी शामिल है। न्यायाधीश ने कहा कि इसलिए, यह अदालत व्यवस्था देती है कि यह परीक्षण लैंगिक भेदभाव पूर्ण है और महिला अभियुक्त की गरिमा के मानवाधिकार का उल्लंघन है, अगर उसे हिरासत में रखते हुए इस तरह का परीक्षण किया जाता है। अदालत ने जोर देकर कहा कि एक महिला की हिरासत में गरिमा की अवधारणा के तहत पुलिस हिरासत में रहते हुए भी सम्मान के साथ जीने का महिला का अधिकार शामिल है और उसका कौमार्य परीक्षण करना न केवल उसकी शारीरिक पवित्रता, बल्कि उसकी मनोवैज्ञानिक पवित्रता के साथ जांच एजेंसी के हस्तक्षेप के समान है।

# कम्युनिस्टों के साथ मिलकर सुरक्षा में सेंध लगा रही कांग्रेसः योगी

● त्रिपुरा विधानसभा के चुनावी समर में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला




त्रिपुरा में एक चुनावी सभा में वहां के मुख्यमंत्री माणिक साहा व अन्य नेताओं के साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**त्रिपुरा** विधानसभा के चुनावी समर में मंगलवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उतर गए। उन्होंने यहां दो विधानसभा क्षेत्रों में विजय संकल्प रैली बागबासा, कल्याणपुर-प्रमोदनगर व एक विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर विकास कार्यों के बलबूते दूसरी बार त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनाने की अपील की तो कुशासन व घोटाले गिनाकर कम्युनिस्टों और कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश को ठगने का रहा है। दोनों पार्टियां आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने आई हैं। अन्य राज्यों की भांति यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ को यहां की जनता ने भी सिरमौर बनाकर रखा। योगी जी आयो रे, योगी जी आयो रे, सबका साथ और सबका विकास आदि के गीतों पर बागबासा में आमजन ने गोरक्षपीठाधीश्वर का जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। बागबासा में योगी के साथ त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी मौजूद रहे।

योगी ने आरोप लगाया कि त्रिपुरा विधानसभा चुनाव साथ लड़ रही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस भगवान राम या कृष्ण के अस्तित्व में विश्वास नहीं करती हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि इन दोनों दलों ने उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर और राम मंदिर के निर्माण को रोकने की भी कोशिश की। बागबासा से भाजपा उम्मीदवार जादब लाल नाथ के पक्ष में योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा की। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष में डबल इंजन की सरकार के कार्यों ने त्रिपुरा को अलग पहचान दिलाई है। पीएम मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास का वास्तविक रूप त्रिपुरा में धरातल पर दिख रहा है।

### सिर्फ तृणमूल ही भाजपा को सत्ता से बाहर कर सकती हैः ममता बनर्जी



**अगरतला।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी एकमात्र दल है जो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बाहर कर सकती है और देश के लोगों को भाजपा का विकल्प मुहैया करा सकती है। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा के शासन में त्रिपुरा में लोकतंत्र को पीछे धकेल दिया गया।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा में आयुष की महत्वपूर्ण भूमिकाः दयालु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के आयुष, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने मंगलवार को गोरखपुर में निर्माणाधीन आयुष युनिवर्सिटी का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवा और सशक्त वितरण प्रणाली के निर्माण में आयुष विभाग महत्वपूर्ण और प्रभावी भूमिका निभा रहा है। डा दयालु ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को तय समय में कार्यों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि आयुष अस्पताल और औषधालयों के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं देने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

# विदेशी निवेशकों की प्राथमिकता में शामिल डाटा सेंटर

## डाटा सेंटर पर साढ़े सत्रह व लॉजिस्टिक पार्क पर साढ़े सोलह हजार करोड़ से ज्यादा करेंगे निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की टीम ने प्रदेश में विदेशी मेहमानों को निवेश के लिये आमंत्रित करने के लिये 16 देशों के 21 शहरों में रोड शो किया जिसमें सात लाख बारह हजार करोड़ के 108 एमओयू साइन किये गये। विदेशी मेहमानों ने 25 सेक्टर में से डाटा सेंटर, लॉजिस्टिक पार्क, रिन्यूएबल एनर्जी, अपैरल एंड टेक्सटाइल और फिल्म सिटी में निवेश के लिये सबसे ज़्यादा रुचि दिखाई है। इन सेक्टर में विदेशी मेहमानों की पहली पसंद प्रदेश को डाटा सेंटर का हब बनाने की है जिसमें उन्होंने सत्रह हज़ार करोड़ से ज़्यादा निवेश की इच्छा ज़ाहिर की है। वहीं दूसरी प्रायोरिटी में लॉजिस्टिक पार्क हैं जिसमें वह साढ़े सोलह हज़ार करोड़ से ज़्यादा का निवेश करेंगे। इसमें वह लॉजिस्टिक सर्विस सेंटर से लेकर बीपीओ और ट्रेनिंग सेंटर तक की स्थापना करेंगे। योगी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पहला डाटा सेंटर बनकर तैयार है। योगी सरकार की नीतियों का ही असर है कि विदेशी मेहमानों ने इस सेक्टर की ओर सबसे ज़्यादा दिलचस्पी दिखाई है। सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में हुए रोड शो के दौरान ग्लोबल स्टेट कैपिटल प्रा लि ने प्रदेश में डाटा सेंटर बनाने के लिए 8260 करोड़ रुपए और स्टार कंसोर्टियम प्राईवेट लिमिटेड ने 1000 करोड़ के निवेश से संबंधित एमओयू प्रदेश सरकार के साथ फाइनल किए। यही नहीं यूके और यूएसए में रोड शो के दौरान सिफी इंटरनेशनल ने इस सेक्टर के लिए 8300 करोड़ के निवेश पर सहमति जताई। इन आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे ज्यादा विदेशी मेहमानों ने 17560 करोड़ का निवेश कर प्रदेश को डाटा सेंटर के हब के रूप में विकसित करने की ओर कदम बढ़ाए हैं।

### निवेशकों की दूसरी पसंद है लॉजिस्टिक पार्क

**विदेशी** निवेशकों ने 25 सेक्टर्स में से दूसरी प्रायोरिटी के रूप में लॉजिस्टिक पार्क को रखा है। इसमें उन्होंने 16810 करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित एमओयू किए हैं। यूएई के रोड शो के दौरान शराफ ग्रुप ने तेरह सौ करोड़, हिंदुस्तान पोर्ट प्राईवेट लिमिटेड ने दो सौ दस करोड़ के एमओयू साइन किए हैं। कनाडा और यूएसए के दौरे के दौरान आठ हज़ार दो सौ करोड़ के निवेश पर अपनी हामी भरी है। वहीं सिंगापुर और ऑस्ट्रलिया के रोड शो में एक हज़ार करोड़ का निवेश लॉजिस्टिक सर्विस में होगा। वहीं यूनिवर्सल सक्सेस प्रईवेट लिमिटेड ने 5100 करोड़ रुपए से लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण करने का निर्णय लिया है।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करें: जयवीर सिंह

● पर्यटन मंत्री ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलार को एकल अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय खेलकूद समारोह 2023 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पर्यटन मंत्री के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं योगी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की सरकार की देन है कि देश के प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत का स्वरूप इन खिलाड़ियों में माध्यम से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में मिल रहा है। भारत सबसे बड़ी अबादी वाला देश है विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा पुरस्कार भी मिलने चाहिए। एकल अभियान संगठन के द्वारा 27 सम्भागों से आये हुए नन्हें.नन्हें खिलाड़ी को देख कर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि परम्परागत भारतीय खेलों को बढ़ावा दिया जाए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि कोरोना संकट एवं रूस यूक्रेन युद्व के दौरान भारत की भूमिका विश्व के सामने सक्तशाली रूप में प्रगट हुई और भारत अब विश्व गुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 10 से 12 फ़रवरी तक उत्तर प्रदेश इनवेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में निवेश के अनुमान से तीन गुना ज्यादा सफलता मिलने जा रही है जिसमें खेल और खिलाड़ियों के लिए काफी निवेश की संभावना है। मंत्री जयवीर सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल ने पुरस्कार वितरण किया।

# राहुल गांधी का यह बयान उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता है: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर राहुल गांधी की टिप्पणी ओछी और निंदनीय है जो यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि उन्हें न इतिहास पता और न ही वर्तमान ज्ञान है।



प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून का राज स्थापित किया है, विकास के कार्य हो रहे है। राहुल गांधी का यह बयान उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मोहनिंद्रा में हैं वह उत्तर प्रदेश में आए नहीं हैं। इसलिए उन्हें यूपी के विकास की जानकारी नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित विकास के एजेंडे पर लगातार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही हैं। प्रदेश तथा प्रदेशवासियों को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार अनवरत काम कर रही है लेकिन विपक्ष उत्तर प्रदेश का वातावरण खराब करने की कोशिशें लगातार कर रहा है लेकिन विपक्ष के मंसूबे कामयाब नहीं होगें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सर्वस्पर्शी सनातन संस्कृति के उपासक हैं। योगी जी के लिए मानव मात्र की चिंता, उसकी समस्याओं का निराकरण और बिना भेदभाव सबका कल्याण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस हमेशा से आस्था के साथ खिलवाड़ करती रही है। भगवान राम और कृष्ण के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वालों को गोरक्षपीठ की सामाजिक समरसता के बारे में ज्ञान नहीं है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल कुमार पुत्र राम कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता–आइमाखेड़ा माकूर उन्नाव।

**सूचना**

मैंने अपना नाम लाल मोहम्मद अन्सारी से बदलकर लाल मोहम्मद पुत्र स्व0 जान मोहम्मद कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता–182/252 रोशन बाग, इलाहाबाद।

**सूचना**

मैंने अपना नाम जीशान खान से बदलकर मो0 जीशान खान पुत्र मो0 वसीक खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता–307 ए0बी0 नगर उन्नाव।

**सूचना**

मैंने अपना नाम वसीक खान से बदलकर मो0 वसीक खान पुत्र मोहम्मद रफीक खान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता–260/13 अटल बिहारी नगर उन्नाव।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी कक्षा–12 परीक्षा वर्ष 2019–20 की टी.सी. व माइग्रेशन सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गए हैं। देवाशीष तिवारी पुत्र श्री आशीष तिवारी निवासी–ग्राम बरसोहिया, पोस्ट–रस्यौरा, तहसील व जिला–सीतापुर

**सूचना**

मैं अब्दुल जाहिद अन्सारी पुत्र मो0 मुस्तफा ग्राम– बिगही, पोस्ट डुमवलिया, थाना–सलेमपुर, जिला–देवरिया उ0प्र0 का निवासी था अब मेरा वर्तमान पता– म0नं0–449 ड्रीम ग्रीन सिटी फेस–2 बन्थरा, लखनऊ पिन नं0–226401 उ0प्र0 हो गया है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है

आर0जी0 महाविद्यालय, बाघपुर, कानपुर देहात में सहायक आचार्यों की

1. सहायक आचार्य (बी.एस–सी. संकाय में भौतिक विज्ञान व जन्तु विज्ञान हेतु) अर्हता 55 प्रतिशत अंकों के साथ सम्बन्धित विषय में एम.एस–सी. व पी.एच–डी/नेट
2. सहायक आचार्य (बी.कॉम संकाय हेतु) अर्हता 55 प्रतिशत अंकों के साथ एम.कॉम व पी. एच–डी/नेट

इच्छुक अभ्यर्थी 10 फरवरी 2023 तक आवेदन करें। वेतनमान–यू.जी.सी. व राज्य सरकार के मानकानुसार

प्रबन्धक : 9415130851

# पीसीएसजे की प्रारंभिक परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएस ने कमिश्नर व डीएम के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नियोजन, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, समाज कल्याण, लोक निर्माण आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि पीसीएस जे परीक्षा–2022 की प्रारंभिक परीक्षा 12 फरवरी को प्रदेश के पांच शहरों आगरा, कानपुर, गोरखपुर, मेरठ व प्रयागराज में प्रस्तावित है। परीक्षा को पूरी तरह से नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करा ली जाएं। किसी भी स्थिति में पेपर लीक न हो, इसके लिये सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित कर लिये जाएं। अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं मण्डलायुक्त अपने जनपदों में जो नवाचार किया जा रहा हैए उस नवाचार को एक–दूसरे से साझा किया जाए जिससे उत्तर प्रदेश का विकास तेजी से होगा और यूपी की इकोनॉमी में तेजी से बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने जनपद की कैपिटल इनकम बढ़ाने पर विशेष बल दिया। सभी जनपदों में संभावित पर्यटन क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें विकसित करें। उन्होंने कहा कि कई बार जनपदों में अच्छे कार्य होते हैं लेकिन उनका डाटा पोर्टल पर फीड न होने के कारण उन्हें उपलब्धि हासिल नहीं होती है, इसलिये सभी जिलाधिकारी सांख्यिकी अधिकारी के साथ बैठक कर योजनाओं के सही आंकड़ें पोर्टल पर फीड कराएं। इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा ने अमृत महोत्सव का उपहार ग्राम दारा नगर अमरोहा अन्धेरे से उजाले की ओर विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम में विद्युत व्यवस्था हेतु 50 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया है। सोलर पैनल के साथ 70 किलोवाट का इनवर्टर लगाया है। ग्राम की वर्तमान आवश्यकता 38 किलोवाट है। ग्राम में प्रत्येक घर में विद्युत मीटर लगाते हुए 4 एलईडी बल्ब एवं 2 सॉकेट की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 76 विद्युत पोल के माध्यम से पूरे ग्राम को विद्युत सप्लाई की गई है तथा सभी पोल पर एलईडी लाईट की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी सहारनपुर ने स्वीट रिवाल्यूशन मीठी क्रांति विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया।

# जनता के बीच हमारी सक्रियता, जनता के बीच हमारा सरोकार बढ़ना चाहिएः धर्मपाल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** लखनऊ महानगर कार्यसमिति बैठक चांसलर क्लब सरोजनी नगर में आयोजित हुई। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यसमिति में हम अपने पिछले तीन महीनों के कार्यों की समीक्षा आगामी कार्यक्रमों की योजना, आयामों व अभियानों की समीक्षा के साथ कार्यकर्ता की समीक्षा करते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी करने का उपयुक्त अवसर है जहां आज हम संगठन, संगठनात्मक समीक्षा, संगठनात्मक कार्य तथा राजनैतिक परिस्थिति की चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण ही भारत को जी20 की अध्यक्षता का अवसर मिला है। यह भारत का विश्व गुरु बनने की ओर एक कदम है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनी है। कभी हम कहते थे मोदी है तो मुमकिन है, आज यह हमारा नारा ही नहीं पूरे विश्व का नारा बन चुका है। पूरे विश्व का विश्वास हमारे प्रधानमंत्री मोदी पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच हमारी सक्रियता, जनता के बीच हमारा सरोकार बढ़ना चाहिए। हम सबको बूथ की समिति मोहल्ले की समिति वार्ड की समिति में क्वालिटी के साथ क्वांटिटी बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज के हर वर्ग को भाजपा में जोड़ने की आवश्यकता है। समाज के हर व्यक्ति को लगना चाहिए कि भाजपा मेरी पार्टी है। लखनऊ महानगर के कार्यकर्ता को को ऐसा बनाना है कि हर व्यक्ति कहे कि भाजपा का कार्यकर्ता बनना है। उन्होंने कहा भाजपा की कार्यकारिणी एक फैक्ट्री है और अगर फैक्ट्री ठीक प्रकार से चलती है तो उसका प्रोडक्ट अच्छा होता है, महानगर कार्यसमिति अच्छी होगी तो यहां अच्छे कार्यकर्ताओं का निर्माण होगा। बैठक, समीक्षा और संवाद से कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं में परस्पर चर्चा होती रहनी चाहिए। कार्यकर्ताओं में संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। सामूहिक निर्णय, सब की सहभागिता होनी चाहिए, हमारा निर्णय श्रेष्ठता के आधार पर होना चाहिए। पार्टी का नेतृत्व जो भी निर्णय लेता है हम सब को उसको स्वीकार करना चाहिए। पार्टी के कार्यकर्ताओं की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत मंडल सशक्त करने, बूथ सक्रिय, सशक्त करने तथा पार्टी की योजनाओं के पत्रक घर–घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। सशक्त मंडल के लिए हर बूथ पर मन की बात का कार्यक्रम, मंडल के पदाधिकारियों का शक्ति केंद्रों पर प्रवास हो। मंडल व मोर्चा की कार्यसमिति सर्व स्पर्शी सर्वव्यापी व सर्वग्राही बने। हर बूथ सक्रिय बूथ बने, बूथ पर बूथ समिति के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद टिफिन बैठक हो। प्रत्येक कार्यकर्ता कुछ ना कुछ भोजन लाएं और साथ में भोजन करें। पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा की 2014 में जब हमारी सरकार आई थी तब भारत की अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज पांचवे स्थान पर है और अगर पीपीपी मॉडल के आधार पर भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत उस गौरवशाली परंपरा के अधिष्ठान पर खड़ा है जहां पूरे विश्व की निगाहें भारत की ओर है।

# सदी के सबसे बड़े अडानी घोटाले पर चुप्पी साधे है मोदी सरकार: नकुल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि मोदी सरकार सदी के सबसे बड़े अडानी घोटाले पर चुप्पी साधे हुए है। कुछ दिनों पहले अडानी मुद्रा पोर्ट पर हजारों करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई लेकिन सरकार के मुंह नहीं खुले। पूरे देश में आर्थिक अव्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि, लाखों करोड़ रुपए के ऋ ण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी संपत्ति के आधार पर अडानी समूह को देना क्या सरकार की नीयत पर सवाल नहीं खड़ा करता है?

दुबे सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम भारतीय नागरिकों की कीमत पर अपने करीबी दोस्त और चुनिन्दा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश विशेषकर मध्यम वर्ग परेशान और चिन्तित है। केन्द्र सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी एवं एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों जिसमें एलआईसी के लगभग 29 करोड़ पॉलिसी धारक और एसबीआई लगभग 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अडानी प्रकरण पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से विस्तार से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी सदन में लगातार संघर्ष कर रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं है।

### मो. आरिफ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त

**लखनऊ।** कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा तथा कार्यकुशलता को दृष्टिगत रखते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव द्वारा मोहम्मद आरिफ को विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता हम्माम वहीद ने बताया कि इस अवसर पर उप्र राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष रेहान खान, उप्र युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव अनुराग दीक्षित मुन्ना, उप्र राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व महासचिव मोहम्मद इरफ ान, विद्यांत कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद सईद पपुआ आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए मनोज यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अडानी समूह घोटाले की जांच जेपीसी से कराने की मांग पर आप ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी ने अडानी समूह के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों को देश का सबसे बड़ा महाघोटाला करार दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच और अडानी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौतम अडानी के साथ–साथ सभी संबद्ध महत्वपूर्ण लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के अवध प्रांत अध्यक्ष सूरज प्रधान ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की पिछले कुछ दिनों में देश के करोड़ों नागरिकों का अडानी की कम्पनी में साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपया डूब गया जो उन्होनें अपने खून पसीने से बचत कर निवेश किया था। आम आदमी पार्टी ने कहा की अडानी का घोटाला पकड़ा गया तो उन्होनें कहा की ये देश पर हमला है लेकिन हिंडनबर्ग ने तो अमरीका, जापान आदि देशों की कंपनियों का घोटाला भी उजागर किया फिर उन देशों के उद्योगपतियों ने ये नहीं कहा की ये उनके देश पर हमला है और अगर ये देश पर हमला है भी तो देश के प्रधानमंत्री मोदी को जरूर बोलना चाहिए लेकिन वो खामोश बैठे हैं।

अडानी कोई भारत नहीं हैं और न ही भारत ही कोई अडानी हैं लेकिन देश का दुर्भाग्य की प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ अडानी से अपनी दोस्ती निभाते रहे और देशवासियों के साथ विश्वासघात किया।

# स्पोर्ट्स कालेजों में चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की निगरानी में होगा:डा. नवनीत सहगल

● स्पोर्ट्स कालेजों में पांच सदस्यीय समिति का किया गया गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल ने कहा कि स्पोर्ट्स कालेजों में बच्चों का चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की निगरानी में होगा। इसी क्रम में लखनऊ, गोरखपुर एवं सैफई स्थित तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में बच्चों का प्रारंभिक चयन ट्रायल्स अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की देख–रेख में किया जायेगा। स्पोर्ट्स कालेजों में चयन ट्रायल्स के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी चयन समिति में अध्यक्ष होगा। इनके अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षक, संबंधित कालेज के प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी तथा कालेज से संबंधित खेल प्रशिक्षक को समिति में सदस्य बनाया गया है।

अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि पूर्व में तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में संयुक्त रूप से प्रारंभिक चयन ट्रायल्स के माध्यम दाखिले की व्यवस्था थी। छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में अलग–अलग चयन ट्रायल्स कराया जायेगा। छात्र/छात्राएं जिस स्पोर्ट्स कालेज में प्रवेश के इच्छुक है, उनको वहीं पर ट्रायल्स देने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। तीनों स्पोर्ट्स कालेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश भी दिये हैं कि वह अपने यहां आयोजित प्रारंभिक चयन परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को मुख्य चयन ट्रायल्स परीक्षा में आमंत्रित करेंगे तथा संबंधित खेल की दो दिवसीय फिजिकल, स्किल तथा गेम परीक्षा आयोजित कराई जाये। जिसका परिणाम संबंधित कालेज अपनी वेबसाइट अपलोड करेंगे और अन्य माध्यम से चयनित छात्रों को सूचना उपलब्ध करायेंगे।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ के अधीन संचालित तीनों स्पोर्ट्स कालेजों में आगामी मार्च माह में सत्र 2023–24 के लिए कक्षा 6 में दाखिले के लिए प्रारंभिक एवं मुख्य चयन ट्रायल लिया जायेगा। लखनऊ, गोरखपुर एवं सैफई तीनों स्पार्ट्स कालेजों में तीन दिनों की प्रारंभिक चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जायेगा। प्रारंभिक चयन परीक्षा में फिजिकल एवं गेम दोनों में उत्तीर्ण छात्रों का जन्म तिथि सत्यापन के बाद मुख्य चयन ट्रायल्स लिया जायेगा। छात्रों का आधार कार्ड के आधार पर जन्मतिथि का सत्यापन किया जायेगा।

# यूपी में 16 गुना तेजी से होगा रेल कनेक्टिविटी का विकास

● केंद्र ने रेलवे बजट में यूपी को दिया 2009-14 की तुलना में 16 गुना ज्यादा बजट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की योगी सरकार जिस तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रही है उसमें उसे केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी को बेहतर करने में जुटी है और इसी प्रयास के तहत इस बार रेल बजट में उत्तर प्रदेश को 2009–14 की तुलना में 16 गुना ज्यादा बजट दिया गया है। 2009–14 के बीच जहां यूपी के हिस्से रेल बजट में सिर्फ 1109 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी मिली थी तो वहीं मोदी सरकार ने अकेले 2022–23 में उत्तर प्रदेश को 16 गुना ज्यादा यानी 17507 करोड़ रुपए का बजट दिया है। केंद्र सरकार ने इस बार रेलवे के लिए सबसे ज्यादा 2.4 लाख करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया है। योगी सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में अभी 7143 किमी लंबी नई लाइन पर 83 प्रोजेक्ट्स के तहत कार्य चल रहा है जिस पर करीब 94 हजार करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वहीं 3831 किमी लंबी रेलवे लाइन के लिए 55 सर्वे किए जाने हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश से अन्य राज्यों को जोड़ने के लिए नई लाइन से जुड़े जो प्रोजेक्ट हैं उनमें एक ललितपुर–सतना, रीवा–सिंगरौली और महोबा–खजुराहो है जिस पर 700 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसी तरह बहराइच–श्रावस्ती और बलरामपुर–तुलसीपुर लाइन पर 390 करोड़ का खर्च आएगा। 2023–24 में एनर्जी कॉरिडोर के लिए नई लाइन हेतु 284 करोड़, जनजातीय गौरव कॉरिडोर 284 करोड़, सहजनवा–दोहरीघाट के लिए 205 करोड़, देवबंद रुड़की के लिए 200 करोड़, मऊ–गाजीपुर–तारीघाट के लिए 150 करोड़, अंब्रेला प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़, आनंदनगर–घुगली के लिए 20 करोड़, पडरौना–कुशीनगर वाया गोरखपुर के लिए 10 करोड़ और मेरठ–पानीपत के लिए 30 लाख रुपए खर्च किए जाने हैं। गेज कन्वर्जेंस को लेकर भी प्रदेश में काफी काम हो रहा है। इसके माध्यम से छोटी लाइन्स को बड़ी लाइन में परिवर्तित कर दिया गया है। इनमें मथुरा–वृंदावन के बीच लाइन पर 100 करोड़, लखनऊ–पीलीभीत वाया सीतापुर, लखीमपुर पर 100 करोड़, बहराइच–मैलानी बाइपास पर 50 करोड़, इंदारा–दोहरीघाट 35 करोड़, पीलीभीत–शाहजहांपुर 3 करोड़ और कानपुर–कासगंज–मथुरा की लाइन पर 50 लाख रुपए का खर्च किया जाएगा। प्रदेश ने बीते कुछ समय में तेजी से कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। 2017 के पहले प्रदेश में 2 एयरपोर्ट थे आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हो चुके हैं और 10 पर काम जारी है। वहीं बेहतर कनेक्टिविटी के लिए पूर्वी यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे है तो बुंदेलखंड में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। राष्ट्रीय राजधानी से यूपी को जोड़ने के लिए यमुना और आगरा एक्सप्रेसवे है। यूपी की सीमा से जुड़े राज्यों और नेपाल से 4 लेन रोड की कनेक्टिविटी है तो प्रदेश के सारे जिले लखनऊ से 4 लेन सड़क से जुड़े हुए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाला जाट बटालियन का सिपाही गिरफ्तार

● अग्निवीर भर्ती में सेंटरों पर जाकर लिखित व मेडिकल परीक्षा पास कराने के लिए वसूलता था दो-दो लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय सेना** में भर्ती कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर अभ्यर्थियों से धन उगाही करने वाले सेना के ही एक सिपाही को एसटीएफ ने कमिश्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी पोस्टिंग 15 जाट बटालियन लेह लद्दाख मे है। वह इस समय छुट्टी पर आया है। यह भी बताया कि वह सेना की हो रही अग्नीवीर भर्ती में सेन्टरों पर जाकर वहां घूम रहे परीक्षार्थी से मिलकर उन्हे भर्ती कराने का झांसा देकर लिखित परीक्षा व मेडिकल में पास कराने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से दो लाख रुपए वसूलता है।

मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम को इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि भारतीय सेना में नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से धन उगाही करने वाले गिरोह में सेना का एक और सिपाही शामिल है। इस बारे में एसटीएफ को अवगत कराया। एसटीएफ की टीम ने छानबीन प्रारंभ की। ज्ञात हुआ कि 6 फरवरी को यह सिपाही शीशा फैक्ट्री मोड़, आशियाना आने वाला है। जिसके बाद एसटीएफ और मिलिट्री इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम ने यहां पहुंचकर योगेन्द्र सिंह निवासी पवनपुरी गली नंबर-3 देवीखेडा, आशियानाए को गिरफ्तार किया। योगेन्द्र सिंह ने पूछताछ में बताया कि उसकी पोस्टिंग 15 जाट बटालियन लेह लद्दाख मे है। वह इस समय छुट्टी पर आया है। योगेन्द्र अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों को अपने पास रख लेता था जिससे वह अभ्यार्थियों के ऊपर दबाव बनाकर धन की वसूली करता था। उसने दर्जनों अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज जमा कर लिए थे तथा चार, पांच सफल अभ्यर्थोयों से रकम वसूल कर चुका था। अन्य से वह रकम वसूलने का प्रयास कर रहा था कि पकड़ लिया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी एसटीएफ ने बीती 4 फरवरी को भारतीय सेना में उच्चाधिकारी बनकर नौकरी के नाम पर फर्जी तरीके से धन उगाही करने वाले भारतीय सेना में नियुक्त सिपाही व भूतपुर्व सैनिक सहित गिरोह के चार अभियुक्तों को कमिश्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार किया था। जिनके विरुद्ध थाना पीजीआई में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## केजीएमयू को मिली नैक से ए प्लस की ग्रेडिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग जॉर्ज चिकित्सा** विवि को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यांकन परिषद (नैक) ने ए प्लस ग्रेड दिया है। संस्थान को पिछली बार ए ग्रेड हासिल हुआ था। इस लिहाज से संस्थान ने अपनी ग्रेडिंग में सुधार किया है। लेकिन विवि का कहना है कि उन्हें ए डबल प्लस की उम्मीद थी, पर नैक कमेटी के सामने दोबारा रिप्रजेंट किया जायेगा। लखनऊ विवि और गोरखपुर विवि को ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद केजीएमयू को ए डबल प्लस ग्रेडिंग मिलने की उम्मीद थी। बता दें कि केजीएमयू में 2 से 4 फरवरी के बीच नैक की टीम ने भ्रमण किया था। टीम ने इलाज, शिक्षण कार्य से लेकर पर्यावरण व दूसरी व्यवस्थाओं को परखा था। आठ सदस्यीय नैक टीम की अध्यक्षता अमृतसर के गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति डा जसपाल सिंह संधू थे और कोऑर्डिनेटर डॉ स्मृति नंदा समेत देश के अलग-अलग राज्यों के सदस्य शामिल थे। निरीक्षण के बाद मंगलवार को नैक की बैठक के बाद रिजल्ट घोषित कर दिया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो सुधीर सिंह के अनुसार संस्थान को ए प्लस प्लस ग्रेड की उम्मीद थी। लेकिन ए ल्स की ग्रेडिंग मिली है। पहले से हम सुधार की तरफ हैं लेकिन दोबारा रिप्रजेंट किया जायेगा।

# अंडरपास के पास युद्धस्तर पर सड़क के मरम्मत का कार्य कराने के निर्देश

● लेसा के अधिकारियों को बेतरतीब लगे बिजली के पोलों को स्थानांतरित करने व ट्रांसफार्मर को ढकने का निर्देश भी दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अर्जुनगंज** में अंडरपास के पास विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मंडलायुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क मरम्मत के कार्यों का युद्ध स्पर पर कराने के निर्देश दिए गए। बिजली के पोलों को शिफ्ट कराने के साथ ट्रांसफारर्मर को कवर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। यही नहीं नगर आयुक्त को अवैध होर्डिंगें हटाने के लिए भी कहा गया है।

मंगलवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अर्जुनगंज के अहिमामऊ अंडरपास के पास एलडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं लेसा विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क मरम्मत के कराये जा रहे कार्यों को युद्ध स्तर पर कराया जाए। साथ ही सड़क पर रखे हुए डिवाइडर की तत्काल पेंटिंग कराली जाए। उन्होंने लेसा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो बचे अव्यवस्थित बिजली के पोल है और उनकी शिफ्टिंग नहीं हुई है। उन्हें तत्काल आज ही करा लिया जाए और बचे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर को कवर कराले। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली के बचे पोलो के डेंट-पेंट आज ही करा लिया जाए और यहां पर चल रहे संपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि यहां पर लगे झाड़ियों की कटाई-छटाई, यहां पर लगे हुए अवैध होल्डिंग तत्काल हटाया जाए।

## अब लोकबंधु अस्पताल में आसान होगी गंभीर बीमारियों की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गंभीर बीमारियों** से जुझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। लोकबंधु अस्पताल में सांस के मरीजों का इलाज अब और ज्यादा आसान हो जायेगा। अस्पताल में जल्द ही अहम ब्रांकोस्कोपी की सुविधा अस्पताल में जल्द ही उपलब्ध होगी। अभी तक अस्पताल में यह व्यवस्था नहीं थी, जिसके चलते मरीजों को इधर उधर भागना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ लिली सिंह ने निदेशक उपचार डॉ केएन तिवारी को उर्सला से उपकरण मांगने के निर्देश दिए हैं। इन उपकरणों को लोकबंधु अस्पताल में जल्द से जल्द स्थापित करने के लिए कहा गया है। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीचक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि फिजिशियन को पीजीआई में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। जल्द से जल्द मरीजों को जांच व इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### क्लोनोस्कोप जांच की भी मिलेगी सुविधा

अस्पताल में मरीजों को क्लोनोस्कोप जांच की सुविधा प्रदान की जायेगी। डॉक्टरों के मुताबिक इस जांच के माध्यम से मरीज के अल्सर,पेट के भीतर आंतों में रूकावट, घाव व गांठ जैसी बीमारी का आसानी से पता लगाया जा सकता है। अभी मरीजों को जांच में दिक्कतों का सामन करना पड़ता था। अब यहां जल्द ही मरीजों को राहत मिलनी शुरू हो जायेगी।

# मेडल पाने वाले टॉपर्स को देना होगा आरटीपीसीआर रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी 13 फरवरी** को प्रस्तावित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह भारत की राष्ट्रपति माननीया द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। दीक्षान्त समारोह के दौरान राष्ट्रपति के हाथों मेडल पाने वाले टॉपर्स को 72 घंटे पूर्व की आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट जमा करनी होगी। विवि में जिला प्रशासन की मदद से 11 और 12 फरवरी को आरटीपीसीआर टेस्ट के लिए शिविर लगाया जाएगा। विवि दीक्षांत समारोह की तैयारियों में लगा हुआ है। दीक्षांत समारोह विवि के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित होगा। इस वर्ष दीक्षांत ऑफलाइन मोड से होगा और साथ ही विवि के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। दीक्षांत समारोह तीन सत्रों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र प्रात: 10.30 से 11.30 बजे तक चलेगा। दूसरा सत्र प्रात: 11.45 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। दोपहर 3 बजे से समारोह का तीसरा सत्र आयोजित होगा।

राष्ट्रपति से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले मेघावियों के माता.पिता को भी दीक्षांत समारोह के पहले और दूसरे सत्र में सभागार में आने की अनुमति दी जाएगी। प्रवेश के लिए विवि द्वारा पास जारी किया जाएगा। यह पास प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अपना और अपने माता पिता का, भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा जारी वैध पहचान पत्र इस ईमेल आईडी. प्राक्टर की इमेल पर भेजना होगा। दीक्षान्त समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा केवल दस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। इसमें सत्र 2021 और सत्र 2022 के यूजी कार्यक्रमों के दो टॉपर्स एक ओपन-एक एससी, एसटी और पीजी प्रोग्राम के दो टॉपर्स एक ओपन -एक एससी, एसटी और 2021 और 2022 में समाप्त होने वाले प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के आर डी सोनकर पुरस्कार विजेता राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करेंगे। अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं और पीएचडी के लिए पदक और डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले मेघावियों को दूसरे सत्र में सम्मानित किया जाएगा।

### पहले व दूसरे सत्र में गोल्ड मेडलिस्ट और पीएचडी पुरस्कार विजेता को मिलेगी इंट्री

पहले और दूसरे सत्र में केवल गोल्ड मेडलिस्ट और पीएचडी पुरस्कार विजेताओं को दीक्षांत समारोह हॉल के अंदर जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। अन्य छात्रों को तीसरे सत्र में ही प्रवेश की अनुमति होगी। जिसमें स्कूल स्तर पर डिग्री प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। स्वर्ण पदक विजेता और पीएचडी पुरस्कार विजेता, जो किसी भी कारण से अपने ऑनलाइन सहमति फॉर्म जमा करने में असमर्थ हैं, वे अपना ऑफलाइन सहमति फॉर्म जमा सीओई कार्यालय में 10 फरवरी को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही समारोह से पहले स्वर्ण पदक विजेता और पीएचडी पुरस्कार विजेता, जो व्यक्तिगत रूप से डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें 11 और 12 फरवरी, 2023 को दीक्षांत समारोह में फुल ड्रेस रिहर्सल में भाग लेने की आवश्यक होगा। जो मेधावी रिहर्सल में शामिल होंगे उन्हें ही दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

## ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पार कर रही युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के जानकीपुरम इलाके में स्थित रेलवे लाइन क्रास करते समय एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना के समय युवती ईयरफोन लगाये हुए थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेश्न थाना मड़ियांव पर एक मैमो आया कि एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका का शव कब्जे में लेकर आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराई जिसकी शिनाख्त ग्राम कुर्सी हिण्डोरा जनपद सीतापुर निवासी 22 वर्षीय रुबी के रुप में हुई पुलिस ने बताया कि मृतका भिटौली रेलवे क्रासिंग पार कर रही थी और कान में ईयर फोन लगाये हुए थी इसी दौरान किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। मृतका इलाके में स्थित आरएस हास्पिटल में काम करती थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## क्विक न्यूज

### नौ दिनों से लापता व्यक्ति का शव नहर से बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी के** पीजीआई इलाके में स्थित नहर के किनारे से एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद बताया कि मृतक नौ दिनों से लापता था, जिसकी गुमशुदगी दर्ज थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। वहीं आस पास के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार सौलिक नगर साउथ सिटी थाना पीजीआई निवासी संजय चौरसिया जो वहीं पर ठेला लगाता है। पुलिस को सूचना देकर बताया कि नहर पुल तेलीबाग के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराई लेकिन हो नहीं पायी। पुलिस को मौके से एक आधार कार्ड मिला जिससे उसकी शिनाख्त विकासनगर निवासी 34 वर्षीय रमाशंकर के रुप में हुई जो करीब नौ दिनों से लापता था। मृतक अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर में काम करता था। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दस हजार का इनामी गैंगेस्टर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की क्राइम ब्रांच व गोमतीनगर पुलिस के संयुक्त आप्रेश्न से एक शातिर गैंगेस्टर की गिरफ्तारी हुई है। अभियुक्त पर विभिन्न थानों में कई अपराधिम मुकदमें दर्ज हैं। एडीसीपी क्राइम जया शांडिल्य ने बताया कि अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उसकी सर्विलांस टीम के प्रभारी शिवानंद मिश्रा दारोगा मारुफ व हेड कांस्टेबल अतुल पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर जालसाज इस समय विस्तार इलाके में मौजूद है। टीम ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और गोमतीनगर पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम नेटबिस पैलेस दुबग्गा निवासी अभिनेश श्रीवास्तव बताया। आरोपी कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर कई लोगों को चूना लगा कर प्लाट बेचे थे और काफी समय से फरार था जिस पर दस हजार का इनाम भी घोषित था।

### शातिर तस्कर गिरफ्तार, अवैध चरस बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की चिनहट पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर चिनहट आलोक राव ने बताया कि अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर तस्कर जो इलाके में मादक पदार्थ की सप्लाई करता है,कमता के पास मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ मे उसने अपना नाम बाराबंकी निवासी मुकेश कुमार यादव बताया जिसके कब्जे से सात सौ पचास ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि यह तस्कर चरस को इलाके में घूम घूमकर नये युवकों को बेचता था।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के जानकीपुरम इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व टीवी चोरी कर लिया। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिंक सिटी कालोनी थाना जानकीपुरम निवासी विवेक मणि उपाध्याय ने बताया कि वह सहपरिवार बहराइच गये थे। मंगलवार की प्रात: जब वह वापस लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और मकान में रखे सोने चांदी के जेवरात व घर में लगा स्मार्ट टीवी व सेटअप बॉक्स चोरी हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भ्रांतियों को दूर कर बचाएं कैंसर मरीजों का जीवन: संगीता सिंह

● 1.20 लाख कैंसर मरीजों को आयुष्मान के तहत मिला इलाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आयुष्मान** भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत अब तक प्रदेश के करीब 1.20 लाख कैंसर मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा चुका है। इनमें करीब 48 फीसद महिलाएं शामिल हैं। यह जानकारी मंगलवार को स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटिग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने दी। कैंसर जाँच, इलाज व देखभाल से जुड़े अस्पतालों के डाक्टरों के क्षमतावर्धन और मानक को मजबूत बनाने पर मंगलवार को केजीएमयू के शताब्दी फेज.2 सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला को टेक्निकल पार्टनर एक्सेस हेल्थ और रोश इण्डिया हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने सहयोग प्रदान किया। प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कालेजों के 85 डाक्टरों ने भाग लिया। साचीज सीईओ ने कहा कि आज भी कैंसर को लेकर कई तरह की भ्रांतियां मौजूद हैं, जिन्हें दूर करना बहुत जरूरी है। लक्षण नजर आने पर भी मरीज आसानी से कैंसर से ग्रसित होने की बात स्वीकार करने को तैयार नहीं होता और दूसरी बीमारी मानकर इधर.उधर इलाज कराता है। इसमें लम्बा वक्त निकल जाता है जबकि पहले व दूसरे चरण में ही कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका इलाज संभव बनाया जा सकता है अन्यथा दवाओं के बल पर केवल दर्द से राहत दी जा सकती है। कमजोर वर्ग को योजना के तहत बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए ही समय.समय पर विभिन्न तरह के कैंसर की जाँच और इलाज को पैकेज में शामिल किया गया है। उन्होंने कैंसर की स्क्रीनिंग बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि योजना के शुरू होने से पहले महिलाओं को स्तन कैंसर का समुचित इलाज नहीं मिल पाता था क्योंकि सर्जरी कराने की उनकी क्षमता नहीं होती थी। अब आयुष्मान योजना के तहत बिना किसी खर्च के सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। कार्यशाला में केजीएमयू के एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट डिजीज के प्रोफेसर एंड हेड डॉ आनंद मिश्रा ने स्तन कैंसर की शीघ्र जांच और सर्जरी की जरूरत के बारे में चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल की स्टेट डायरेक्टर मनीषा त्रिपाठी ने कहा कि कमजोर वर्ग को आयुष्मान योजना के तहत बेहतर इलाज मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कार्यशाला में मेदान्ता कैंसर इंस्टीट्यूट के डॉ हर्षवर्धन अत्रेय ने लंग कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** विशेष जज पवन कुमार राय ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम पति आनंद शुक्ला को पांच साल की सजा सुनाई है। इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 26 जून 2010 को इस मामले की एफआईआर मृतका शालिनी के पिता छेदी लाल ने थाना तालकटोरा में दर्ज कराई थी। 2010 में आनंद की शादी शालिनी से हुई थी। आनंद शराब पीने का आदी था। उसने घर में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी थी कि शालिनी का जीना दुश्वार हो गया था। वह बार बार शालिनी को मर जाने के लिए कहता था। इस प्रताड़ना से निराश और परेशान शालिनी आत्महत्या के रास्ते पर बढ़ गई और आत्महत्या कर भी लिया।

### फहद यजदान की गिरफ्तारी पर रोक

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** अलाया अपार्टमेंट गिरने के मामले में वांछित मुल्जिम फहद याजदानी को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की लखनऊ ने उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। जस्टिस एआर मसूदी व जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश फहद याजदान की याचिका पर दिया है। याचिका में फ्हद ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है। राज्य सरकार से जवाब भी तलब किया है। अलाया अपार्टमेंट के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई थी।

### होटल मालिक की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज


**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला जज संजय शंकर पांडेय ने होटल में देर रात डीजे बजाने से रोकने व पुलिस बुलाने पर मेजर की कार जलाने के मामले में वांछित मुल्जिम राहुल शर्मा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। राहुल शर्मा होटल का मालिक है। प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील मनोज त्रिपाठी के मुताबिक नौ जनवरी को इस मामले की एफआईआर मेजर अभिजीत सिंह ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

### वृहद लोक अदालत 11 फरवरी को

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 फ्रवरी को सिविल कोर्ट परिसर में वृहद लोक अदालत का आयोजन किया गया है। बैंक वसूली वाद, किराएदारी वाद, मोबाईल फोन व केबल नेटवर्क संबधी मामले, आयकर व अन्य वित्तीय संस्थाओं सें संबधित वाद, आपसी सुलह.समझौते से निपटाए जाने वाले वाद, दीवानी के मुकदमे, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले व जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से संबधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# विभागीय अधिकारियों को 24 घंटे कार्यक्रम स्थल पर रह कर कार्य करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ग्लोबल इन्वेस्टर्स** समिट के आयोजन स्थल पर जिला प्रशासन के स्थापित कैंप में जिलाधिकारी द्वारा समिट की तैयारियों पर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। डीएम द्वारा सीएमओ से ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट आयोजन स्थल पर एक मेडिकल कैंप की स्थापना कर टीम की नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही डीएम द्वारा अधिकारियों को 24 घंटे सक्रिय होने के निर्देश दिया गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगावार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल पर स्थापित जिला प्रशासन कैम्प कार्यालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों पर जिले के सभी अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, लेसा, स्वस्थ, विद्युत सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अयोजन स्थल पर एक मेडिकल कैम्प स्थापना करते हुए एक टीम की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। वह टीम कोविड की टेस्टिंग व उसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायेगी। उसके साथ ही एम्बुलेन्स की तैनाती कराने के भी निर्देश दिए हैं। डीएम ने विद्युत विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बन्धित टीम 24 घटें रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन की प्रगति आख्या शाम को उन्हें उपलब्ध कराये। विद्युत सुरक्षा व खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों व उनकी टीम शिफ्टवार 24 घंटे कार्यक्रम स्थल पर रहकर कार्य करने के लिए कहा गया। डीएम ने सभी अपर जिलाधिकारियों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट स्थल पर रहकर ही अपना कार्य करने के निर्देश दिए। तैयारियों से सम्बन्धित आदेश जारी कर दियें गये है उसे मूर्त रूप दिया जाना है। कार्यक्रम की व्यवस्था करनी है ठेकेदारों की समय से कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी है। यही नहीं साथ में इस व्यवस्था में लगे अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि उन्हें समय-समय पर कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्धारित समय में कार्यो को पूरा कराए।

## साइबर जालसाज ने खाते से उड़ाए लाखों रुपए

● विकासनगर और सरोजनीनगर में दर्ज हुए मुकदमें, साइबर सेल जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**साइबर जालसाजों** ने दो लोगों के खाते से 3 लाख पचास हजार रुपए साफ कर दिये। पीड़ितों ने सरोजनीनगर व कैंट थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस व साइबर क्राइम सेल की टीम जांच कर रही है। सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा स्थित शमा विहार कॉलोनी निवासी राम कृपाल के मुताबिक उनके पास एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड है। इस कार्ड से 4 फरवरी को रात 11-40 से 11-49 बजे के बीच में तीन बार ट्रांजेक्शन किया गया। पहला ट्रांजेक्शन 2 लाख पचास हजार का तो दूसरा 39681 और तीसरा 40698 का किया गया। दो ट्राजेक्शन नोएडा के एक पेटीएम नंबर पर किये गये थे। वहीं ढाई लाख का दूसरे खाते में। आरोप है कि उन्होंने किसी से ओटीपी तक साझा नहीं किया था। पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। उधर विकासनगर में रहने वाले अजितेश रघुवंशी ने कैंट थाने में केस दर्ज कराया। जिसमें आरोप लगाया कि जालसाजों ने उनके खाते से 20235 रुपये गायब कर दिये। उन्होंने अपनी बाइक रैपिडो में पंजीकरण कराया है। जनवरी में उनको एक बुकिंग आई। बुकिंग करने वाले ने आर्मी कैंप के पास बुलाया। इसके बाद उसने मोबाइल पर एक क्यूआर कोड भेजा। जिसे स्कैन कर एक रुपये भेजने को कहा। जाल में फंसे अजितेश ने आरोपी के अनुसार कई बार ट्रांजेक्शन किया। हर बार फेल हो गया। लालच दिया कि जो रकम भेजोगे उसका दोगुना मिलेगा। इसके बाद जालसाज ने यूपीआईआईडी नंबर भेजा। जिस पर 20235 रुपये जमा करवा लिये। काफी देर तक इंतजार करने के बाद रकम वापस नहीं मिली तो पीड़ित ने विरोध किया। इस पर जालसाज ने जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया।

## कमिश्नर 2 इंस्पेक्शन टीम

# बस से यात्रा कर मंडलायुक्त ने एयरपोर्ट से इमामबाड़े तक किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एयरपोर्ट** से इमामबाड़ा तक मंडलायुक्त द्वारा बस से यात्रा कर चौराहों की साज सज्जा, सड़क के फुटपाथ पर लोगो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौर ान कलरफुल फ्लावर के साथ साज सज्जा के कार्य निर्धारित समय पर कराने का निर्देश दिया गया। एयरपोर्ट कैंम्पस में मिट्टी के टीले पर अच्छे से फूलों, साज सज्जा और हरे भरे गमले लगाने के निर्देश दिए गए। मंगलवार को मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज बस द्वारा जी20 के तहत अमौसी एयरपोर्ट से शहीद पथ होते हुए बन्धा रोड़, लोहिया मार्ग, इमामबाड़ा तक के सभी चौराहों की साज.सज्जा का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने.अपने कार्य को ससमय पूर्ण करा लिया जाये। कलरफु ल फ्लावर के साथ साज-सज्जा के कार्य और अच्छे ढ़ग से कराया जाये। उन्होनें कहा कि जी 20 की ब्राडिंग भव्यतापूर्ण ढ़ग से करें। जिन-जिन स्थानों पर अनावश्यक रुप से फ्लैग लगा दिये गये है। उन्हें तत्काल हटा लिया जाये। इसके बाद दो फ्लैग प्वाइंट चिन्हित किये गये। वहॉ पर अच्छे से फ्लैग लगाये जाने के लिए एलडीए के अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने एयरपोर्ट के कैम्पस में मिट्टी के टीले पर अच्छे से फूलो द्वारा साज.सज्जा और हरे भरे गमलें लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें वीआईपी गेस्ट हाउस, साकेत चैराहे पर फाउन्टेन की साफ सफाई, अनावश्यक लगे हुये रेलिंग को हटाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारी को दिये। उन्होनें कहा कि स्क्रब करके रोटरी की साफ सफ ाई अच्छे से करें। राजभवन की सड़को पर वाल लाइट की संख्या में बढोत्तरी करने को कहा। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हैरीटेज एरिया की खूबसूरती प्राकृतिक सुन्दरता को ध्यान रखते हुए कार्य किया जाये। अनावश्यक कलर से इधर-उधर डेन्टिंग पेटिंग न किया जाये। सोवर कलर से ही पेटिंग का कार्य पूर्ण कराया जाये। हार्टिकल्चर, लाइटिंग, वाल पेटिंग आदि के जो कार्य शेष बचे है वो सभी कार्य कल तक पूर्ण करा लिये जाये। उनहोंने कहा कि लखनऊ कल्चर के तहत शहर की साज-सज्जा का कार्य ससमय पूरा कराया जाये। इस अवसर पर एलडीए उपाध्यक्ष इन्दमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, एलडीए सचिव पवन गंगवार सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की बैठक का समापन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर से लोक प्रशासन में पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा:मुर्मू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारत** के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक गिरिश चंद्र मुर्मू ने लखनऊ में 6 एससीओ एसएआई नेताओं की बैठक के समापन पर मंगलवार को कहा कि मुझे विश्वास है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सदस्य एसएआई द्वारा किए गए कार्य शासन को बल देंगे और इससे लोक प्रशासन में दक्षता, जवाबदेही, प्रभावशीलता, पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। लेखापरीक्षा प्रथाओं में अभिनव और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन पर उनके द्वारा प्रदान की गई अंतर्दृष्टि मूल्यवान थी। इन दस्तावेज़ों से लेखापरीक्षा दक्षता, प्रभावशीलता संवर्धन और लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में इन प्रौद्योगिकियों की अपार क्षमताओं का पता चला है।

मुर्मू ने कहा कि हमारी चर्चाओं से उन विभिन्न दृष्टिकोण को एक साथ लाया गया है कि किस प्रकार एससीओ एसएआई अपनी लेखापरीक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नई तकनीक का उपयोग करते हैं और अधिक प्रभावशाली लेखापरीक्षा उत्पाद प्रदान करते हैं। यह बैठक हमारे लिए एक-दूसरे से सीखने और हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार के लिए नई संभावनाओं का पता लगाने का एक बहुमूल्य अवसर रही है। उन्होंने कहा कि जैसा कि इस बैठक में साई इंडिया द्वारा साझा किया गया है हमारी साइबर सुरक्षा लेखापरीक्षा टीम विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों जिनमें तृतीय पक्ष प्रबंधन, विधिक अनुपालन पर केंद्रित है। वह सुनिश्चित करते हैं कि तीसरे पक्ष के कार्यकलापों की प्रभावी निगरानी हो और समेकित समझौते इन कार्यकलापों को नियंत्रित करते हैं। लेखापरीक्षा में उपयोगकर्ता पहुंच नियंत्रण भी शामिल हैं। बहु कारक प्रमाणीकरण और एक आश्वासन प्रदान करता है कि संगठन साइबर सुरक्षा के लिए निर्धारित समग्र विधिक ढांचे के अनुरूप है।

# जनसमस्याओं को तत्काल प्रभाव से किया जाए निस्तारण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने शिविर कार्यालय पर जनसनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं को तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाए। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में करीब 3 दर्जन से ज़िलों से बड़ी संख्या में फरियादी आए हुए थे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आते लोगों को बताया कि वेबसाइट के माध्यम से भी लोग अपने समस्याओं को मुझतक पहुंचा सकते हैं।

# भाजपा सरकार ने किया घरेलू अर्थव्यवस्था को चौपटः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दूध के दाम बढ़ाकर और बस-ऑटो का किराया बढ़ाकर घरेलू अर्थव्यवस्था को चौपट करने का जनविरोधी काम किया है। पहले अमूल ने अपने दूध उत्पादों के दाम बढ़ाए फिर पराग ने भी दाम बढ़ा दिए। इससे बच्चों के दूध में कटौती होगी। भाजपा सरकार में सफर भी मंहगा हो गया है। सामान्य बस सेवाओं का किराया 25 पैसे प्रति यात्री प्रति किलोमीटर बढ़ाने से अब परिवहन सेवाओं की दर में 1 रूपए 30 पैसे प्रतियात्री प्रतिकिलोमीटर की बढ़ोत्तरी हो गई है। यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट के साथ भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जनता पर मंहगाई की मार पड़ना शुरू हो गई हैं। लोग त्राहि-त्राहि करने लगे हैं। लोग कैसे अपनी गृहस्थी चलाएं और कैसे जीवनयापन करें यह सवाल अब सभी को परेशान कर रहा है। जनता को अब पूरा विश्वास हो चला है कि भाजपा सरकार पूंजीघरानों की संरक्षक सरकार है, पूंजीपति मित्रों को लम्बे.लम्बे कर्ज देने वाली सरकार है, उससे देश की अर्थव्यवस्था भले ही बने या बिगड़े। अखिलेश ने कहा कि रोडवेज बसों के साथ ही लखनऊ शहर में ऑटों का किराया भी बढ़ गया है। अब यात्रियों को प्रति किलोमीटर के लिए लगभग 10.58 रूपए किराया देना होगा। रोडवेज का किराया वर्ष 2012 से 2014 तक प्रतिवर्ष और फिर वर्ष 2016-2017 तथा 2020 और 2023 में बढ़ाया गया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार का जो हाल में केन्द्रीय बजट पेश हुआए उसमें मंहगाई रोकने का कोई उपाय नज़र नहीं आ रहा है। पेट्रोल.डीजल और रसोई गैस के दामों में कहीं कमी नहीं हुई। खाद्यान्न के दामों में बढ़ोत्तरी से आम जनता क्या खाए क्या बचाए। जन.साधारण की दैनंदिन चिंताओं और परेशानियों पर भाजपा सरकार ने आंख मूंद रखी है।

# वकीलों का हंगामा एसडीएम को रोंकनी पड़ी सुनवाई

संवाददाता। मोहनलालगंज

**वकीलों** के हंगामे की वजह से मंगलवार को एसडीएम को कोर्ट की कार्रवाई रोंकनी पड़ी। कोर्ट में शुरु हुई अधिवक्ताओं की तीखी नोक.झोंक बार भवन तक पहुंच गई। हालांकि बाद में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप कर मामला शान्त कराया। मोहनलालगंज तहसील में मंगलवार को न्यायिक कार्य करने अथवा विरत रहने को लेकर एसडीएम कोर्ट में वकीलों में नोंक.झोंक होने लगी। तीखी नोक.झोंक को लेकर एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने मुकदमों की सुनवाई ठप कर दी। जिसके बाद नोंक.झोंक कर रहे अधिवक्ता बार भवन तक पहुंच गए। जहां काफी देर तक जमकर बहस चलती रही। आखिरकार कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप कर नोंक.झोंक कर रहे वकीलों को समझाबुझाकर कर शान्त कराया।

# आप के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अमित ने फिर थामा कांग्रेस का हाथ

● समर्थकों सहित अपने पुराने दल में की वापसी, कांग्रेस पार्टी छोड़ने के निर्णय को बताया गलत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी के निवर्तमान लखनऊ, महानगर अध्यक्ष और उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अमित श्रीवास्तव त्यागी अपने समर्थकों सहित एक बार फिर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने अमित श्रीवास्तव त्यागी का फूल माला से भव्य स्वागत करते हुए उनके गले में तिरंगी पट्टी पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि आज मैं अपने पुराने घर में वापस आने के बाद बहुत हर्ष का अनुभव कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छोड़ने का निर्णय गलत था। मैं पूर्व में लगभग 22 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी में रहा हूं जो सम्मान मुझे कांग्रेस में मिला है शायद वह और किसी अन्य दल में नहीं है। अमित श्रीवास्तव त्यागी के साथ फखरूल इस्लाम, किशवर जहां, अमित सिन्हा एडवोकेट, अभय सिंह अप्पी, मो. दिलशाद, शील कुमार, पवन श्रीवास्तव, सुनील कुमार गौतम, सुरेश लोधी, रईस इस्लाम, रूही रिजवान, रफीक मलिक, मो. शानू, विनोद सिंह, निजामुद्दीन, जेबा मलिक, शन्नाक, सूरज कुमार पाल, शहनूर, विजय सागर सहित आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी गिम में आज उत्तर प्रदेश के जनपद बस्ती से सतीश कुमार सिंह के साथ आकाश पाण्डेय, अजीत कुमार, जयश्री मौर्या ने भी कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि आज देश में नफ रत एवं विघटन की राजनीति हो रही है।

जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाकर उन्हें जाति-धर्म के नाम पर आपस में लड़ाने का प्रयास किया जा रहा। पीड़ित जनता की समस्याओं को जानने एवं समझने के उद्देश्य से ही हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई है। हम सभी को उनके संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है।

# जेईई मेन का परिणाम जारी जसकरन पहले स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थाओं में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा जेईई मेन का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। जनवरी सत्र की प्रवेश परीक्षा में शहर के मेधावियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। परिणाम के अनुसार जसकरन सिंह 99.95 प्रतिशत ने सिटी रैंक में पहला स्थान हासिल कर गौरविन्वत किया है। साथ ही आर्यशी त्रिपाठी 99.0प्रतिशत सिटी गर्ल्स टॉपर रही हैं। जेईई मेन में शहर के 32 से अधिक छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। जेईई मेन में जसकरन के बाद ईशान कुमार 99.88 प्रतिशत ने शहर में दूसरा स्थान, ईशान श्रीवास्तव ने 99.61 प्रतिशत तीसरा स्थान हासिल कर अपने माता.पिता का नाम रोशन किया है। इसके अलावा कौस्तुभ श्रीवास्तव, विदेह झा, यश उपाध्याय, शाश्वत त्रिपाठी, निशांत तिवारी, वैभव एव क्षितिज शुक्ला ने शहर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रमशः चौथा, पांचवां, छठा, सातवां, नवां और दसवा स्थान हासिल किया है। बता दें कि जेईई मेन की आगामी परीक्षा 6 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच होगी। जेईई एडवांस की परीक्षा 4 जून को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोहाटी द्वारा आयोजित की जाएगी।

# सपा मुखिया अखिलेश ने शिवपाल से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को अपने चाचा एवं पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव से उनके लखनऊ स्थित निजी आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलकात करीब एक घंटे तक चली। मंगलवार की शाम करीब छह बजे सपा मुखिया अखिलेश यादव अचानक शिवपाल सिंह यादव के आवास पहुंच गए। शिवपाल यादव को समाजवादी पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव जैसी अहम जिम्मेदारी देने के बाद पहली बार चाचा-भतीजे की मुलाकात हो रही है। अखिलेश यादव का इस तरह से शिवपाल के घर पहुंचना काफी अहम माना जा रहा है।

शिवपाल और अखिलेश दोनों ने इन दिनों यूपी के अलग-अलग जिलों के दौरों पर हैं। अखिलेश जल्द ही पूर्वांचल के गाजीपुर से अगले चुनाव का शंखनाद भी करने वाले हैं। माना जा रहा है कि इन दौरों और आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने के लिए ही दोनों की मुलाकात हुई है। समाजवादी पार्टी लगातार चुनावों में बीजेपी से मात खा रही है। यहां तक कि आजमगढ़ और रामपुर जैसे सपा के गढ़ भी हाथ से निकल गए हैं। इस बीच चाचा शिवपाल यादव के साथ आने से मैनपुरी का उपचुनाव सपा ने भारी मतों से जीता है। इस जीत के बाद से शिवपाल-अखिलेश के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघली और उसका फायदा दिखाई देने लगा है। शिवपाल की पुरानी शिकायतों को भी दूरी करने का लगातार प्रयास हो रहा है। उनके लोगों को भी सपा में जिम्मेदारियां देने की योजना बन रही है। गाजीपुर के नेता ओमप्रकाश सिंह को कभी अखिलेश ने मंत्री पद से बर्खास्त किया था। अब उन्हें सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संशोधित सूची में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बदलाव के पीछे भी शिवपाल की भूमिका ही मानी जा रही है। पिछड़ों और दलितों को लेकर लगातार हमलावर सपा भले ही स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरितमानस को लेकर दिए बयान पर सीधे-सीधे कुछ नहीं बोल रही है लेकिन माना जा रहा है कि उसे यह विवाद रास आ रहा है।

# दिल्ली पुलिस की भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने वाला साल्वर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्ष** 2020 में दिल्ली पुलिस की आरक्षी भर्ती परीक्षा में स्वयं के स्थान पर सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलवाने तथा परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोह के एक सदस्य और 25 हजार के ईनामी नितिन कुमार को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के सेक्टर-58 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।



नितिन कुमार ने पूछताछ पर बताया कि उसके ही गांव का दिनेश चौधरी प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर परीक्षाओं में धांधली करने वाले गैंग से जुड़ा हुआ है। इस गैंग का गैंग लीडर दिनेश कुमार प्रजापति निवासी असावटी, थाना गदपुरी, पलवल, हरियाणा है। वर्ष 2020 में अभियुक्त नितिन कुमार उपरोक्त ने दिल्ली पुलिस के आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए अपना फार्म भरा था और साथ ही वह इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी ढूंढ़ने का भी काम कर रहा था। इस परीक्षा में वास्तविक अभ्यर्थी शिवकुमार हरियाणा के स्थान पर अर्पित निवासी नजफगढ़, दिल्ली एवं प्रवीन कुमार निवासी हरियाणा के स्थान पर दिनेश चौधरी निवासी हरियाणा तथा वास्तविक अभ्यर्थी नितिन कुमार निवासी हरियाणा (गिरफ्तार अभियुक्त) के स्थान पर अमन निवासी हरियाणा परीक्षा देने जा रहे थे, जो तीनों मौके से पकड़े गए थे। इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर-58 गौतमबुद्धनगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मुकदमे में नितिन वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। नितिन ने यह भी बताया कि इस गैंग के सदस्य वास्तविक परीक्षार्थियों के स्थान पर बैठने वाले सॉल्वर की फोटो को मल्टी फेस बल्डंर एप द्वारा फोटो मिक्स करके जाली फोटो बना लेते हैं और इन्हीं फोटो का प्रयोग यह लोग फार्म भरने में करते हैं। सॉल्वर के लिए कूटरचित पहचान पत्र आदि भी बना लेते हैं।

# अयोध्या क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक निलम्बित

**लखनऊ।** प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने मंगलवार को महेश कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उवप्रव परिवहन निगम अयोध्या डिपो अयोध्या क्षेत्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। महेश कुमार के विरूद्ध अयोध्या डिपो की वाहन संख्या यूपी 42 एटी 5447 में संचालित किमी. भरे गये डीजल के सम्बन्ध में 3618 लीटर डीजल अधिक निर्गत कराकर 326405 रुपए की वित्तीय क्षति पहुँचाने, अधीनस्थ कार्मिकों पर नियंत्रण शिथिल रखने मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेशो निर्देशों का अनुपालन न करने एवं अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता बरतने आदि गम्भीर आरोपों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है। निलम्बन की अवधि में महेश कुमार को वित्तीय प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की धनराशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि का महंगाई भत्ताए यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय हैए भी अनुमन्य होगा, किन्तु ऐसे अधिकारी को जीवन निर्वाह के साथ कोई महगाई भत्ता देय नहीं होगा, जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त चेतन के साथ महगाई भत्ता अथवा महंगाई भत्ते का उपातिक समायोजन प्राप्त नही था। निलम्बन की अवधि को प्राप्त चेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन अवधि में इस शर्त पर देय होगे कि जब इसका समाधान हो जाये कि उनके द्वारा इस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं।

# धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव समारोह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्कर्ष** श्रीवास्तव पब्लिक स्कूल सतरिख रोड चिनहट का 8वां वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि मुकेश बहादुर सिंह चेयरमैन इंडो अमेरिकन चैम्बर आफ कामर्स, श्वेता सिंह भाजपा नेता मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन और स्कूल के बच्चों द्वारा सुन्दर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। बच्चों ने मनमोहक साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य आकर्षण रानी लक्ष्मी बाई पर आधारित नृत्य, मुन्शी प्रेम चद की कहानी ईदगाह पर आधारित प्रस्तुति, शेक्सपियर के नाटक मर्चेंट ओफ़ वेनिस पर आधारित प्रस्तुति रही, जिसकी अतिथियों व अभिभावकों ने विशेष सराहना की। निदेशिका वाग्मिता श्रीवास्तव ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्कूल द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योत्स्ना श्रीवास्तव को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित इस विद्यालय में शिक्षा प्रदान करने में मानवीय मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है जिस से समाज के हर वर्ग के लोग अच्छी शिक्षा पा रहे हैं।

## साहित्य सागर सम्मान' से सम्मानित होंगे साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा 'हरि'

**लखनऊ।** स्वामी दयानन्द सरस्वती के 200वें जन्मदिवस पर आयोजित एक भव्य समारोह में प्रख्यात साहित्यकार, पत्रकार व लेखक पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' को 'साहित्य सागर सम्मान' से नवाजा जायेगा। यह समारोह सीएमएस.गामती नगर (विशाल खंड-2) ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी शर्मा के निजी सचिव राजेन्द्र चौरसिया ने दी है। चौरसिया ने बताया कि पद्मश्री विद्या विंदू सिंह समारोह की मुख्य अतिथि होंगी जबकि समारोह की अध्यक्षता वैदिक विद्वान डा. रूपचन्द्र दीपक करेंगे। इस अवसर पर जी. वी. पटनायक, आई.ए.एस., अरविन्द चतुर्वेदी, आई.पी.एस., डा. जगदीश गाँधी, प्रख्यात शिक्षाविद्, टी. पी. हवेलिया, समाजसेवी, रमा आर्य 'रमा', प्रख्यात कवियत्री एवं विष्णु सहाय विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ायेंगे। चौरसिया ने बताया कि साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' को विभिन्न उपाधियों व सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है जिनमें पत्रकार गौरव सम्मान, सागरिका सम्मान, साहित्य मनीषी सम्मान, प्रकृति रत्न सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, साहित्य श्री सम्मान, 'शब्दश्री' सम्मान, सारस्वत सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, सृजन सम्मान एवं उ.प्र. हिन्दी संस्थान द्वारा गुलाब राय सर्जना पुरस्कार आदि प्रमुख हैं। पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' अभी तक 19 पुस्तकें लिख चुके हैं, जिन्हें देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी सराहा गया है।

## भारी वाहनों के आवागमन ने लगाया जाम, जूझते रहे लोग

**मोहनलालगंज।** कस्बे से बड़े वाहनों को गुजारने की जद्दोजहद में मंगलवार को सारा दिन लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ी। मोहनलालगंज कस्बे में आवागमन के सभी मार्गों पर देरशाम तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। जिसकी वजह से जाम छुड़वाने में पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों के पसीने छूट गए। मोहनलालगंज में अतरौली रेलवे क्रासिंग पर मंगलवार को रेलवे ट्रैक मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। जिसकी वजह से अतरौली बाईपास रोड का आवागमन सुबह से देरशाम तक ठप रहा। ऐसे में भारी वाहनों को मोहनलालगंज कस्बे से होकर गुजारना पड़ा। लिहाजा मंगलवार को सुबह से देरशाम तक कस्बे से आवागमन के सभी मार्गों पर भीषण जाम की समस्या बनी रही। वाहनों की कतारें लगी होने से आवागमन कर रहे लोगों को सारा दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ा। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे की अगुवाई में पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों को देरशाम तक जाम छुड़वाने में पसीने छूट गए। इंस्पेक्टर ने बताया अतरौली रेलवे क्रासिंग पर रेलवे की टीम मरम्मत का कार्य करती रहीं। जिसकी वजह से बाईपास रोड से भारी वाहनों का आवागमन ठप रहा। ऐसे में भारी वाहनों के आवागमन की वजह से मोहनलालगंज कस्बे में जाम की समस्या रही। हालांकि पुलिस और ट्रैफिक पुलिसकर्मियो की टीम लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए मुस्तैद रहीं।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**मोहनलालगंज।** कुढ़ा गांव में मंगलवार को युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के कुढ़ा गांव निवासी राहुल का शव मंगलवार को बन्द कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता हुआ बरामद किया गया। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर राहुल का शव लटकता देखकर पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# आनुवांशिक विकार से बचने के लिए अपने ही रक्त संबंधों में शादी करने से बचें

● केजीएमयू में आयोजित हुई सीएमई में जुटे देश भर के विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपने** रक्त संबंध में व्यक्ति को शादी करने से बचना चाहिए। इस तरह की शादी होने से कई तरह के अनुवांशिक विकार हो सकते हैं। यह जानकारी मंगलवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने दी है।

विशेषज्ञों का कहना था कि ऐसी शादियों के मामलों में होने वाले बच्चे की जांच भ्रूण जांच से ही की जानी चाहिए। परिवार में किसी को आनुवांशिक विकार होने पर जांच की जरूरत और भी बढ़ जाती है। वर्तमान समय में मौजूद जांचों से कुछ घंटों में ही इन विकारों का पता चल जाता है। जिससे अगर जरूरत पड़े तो समय रहते गर्भपात कराया जा सकता है। पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ इनुषा पानीग्रही ने कहा कि अग्रवाल, बंसल, गुप्ता जैसी कई जातियों में इस तरह के आनुवांशिक विकार ज्यादा देखे जाते हैं। इन विकारों की वजह से दिल, दिमाग और लिवर संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। आधुनिक जांचों के माध्यम से इन विकारों पता गर्भ में ही लगाया जा सकता है। एम्स दिल्ली के प्रो आशुतोष हरदर ने बताया कि पहले जिन जांचों में कई दिन का समय लगता है अब वे महज कुछ घंटों में ही की जा सकती हैं। गर्भधारण के 16 से 18 सप्ताह के बीच इस तरह की जांचों के माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु की स्थिति का आंकलन किया जा सकता है। इस मौके पर डा श्रुति अग्रवाल ने बताया कि अल्ट्रासाउंड में किसी प्रकार की समस्या पाए जाने पर ये जांच की जाती हैं। अगर किसी परिवार में कोई बच्चा आनुवांशिकता से ग्रसित है तो अगले बच्चे के मामले में ये जांच बहुत जरूरी हैं।

# लकड़कट्टों ने वीरान कर दी हरी-भरी बाग, वायरल वीडियो से खुली कलई

## अफसरों की फटकार पर पहुंची टीम, वनकर्मियों ने जुर्माना लगाकर की इतिश्री

संवाददाता। मोहनलालगंज



**गनियार** गांव में लकड़कट्टों ने रातोंरात दर्जनभर से अधिक पेड़ काटकर हरी.भरी बाग वीरान कर डाली। सारी रात चली लकड़कट्टों की आरी ने आम नीम और जामुन के प्रतिबन्धित पेड़ों तक को नहीं बख्शा। प्रतिबन्धित पेड़ों पर बेरोक-टोक आरी चलती रही लेकिन वन विभाग और पुलिस के अधिकारियों को भनक तक नही लग सकी। मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन कर्मियों ने जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है।

मोहनलालगंज के गनियार गांव में लकड़कट्टों ने आम की बाग में हरियाली तबाह कर डाली। सोमवार की सारी रात लकड़कट्टे आम नीम और जामुन के प्रतिबन्धित पेड़ों पर आरी चलाते रहे लेकिन वन विभाग और पुलिस के अधिकारियों को भनक तक नही लग सकी। गांव के समीप ही धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटान होती रही लेकिन पुलिस का मुखबिर तंत्र निष्क्रिय बना रहा। हरे पेड़ों की कटान कर लकड़कट्टे रात भर में अधिकांश लकड़ी उठा ले गए। लेकिन रातभर प्रभावी गश्त का दावा करने वाली पुलिस टीमों को इसकी भनक तक नही लग सकी। मंगलवार की सुबह वीरान हो चुकी बाग देखकर खेतों की ओर निकले ग्रामीण हैरत में पड़ गए।

**वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों ने फटकारा:** मोहनलालगंज के गनियार गांव में आम की बाग में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों की कटान का मंगलवार को वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। वन विभाग के अफ़सरों ने मातहतों को फटकार लगाई। जिसके बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और लकड़ी ठेकेदार व खेत मालिक पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। हालांकि इस कार्रवाई में भी पेड़ों की संख्या दर्जनभर से कम दिखाई गई है। उधर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे लेकिन वीरान हो चुकी बाग का मंजर देखकर बिना कार्रवाई ही वापस लौट आए।

### यह कहते हैं वन अधिकारी

**डिप्टी** रेन्जर अनुभव सिंह ने बताया गनियार गांव की बाग में आम नीम और जामुन के कुल 11 पेड़ बिना अनुमति काटे गए हैं। लकड़ी ठेकेदार और बाग मालिक के विरुद्ध स्टूकेस काटा गया है। जुर्माना नहीं जमा किए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन वर्षीय लक्ष्मी के लिए वरदान साबित हुआ आरबीएसके

- जन्मजात हृदय रोग का हुआ निःशुल्क इलाज
- विशेषज्ञ चिकित्सकों के नेतृत्व में दो घंटे तक चली सर्जरी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**जनपद** में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) जन्मजात बीमारियों से निजात दिलाने में वरदान साबित हो रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि सोमवार को हरहुआ निवासी लख्खी की तीन वर्षीय पुत्री लक्ष्मी काजन्मजात हृदय रोग (कंजेनाइटिल हार्ट डिजीज) का निःशुल्क इलाज चिन्हित अलीगढ़ मेडीकल कॉलेज में सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

विशेषज्ञ/चिकित्सकों की टीम ने लक्ष्मी की सर्जरी के लिए करीब दो घंटे का समय लिया। लक्ष्मी के पिता लख्खी बहुत दिनों से अपनी बेटी की बीमारी और उसके इलाज को लेकर परेशान थे। आर्थिक तंगी से वह इसका खर्च नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन अब जब उसका इलाज हो चुका है तो बहुत खुश हैं। उन्होंने सीएमओ, एसीएमओ सहित अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकों सहित आरबीएसके हरहुआ टीम को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

सीएमओ ने बताया कि आरबीएसके के अंतर्गत 40 बीमारियों व जन्मजात विकृतियों के लिए निःशुल्क इलाज के लिए दी जा रही सेवाओं में से सीएचडी के लिए यह इस साल की पहली उपलब्धि है जिसका सफल इलाज हो चुका है। इसी तरह के पाँच बच्चों का इलाज प्रक्रिया में हैं जो जल्द ही पूरी जाएगी। आरबीएसके के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ एके मौर्य ने बताया कि करीब चार माह पूर्व आरबीएसके हरहुआ की टीम ने लमही के मढ़वा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की स्क्रीनिंग के दौरान लक्ष्मी को हृदय रोग (सीएचडी) के लिए चिन्हित किया गया था। इसके बाद शासन की ओर से सीएचडी के ऑपरेशन के लिए चिन्हित अलीगढ़ मेडीकल कॉलेज से निःशुल्क इलाज के लिए अनुमति ली। सोमवार को लक्ष्मी के निःशुल्क ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी हुई।

इसके अलावा पाँच बच्चों के इलाज की प्रक्रिया जारी है जो शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। डॉ मौर्य ने बताया कि आरबीएसके के अंतर्गत विभिन्न जन्मजात दोषों का चिन्हीकरण करके जन्म से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को केउपचार के लिए सरकार द्वारा गंभीरता से प्रयास किया जा रहा है। जन्मजात दोषों में जन्मजात हृदय रोग हृदय का एक गंभीर जन्मजात दोष है। सामान्यतः इसके उपचार में चार से पाँच लाख रुपये का खर्च लगता है, जो कि आरबीएसके योजना केअंतर्गत निःशुल्क किया जाता है।

## वाराणसी के बुनकरों की बदल रही ज़िंदगी : रेशामंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्राकृतिक** रेशों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत के पहले और सबसे बड़े डिजिटल इकोसिस्टम रेशामंडी की बदौलत कई छोटे बुनकरों के जीवन में बदलाव आया है। अपने अत्याधुनिक नवाचारों के माध्यम से, बेहतर गुणवत्ता वाले रेशम के धागों को उपलब्ध कराके, इसने बुनकरों के काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। शहर के दो बुनकरों ने रेशामंडी प्लेटफॉर्म का अनुभव किया है। अमरनाथ मौर्य और संतोष कुमार पटेल नाम के ये बुनकर क्रमशः 40 वर्ष और 25 वर्ष से इस पेशे में हैं। संतोष वर्तमान में अपने व्यवसाय के माध्यम से 78-9 लाख का वार्षिक कारोबार कर रहे हैं। रेशामंडी के संस्थापक, मयंक तिवारी के अनुसार, सर्वश्रेष्ठ कच्चे माल और गुणवत्ता आश्वासन परीक्षण किट सहित सुविधाजनक, समय बचाऊ, तकनीकी रूप से सक्षम समाधानों के माध्यम से अपने बुनकरों को बाजार तक पहुंच प्रदान करके, हम उनकी समस्याओं को हल कर रहे हैं और उन्हें उनका राजस्व बढ़ाने के लिए सशक्त बना रहे हैं।

# युवा विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल जी को जिला के बैठक में दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** मीरजापुर

**अपना** दल (एस) के युवा एवं लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल की लंबी बीमारी की वजह से गुरुवार को निधन हो गया था। युवा विधायक के निधन से पूरा अपना दल (एस) का परिवार मर्माहत है। पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद ने लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल जी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। सरदार पटेल चौराहा (भरुहना) स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में अपना दल एस की आज आहूत मासिक बैठक को स्थगित कर दिया गया। कार्यालय पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर अपने स्वर्गीय युवा नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन युवा मंच के अध्यक्ष उदय पटेल ने की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच वंश नारायण पटेल, ज्ञानचंद कनौजिया, रामवृक्ष बिंद, लाल बहादुर सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह पटेल, रामसमुझ सिंह पटेल, अनिल सिंह पगड़ी, हीरामणि बिंद, सत्य प्रकाश सिंह, गोपालदास शर्मा, राधेश्याम पटेल, सुरेश पटेल, सालिक पटेल, धनंजय सिंह, गिरीश चंद पटेल, विजय शंकर केसरी, राधिका बेलदार, अर्चना स्वर्णकार, नमिता केसरवानी, नसीम कुरैशी, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, भगवान दास प्रजापति, अरुणेश पटेल, इंद्रजीत सिंह पटेल, सुनील सिंह पटेल, कमलेश सिंह, रामसहाय सिंह, आनंद कुमार तिवारी, मुकेश कुमार पटेल, रतन जयसवाल, आलोक पटेल, अखिलेश बिंद, राजेश्वरी पटेल, इंजीनियर प्रवीण कुमार सिंह, राजेश कुमार मौर्य, महेश अग्रहरी, कपिल कुमार, विद्यासागर पटेल, डॉक्टर शिवपूजन सिंह, मनोज कुमार बिंद, डॉ श्याम कुशवाहा, उमा यादव, इंजीनियर वैभव पांडे, राहुल ओझा, अवधेश पाल, प्रवेश पांडे, नरेश यादव आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रनेताओं का महाआन्दोलन

**वाराणसी।** हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रनेता शिवम पटेल के नेतृत्व में पिछले नौ दिनों से महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अनिश्चित धरना-प्रदर्शन कर रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को छात्रों ने भिक्षाटन तथा अर्धनग्न होकर कर विरोध प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के छात्रनेताओं ने एकस्वर में प्राचार्य से मांग किया कि जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करें अन्यथा यह छात्र महाआन्दोलन अन्य प्रदर्शन कर सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ छात्रनेता अंकित पाण्डेय, महामंत्री सर्वेश तिवारी, आनंद मौर्य, राहुल सिंह, रवि गुप्ता, उत्कर्ष तिवारी, मोनू गुप्ता, अमन विश्वकर्मा, विवेक कुमार, गौरव गुप्ता सहित दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

### अनूठी प्रतियोगिता टेस्ट्स लगाओ इनाम पाओ

**वाराणसी।** मस्ती, उत्सुकता और सक्रियता के साथ छात्रों के लर्निंग के स्तर में सुधार होता है। इसी दृष्टिकोण के साथ जाने माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सबसे भरोसेमंद एजुकेशनल ऐप परीक्षा के साथ साझेदारी में एक्सक्लूसिव रूप से वी ऐप पर विशेष प्रतियोगिता 'टेस्ट्स लगाओ इनाम पाओ' का लॉन्च किया है। वी की ओर से पेश किया गया कॉन्टेस्ट 'टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ' एक डेली क्विज प्रतियोगिता है, जिसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। रोजाना 5 विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और इनाम जीतने का मौका मिलेगा।

### सेंसोडाइन का श्रेष्ठ अनुभव देने आया नया कंपलीट प्रोटेक्शन

**वाराणसी।** सेंसोडाइन देश के मुख्य ओरल केयर ब्रांड्स में से एक है और पिछले सालों में इसने देश को बहुत उपयोगी इनोवेशन प्रदान किए हैं। भारत में लाखों लोगों को दाँतों की सेंसिटिविटी के कारणअपने रोज की जिंदगी में समझौता करना पड़ता है। हमने उनके साथ काम करते हुए एक ऐसे स्पेशलिस्ट सेंसिटिविटी टूथपेस्ट की जरूरत को समझा, जो अन्यओरल केयर के फायदे भी प्रदान करे। कंपलीट प्रोटेक्शन टूथपेस्ट ऑल-इन-वन सेंसिटिविटी प्रोटेक्शन प्रदान कर सेंसोडाइन के अनुभव को और ज्यादा बेहतर बना देगा।

### पशु बरामद तस्कर फरार

**मुग़लसराय/चन्दौली।** जनपद में गोवंश की तस्करी पर अंकुश लगाए जाने वह अपराध में संलिप्त अभियुक्त गढ़ की गिरफ्तारी एवं जुर्म जरायम के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक चंदौली द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में अलीनगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक पर लादकर वध हेतु ले जा रहे कुल 17 पशुओं को बरामद किया जिसमें से 12 पशु जिंदा वह 5 पशु मृत अवस्था में मिले।वही तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

### किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया

**ऊंचाहार।** एक किशोरी को उसके गांव का ही एक युवक अपने प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया है। किशोरी की मां ने कोतवाली में युवक के विरुद्ध तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव निगोहा निवासिनी महिला का कहना है कि उसके गांव का ही एक युवक उसकी 17 वर्षीय बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया है। किशोरी के भाग जाने के बाद पूरा परिवार उसकी काफी खोजबीन करता रहा। किंतु किशोरी का कुछ पता नहीं चल पाया है ।उसके बाद कोतवाली पहुंची किशोरी की मां ने मामले की तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही

### उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों का होगा आगमन

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह तथा सदस्यगण महेंद्र कुमार व संतोष कुमार विश्वकर्मा का आगमन जनपद अमेठी में 08 फरवरी को होना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्यगण अपराह्न् 12:00 गौरीगंज पहुचेंगे, तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका/नगर पंचायतों के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यगणों तथा पिछड़ी जातियों के जातीय संगठनों के साथ बैठक कर उनका विचार जानेंगे और सुझाव प्राप्त करेंगे। इस संबंध में उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के संदर्भ में अनुभाविक जांच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति, संस्था, पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है तो वह लिखित/मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं

### ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू/सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मा. निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

### युवक का शव मिला

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के घोषियाना मोहल्ले में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। बताया गया है कि कस्बे के घोषियाना मोहल्ला निवासी सूरज(35) पुत्र आजाद का शव मोहल्ले में ही स्थित पुलिस चौकी के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। जिसके बाद मामले की सूचना परिजनो को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन मृतक के शव को लेकर घर चले गये। मोहल्ले के लोगो ने बताया कि युवक नशे का आदी थी जिसके चलते परिजन उससे काफी परेशान थे। लोगो ने आंशंका व्यक्त की है कि अधिक नशा होने के चलते सूरज की मौत हुई है। वही इस मामले में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी नही है।

### तहसील के अधिवक्ता हड़ताल पर, ज्ञापन सौंपा

**ऊंचाहार।** अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में मंगलवार को भी तहसील के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। बार एसोसिएशन ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर शासन से अपनी मांग पर जल्द विचार करने का आह्वान किया है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह के नेतृत्व में तहसील के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश संगठन की प्रमुख मांगों जिसमें अधिवक्ताओं का पांच लाख रुपए का मुख्य चिकित्सा बीमा ,अधिवक्ता कल्याण निधि में लंबित मामलों के निस्तारण ,विभिन्न न्यायालयों में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण ,अधिवक्ताओं और पत्रकारों की मृत्यु के उपरांत एक समान धनराशि का भुगतान , 60 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ताओं को पेंशन आदि मांग शामिल है ।

# प्रेस वार्ता में बताये गये बजट 2023-24 के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु

**संवाददाता।** मीरजापुर

**मा0** उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन ब्रजेश पाठक ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान स्थानीय राही लाज के सभागार में आयोजित बजट 2023-24 संगोष्ठी को सम्बोधित करने के पश्चात प्रेस प्रतिनिधियों से पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि:- अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है।

यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वां आम बजट श्ईज ऑफ लिविंगश् को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है। यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला और भारत कोस्ह्वश्रद्दह्न श्वष्शठ्ठशद्व4 क्क्ष2द्दह्न बनाने वाला बजट है। ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं उनकी पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। आम बजट 2023-24 नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना, और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना। इस बजट की 7 अर्थात् सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं यथा समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है।

## मारपीट के दौरान हुई हत्या के प्रकरण का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मुग़लसराय/चन्दौली।** अलीनगर क्षेत्र के ग्राम पटपरा में विगत दिन मिंटू चौहान की झगड़े में मृत्यु हो गई थी जिसके मद्देनजर संबंधित मुकदमा थाने पर पंजीकृत किया गया था।उक्त घटना में शामिल आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंदौली के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अलीनगर सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम ने अभियुक्त गण मल्लो देवी तथा अशोक कुमार को विगत दिनों गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था शेष अभियुक्त राम नगीना उर्फ छोटू को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।वहीं पुलिस ने घटना में प्रयोग लोहे की रॉड को भी बरामद किया।

# महा घोटालेबाज अडानी और मोदी के खिलाफ आप का पीएमओ कार्यालय पर विशाल और जोरदार प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**देश** के सबसे बड़े घोटाले अडानी घोटाले पर आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए घोटाले की जांच के लिए मांग की और कहा कि यह अब तक का देश का सबसे बड़ा घोटाला है जिसमें लाखों-करोड़ों निवेशकों का पैसा डूब गया और बैंको और स्प्ब् जैसे संस्थाओं पर भी बुरा असर पड़ा है। देश के सबसे बड़े आर्थिक घोटाले के खिलाफसरकार और प्रधानमंत्री का मौन रहना इस ओर इशारा करता है कि कहीं न कहीं इस घोटाले में सरकार को पूर्व जानकारी थी। बनारस के वाराणसी मंडल में भी काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के विशाल समूह ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए, पवन तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बताएं कि देश के आम जनता का पैसा बैंक को और एलआईसी जैसे संस्था में सुरक्षित है ना ? लेकिन जिस प्रकार से सरकार संसद में बहस से भाग रही है उससे प्रतीत होता है कि मोदी के अभिन्न मित्र अडानी को बचाने में मोदी और उनका पूरा मंत्रिमंडल और सरकारी संस्थाएं लगी हुई है अब ईडी कहां है ? ईडी इस घोटाले को संज्ञान में लेकर जांच क्यों नहीं कर रहा है ? गौतम अडानी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है ? इतना बड़ा घोटाला सामने आया है और सरकारी, जेबी संस्था ईडी का मौन रहना और सरकार का इस मुद्दे पर बहस से भागना इशारा करता है कि कहीं ना कहीं दाल में काला है।

# सीएमओ की अपील, कृमि मुक्ति की दवा जरूर खाएं

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**स्वास्थ्य** विभाग की ओर से जिले में 10 फरवरी को कृमि मुक्ति अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में सीएमओ ने स्कूल, आंगनबाड़ीकेंद्रों पर आने वाले बच्चों को दवा खिलाने की अपील की है। यह जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राकेश तिवारी ने दी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 10 फरवरीदिन 1 माहसेलेकर 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरियों को पेंट के कीड़े की दवा एलबेडाजाल खिलाई जाएगी ।इसके लिए जिले में लगभग 11 लाख बच्चों को चिन्हित किए जा चुके हैं।सरकारी स्कूलों व कालेजों के साथ प्राइवेट स्कूलोंए आंगनबाड़ी केंद्रों, ईट भठ्ठो और मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी ।जो बच्चे दवा खाने से छूट जाते हैं उनको 13 व 15 फरवरी को भी अभियान चलाकर दवा खिलाई जाएगी ।इसके लिए विभाग की ओर से स्कूल प्रबन्धकों, प्राचार्य व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खिलाने के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सुपवाइजरों को पत्र के माध्यम से निर्देशित व अपील किया गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टरबी0एन0 यादव ने बताया कि यह अभियान विगत कुछ वर्षो से वर्ष में दो बार चलाया जा रहाहै।इसके पूर्व लगभग नौ लाख बच्चोंकोउनके पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई थी। इस बार 10 फरवरी को दवा 11 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है और छूटे हुए बच्चों को 13 से 15 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास परियोजना सेवा एवं पुष्टाहार विभाग सामजस्य स्थापित कर बच्चों को कीड़े की दवा खिलाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एलबेडाजोल एक कृमिनाशक गोली है। इसको लेने से बच्चों के पेट के कीड़े निकल जाते है।एक से दो वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीस कर साफ पानी के साथ देने का परामर्श दिया जाता है।

# पांच किमी दंडवत चलकर खिलाड़ियों ने मांगा मिनी स्टेडियम

**संवाददाता।** मुग़लसराय/चन्दौली

**खिलाड़ियों** के लिए नगर में अब तक मिनी स्टेडियम ना होने से आक्रोशित खिलाड़ियों ने मंगलवार को पदयात्रा निकाली। खिलाड़ियों ने विधायक को पत्रक सौंपते हुए मिनी स्टेडियम की मांग रखी। विधायक ने खिलाड़ियों के मांग को जायज माना और जल्द से जल्द स्टेडियम निर्माण के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया।



अलीनगर-सकलडीहा मोड़ से मंगलवार की सुबह 8 बजे स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंदौली तथा चंदौली ओलंपिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार नंदजी के नेतृत्व में दर्जनों खेल संघों के पदाधिकारी, कोच व खिलाड़ी नारे लगाते हुए पदयात्रा निकाले। इस यात्रा का नगर व आसपास के इलाकों से आए युवाओं ने समर्थन किया और पदयात्रा में शामिल हुए। खिलाड़ियों की मांग थी कि नगर में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाए ताकि खिलाड़ियों को खेल की तैयारियां करने की समुचित सुविधाएं मिल सकें। कुमार नंदजी ने पूरी यात्रा दंडवत होकर चलते हुए पूरी की और विधायक रमेश जायसवाल के कार्यालय पर पहुंचे। विधायक ने तत्काल जिलाधिकारी चंदौली से मोबाइल पर वार्ता की और खिलाड़ियों की मांग पर जल्द से जल्द कदम उठाने का निर्देश दिया।

कुमार नंदजी को लगभग पांच किमी तक दंडवत चलते देख नगर के कई गणमान्य लोगों ने कुमार नंदजी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनको अपना समर्थन भी दिया। जो लोग पदयात्रा में शामिल थे वह मिनी स्टेडियम की मांग को लेकर लगातार नारे लगा रहे थे। नगर के लोगों ने भी पदयात्रियों की मांग को जायज माना और अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि नगर को मिनी स्टेडियम मिल जाता है तो वे भी अपने बच्चों को खेल में करियर बनाने के लिए जरूर भेजेंगे। पदयात्रा में चंदौली तीरंदाजी संघ के सचिव गोविंदा खरवार, चंदौली योगा संघ के उपाध्यक्ष सपना अग्रहरि, चंदौली टेनिस वालीबाल संघ के सरदार हैप्पी सिंह, चंदौली मोथाई संघ के सचिव रोहित यादव, चंदौली ग्रेपलिंग संघ के उपाध्यक्ष अजीत कुमार, चंदौली बॉक्सिंग संघ के कोषाध्यक्ष प्रताप नारायण चौबे, अदिति वेदराज, प्रियंका चौहान, रुजदा जबीं, हिमांशु, रोहित प्रजापति, आर्यन यादव, रितेश प्रजापति, सुनील कुमार, सियाम प्रजापति, राहुल उर्फ बजरंगी, अविनाश विश्वकर्मा, सचिन अभिषेक, विनय, आयुष अग्रहरि, अंकित पाल, बनारसी, आकाश, रोहन यादव, शाहिद, कृष्ण कमल, अभय, रोशन, सुनील, ऋषिकेश, विवेक, मोहित, इरफान, प्रशांत, गौतम सिंह, निखिल गुप्ता, डीके गुप्ता, शी मूवमेंट फाउंडेशन के सिद्धार्थ आदि खिलाड़ी व लोग मौजूद थे।

## सरसों पेराने आए किसान की हार्टअटैक से मौत

**नसीराबाद,रायबरेली।** पेराई मशीन पर सरसों का तेल पेराने आये अधेड की हार्ट अटैक से अचानक मृत्यु हो गई। नसीराबाद थाना क्षेत्र केग्राम बरियार गंज मजरे लहेंगा निवासी रामखेलावन पुत्र पल्लर 50 वर्ष सरसों का तेल पेराने के लिए परैया नमकसार चौराहे पर स्थित राजेंद्र मोदनवाल की मशीन पर आया था। मंगलवार की शाम करीब 4:00 बजे उसने पेराई करवाने के बाद तेल का टीन और बोरी में खली बांधकर राजेंद्र प्रसाद से उसे अपनी साइकिल तक पहुंचाने के लिए कहा जिसके जवाब में उसे कुछ देर इंतजार कर लेने को कहा गया। रामखेलावन वहीं बोरी पकड़कर बैठ गया और फिर पीछे को लुढ़क गया । मौके पर मौजूद लोगों ने उसके चेहरे पर पानी के छींटे देकर होश में लाने का प्रयास किया किंतु उसकी मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में उसके घर वालों को सूचना दी गई किंतु मृतक की पत्नी कौशल्या देवी अकेली घर पर थी। मृतक का बड़ा बेटा सोनी 28 वर्ष राजगीरी का काम करता है।

# पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत किया जाये लाभान्वित-उप मुख्यमंत्री

**संवाददाता।** सोनभद्र

**उप** मुख्य मंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में संचालित सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखी जाये, उन्हें अस्पताल से ही सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी जायें।



इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह से कहा कि अस्पतालों में जो डाक्टरों की कमी है, उसे दूर करने के लिए शासन को पत्राचार किया जाये और नये डॉक्टरों की तैनाती करायी जाये। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में ही लोग प्रसव करायें, इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाये और प्रसव के पश्चात बच्चों को सभी प्रकार के टीकाकरण करने के पश्चात ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जनपद में ''मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी'' अभियान चलाकर लोगों को अपने घर के सामने बोरी टॉगकर प्लास्टिक इकठ्ठा करने के लिए प्रेरित किया गया, इसी प्रकार पानी में लोराइड व आयरन की अधिकता वाले क्षेत्रों में फिल्टर का वितरण किया गया और शुद्ध पानी पीने के लिए फिल्टर का उपयोग करने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। इसी प्रकार से जनपद में ड्रैगनफ्रूट की खेती हेतु किसान बन्धुओं को जागरूक किया जा रहा है और ड्रैगनफ्रूट की खेती के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हेतु जनपद में कार्य किया जा रहा है, इसी प्रकार से जनपद में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने की कार्यवाही भी की जा रही है।इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक ''मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी'' अभियान चलाकर किये गये कार्यों की सराहना की, इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में ग्राम समाधान दिवस के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का उनके गांव में ही निस्तारण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जनपद में ड्रैगनफ्रूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि जनपद के जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, उस पर कार्य किया जा रहा है, उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा, जिससे ग्रामीणों को नेटवर्क की समस्या से निजात मिलसके।

# एसजेएस में कक्षा एक ने लहराया परचम, कक्षा दो रहा दूसरे स्थान पर

**संवाददाता।** रायबरेली

- स्पेलिंग प्रतियोगिता में क्लोरोफ्लोरोकार्बन, क्रीज़ीन व हैपहज़र्ड की स्पेलिंग ने खूब छकाया

**कचेहरी** रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज स्पेलिंग प्रतियोगिता का समापन किया गया। दो दिन चली इस प्रतियोगिता में कक्षा एक विजयी रहा जबकि कक्षा दो दूसरे स्थान पर रहा। कक्षा पांच को तीसरा और कक्षा सात को चौथा स्थान मिला।

जानकारी देते हुए स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि सोमवार को स्कूल में दो दिवसीय स्पेलिंग प्रतियोगिता का सुभारम्भ एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन श्री रमेश बहादुर सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्पेलिंग प्रतियोगिता से बच्चें कठिन शब्दों की सही स्पेलिंग सीख जाएंगे जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य में काफी मदद मिलेगी। सबसे पहले सभी कक्षा के प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया फिर प्रतियोगिता का आरम्भ किया गया।

कांटे के मुकाबले में प्रतियोगिता के अंतिम दिन कक्षा एक ने अपना परचम लहराया। 10 चरणों में चली इस प्रतियोगिता में बच्चों से कई शब्दों की स्पेलिंग पूछी गई। प्रतियोगिता के दौरान सभी बच्चे उत्साह से लबरेज़ दिखे। स्पेलिंग प्रतियोगिता ने मैथ, इंग्लिश, विज्ञान, हिंदी व सामाजिक विषय से संबंधित शब्दों की स्पेलिंग पूछी गई। बच्चों को चेकेस्लोवाकिया, कोलोरो फ्लोरोकार्बन, फॉक्सवैगन, फोपा क्रिज़ीन, हैपहज़र्ड आदि की स्पेलिंग ने खूब छकाया। आज प्रतियोगिता का समापन स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने किया। उन्होंने सभी विजयी कक्षा को बधाई दी।

# एनटीपीसी रिहंद में जनजातीय उत्सव का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सोनभद्र

**एनटीपीसी** रिहंद में जनजातीय उत्सव का आयोजन 06 से 08 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन राज्य मंत्री, संजीव कुमार गोंड ने फीता काटकर किया। सशक्त जनजाति सशक्त भारत की मूल मान्यता को ध्यान में रखते हुए जनजातीय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्वदेशी संस्.ति के संरक्षण और संवर्धन को बल प्रदान किया जा सके। यह फ्रजनजातीय उत्सवफ्र एनटीपीसी रिहंद, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्.ति संस्थान, उत्तर प्रदेश और सेवा समर्पण संस्थान, चपकी के सहयोग से किया जा रहा है।राज्य मंत्री नें जनजातीय उत्सव में बने जनजातीय गाँव का भ्रमण किया जिसमे जनजातीय समुदाय द्वारा ग्रामीण परिवेश में जीवंत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा ग्रामीण प्रवेश में जनजाति लोगों द्वारा प्रस्तुती का आनंद लिया गया और साथ ही उन्होने सभी जनजाति समुहों के साथ संवाद भी स्थापित किया।इसी कड़ी में मुख्य महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय ने मुख्य अतिथि संजीव कुमार गोंड एवं विशिष्ट अतिथि सह संगठन मंत्री, सेवा समर्पण संस्थान, आनंद, ब्लॉक प्रमुख, म्योरपुर, मान सिंह गोंड, निदेशक, लोक एवं जनजाति कला एवं संस्.ति संस्थान, उत्तर प्रदेश, अतुल द्विवेदी एवं उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद हमेशा से ही आस-पास के गाँव के लोगों के उत्थान हेतु समर्पित रहा है, और इसी कड़ी में 03 दिवसीय जनजातीय उत्सव का आयोजन जनजातीय समुदाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किया जा रहा है।राज्य मंत्री ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि



एनटीपीसी रिहंद बिजली के साथ-साथ अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कल्याणकारी कार्य करता आ रहा है जो परियोजना के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के लिए बहुत ही आवश्यक एवं लाभप्रद रहा है।साथ ही इस उत्सव में अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम हो रहे जैसे मैजिक शो, कठपुतली शो, रंगोली, चित्रकारी, बहरूपिया, आदिवासी खेल, आदिवासी पोशाक के साथ सेल्फी पॉइंट, लाइव पोर्ट्रेट्स, झूले, स्वादिष्ट व्यंजन आदि ।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 8 फरवरी, 2023



# विमर्श का केन्द्र

## भावनात्मक मुद्दे

**संभवत:** वर्तमान समय में धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दे भावनात्मक रूप से विमर्श के केन्द्र में आते जा रहे हैं। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड-एआईएमपीएलबी ने कुछ धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दे उठाए जिन पर प्रतिक्रिया स्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस को भी अपनी बात रखनी पड़ी। निश्चित रूप से आरएसएस को इस बहस में धकेला गया है। कुछ सप्ताह पहले बिहार के मंत्री चंद्रशेखर व उसके बाद समाजवादी पार्टी के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रख्यात हिंदू महाकाव्य गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस पर अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसमें पुस्तक के कुछ हिस्सों को महिलाओं व तथाकथित 'नीची जातियों' के लिए अपमानजनक बताया गया था। तपस्वी छावनी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत रामहंस दास ने इस पर आवेश में आकर तीखी प्रतिक्रिया की। लेकिन इससे हतोत्साहित न होते हुए मौर्य के समर्थकों ने वृंदावन में रामचरितमानस के कुछ पन्नों की फोटोप्रतियां जलाईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून-व्यवस्था का कठोरता से पालन करते हुए इन लोगों को गिरफ्तार किया और अब इन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून-रासुका लगा दिया गया है। भले ही आधिकारिक रूप से समाजवादी पार्टी ने रामचरितमानस पर मौर्य की टिप्पणी से दूरी बना ली हो, पर पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बना कर परोक्ष रूप से उनका समर्थन भी किया गया। आरएसएस को रामचरितमानस-विरोधी टिप्पणी पसंद नहीं आई है जो 'मंडल विचारधारा' का हिस्सा रही है। आरएसएस हमेशा से सारे हिंदुओं को एकजुट करने के प्रयास में लगा है और समाज में विभाजन के हर प्रयास का विरोध करता रहा है। संत शिरोमणि रविदास की 647वीं जन्म जयंती पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'ईश्वर सत्य है। किसी का चाहे जो नाम, क्षमता या सम्मान हो, सभी समान हैं और उनके बीच कोई अंतर नहीं हैं। कुछ पंडित शास्त्रों के आधार पर जो कहते हैं, वह झूठ है।' आरएसएस ने आधिकारिक रूप से यह स्पष्टीकरण भी दिया कि मोहन भागवत द्वारा प्रयुक्त 'पंडित' शब्द का अर्थ 'विद्वान' से है।



आरएसएस का विश्वास है कि हिंदू धर्म-संस्कृति के बारे में उठे सवालों या पैदा भ्रांतियों का स्पष्ट रूप से जवाब दिया जाना चाहिए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत में पिछले कुछ सालों से 'हिंदुत्व' उभार पर है जिसके कारण एआईएमपीएलबी जैसे तत्व व्यथित हो गए हैं। अपनी हालिया बैठक में पास प्रस्ताव में उसने समान नागरिक संहिता-यूसीसी तथा जनता की संपत्तियों को ध्वस्त करने का विरोध किया है। उसके अनुसार, यूसीसी 'भारत जैसे बहु-धार्मिक, बहु-सांस्कृतिक व बहुभाषी देश में न प्रासांगिक है और न लाभदायक।' लेकिन ऐसे 'हिंदू-विरोधी' संगठन भूल जाते हैं कि संविधान निर्माताओं ने ही समान नागरिक संहिता को संविधान के निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल किया था और अब सरकार इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा समान नागरिक संहिता को अपने तीन 'प्रमुख मुद्दों' में शामिल किया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से जारी है तथा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया जा चुका है। अत: अब केवल समान नागरिक संहिता का क्रियान्वयन ही बाकी बचा है। भाजपा-विरोधी इसे भावनात्मक मुद्दा मानते हैं, पर ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर अनेक अभूतपूर्व व असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इसके साथ ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत 'अमृत काल' में हर प्रकार की 'गुलाम मानसिकता' से भी मुक्ति पाना चाहता है। भारत अतीत की उन व्याख्याओं से भी मुक्ति पाना चाहता है जिन्होंने 'हिंदू धर्म' का अपमान कर हिंदुओं में विभाजन पैदा करने के सारे प्रयास किए हैं।

# समावेशी विकास पर केन्द्रित बजट

**वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने निवेश व उपभोग को प्रोत्साहन के बीच न्यायोचित संतुलन स्थापित कर विकास तेज करने का प्रयास किया है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




भारत को तेज व टिकाऊ विकास के रास्ते पर ले जाने तथा उसका मजबूत आधार स्थापित करने के समग्र उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने निवेश-नीत बजट पेश किया है। अधिकांश बजटीय आबंटन ढांचागत संरचना बनाने पर केन्द्रित हैं और सरकार ने इसके साथ ही निजी क्षेत्र द्वारा निवेश को प्रोत्साहित किया है। 2023-24 का बजट इस रणनीति को विस्तार देता है। 2019-20 के अपने पहले बजट में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का रोडमैप पेश किया था। इसके अनुसार उन्होंने अगले पांच साल में ढांचागत संरचना निर्माण हेतु 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश का अनुमान लगाया था। इसमें से 39 प्रतिशत या 39,00,000 करोड़ केन्द्र से तथा समान धनराशि राज्यों की ओर से आनी थी, जबकि बाकी 22,00,000 करोड़ रुपये का निवेश निजी क्षेत्र की ओर से प्रस्तावित था। 2020-21 के बजट में पूंजीगत खर्च-कैपेक्स का संशोधित अनुमान 439,000 करोड़, 2021-22 के बजट में 554,000 तथा 2022-23 के बजट अनुमान में 750,000 करोड़ रहा है।

यह कुल मिला कर लगभग 1,700,000 करोड़ रुपये होता है। वर्ष 2023-24 के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक लाख करोड़ रुपये का कैपेक्स निर्धारित किया है जो 2022-23 के संशोधित अनुमान से 37 प्रतिशत अधिक है। यदि 2024-25 में 1,200,000 करोड़ इसमें और जोड़ा जा सके तो केन्द्र पांच साल का लक्ष्य पूरी तरह प्राप्त कर लेगा।

उसे राज्यों द्वारा पूंजीगत खर्च बढ़ाने की भी उम्मीद है। वर्ष 2022-23 में केन्द्र ने उनको 50 साल के लिए 1,00,000 करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त कर्ज भी दिया है। 2023-24 के लिए सीतारमण ने ऐसे हस्तातंरणों में 30 प्रतिशत वृद्धि कर इसे 130,000 करोड़ रुपये कर दिया है। जहां तक निजी क्षेत्र द्वारा निवेश बढ़ाने का सवाल है, केन्द्र ने अनेक प्रकार के प्रोत्साहन दिए हैं। इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कोर्पोरेट टैक्स में छूट है जो नए विनिर्माण उद्यमों के लिए 15 प्रतिशत तथा वर्तमान उद्यमों के लिए 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत किया गया है। सितंबर, 2019 में पेश यह प्रस्ताव 31 मार्च, 2023 से लागू हो गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि पीएलआई-प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव योजना का विस्तार एक दर्जन अन्य क्षेत्रों तक किया गया है तथा 'स्टार्टअप' को कर प्रोत्साहन दिया गया है। 2020-21 के बजट में वित्त मंत्री ने 15 प्रतिशत दर का लाभ 'नई' बिजली कंपनियों को देने का भी प्रस्ताव किया है।

इसके साथ ही 'सहकारिताओं' को रियायतों व कटौतियों के बिना 22 प्रतिशत दर के लिए उचित बताया गया है। वित्त मंत्री ने डिविडेंट वितरण कर-डीडीटी भी समाप्त कर दिया है। 1 अप्रैल, 2020 से डिविडेंट की कटौती शेयरधारकों से की जाती है। 2022-23 के बजट में 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स के लिए नए विनिर्माण उद्यमों को सक्षम बनाया गया है जिनका गठन 31 मार्च, 2024 के पहले हुआ हो, जबकि पहले यह सीमा 31 मार्च, 2023 थी। स्टार्टअप को एक साल और, यानी 31 मार्च, 2023 तक टैक्स छूट दी गई है। सहकारिताओं के मुनाफे पर सरचार्ज को 12 प्रतिशत से घटा कर 7 प्रतिशत किया गया है और इसके साथ ही मैट-मिनिमम आल्टरनेट कर को वर्तमान 18.5 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत किया गया है। बजट 2023-24 में वित्त मंत्री ने नए विनिर्माण उद्यमों को 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स का लाभ देने का विस्तार एक साल और कर दिया है। अब यह विशेष दर सहकारिता क्षेत्र में स्थापित उद्यमों पर भी लागू होगी। स्टार्टअप के लिए कर मुक्ति एक साल और बढ़ा दी गई है। इसके अतिरिक्त उनको स्वामित्व बदलने की स्थिति में भावी मुनाफों का ध्यान रखते हुए 10 साल के कुल नुकसान को स्थगित रखने की अनुमति मिली है।

शुरुआत में निजी क्षेत्र ने मांग की कमी के कारण उपरोक्त विशेष व्यवस्थाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन वर्तमान वर्ष में यह गति तेज हुई है। विनिर्माण क्षेत्र द्वारा अप्रैल-दिसंबर, 2022 में घोषित नया निवेश 2019-20 के इसी कालखंड की तुलना में पांच गुना अधिक है। निसंदेह मोदी सरकार द्वारा किए प्रयासों से इच्छित वृद्धि दर तेज हुई है। इसके चलते 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी जिसके 2022-23 में 7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण है जिसका कारण यूक्रेन युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव तथा बढ़ती ब्याज दरें हैं। राजकोषीय घाटे-एफडी के मोर्चे पर क्या स्थिति है? 2021-22 में एफडी को जीडीपी के 6.7 प्रतिशत पर सीमित रखा जा सका, जबकि बजट अनुमान 6.8 प्रतिशत था। 2022-23 में भी सीतारमण ने बजट में इसके लिए 6.4 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशंसनीय है कि प्रमुख सब्सिडी में वृद्धि के बावजूद सरकार ऐसा करने में सफल हुई है। उर्वरक सब्सिडी का बजट अनुमान 105,000 करोड़ था, पर यह लगभग 225,000 करोड़ पहुंचेगी जबकि खाद्य सब्सिडी का अनुमान 207,000 करोड़ था जो 287,000 करोड़ पहुंचेगी। इसका संबंध अधिकांशत: केन्द्र की कर प्राप्तियों में वृद्धि से है जो 2100,000 करोड़ पहुंच गई हैं, जबकि बजट अनुमान 300,000 करोड़ था।

वित्त मंत्री ने 2023-24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा था। कर संग्रह में वृद्धि के बावजूद उनको सब्सिडी में वृद्धि का सामना करना पड़ा जो खाद्य सब्सिडी में 90,000 करोड़ तथा उर्वरक सब्सिडी में 50,000 करोड़ थी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई की वापसी के बार हालांकि सरकार खाद्य सब्सिडी में कमी कर सकती है, पर उर्वरक सब्सिडी में इसकी कोई संभावना नहीं है। बजट की एक खास बात व्यक्तिगत आय कर-पीआईटी में परिवर्तन है। 2020-21 के पहले किसी व्यक्ति को 2,50,001-5,00,000 प्रति वर्ष आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देना होता था। 5,00,000 से अधिक पर 10,00,000 से कम आय पर 20 प्रतिशत तथा 10,00,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स था। कर की इन दरों के साथ अनेक प्रकार की रियायतें व छूटें थीं। 2020-21 के बजट में 2,50,001-5,00,000 आय पर पांच प्रतिशत की दर बनाए रखी गई थी, पर 5,00,000 से अधिक 7,50,000 तक 10 प्रतिशत, 7,50,001-10,00,000 तक 15 प्रतिशत, 10,00,001-12,50,000 तक 20 प्रतिशत, 12,50,001-15,00,000 तक 25 प्रतिशत तथा 15,00,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स बना हुआ था। लोगों को नई योजना में शामिल होने या रियायतों व कटौतियों के साथ पुरानी वयवस्था में बने रहने का विकल्प दिया गया था। वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री ने नई योजना को अत्यधिक आकर्षक बनाने के लिए कर टैक्स की स्लैबों में परिवर्तन कर 3,00,000 रुपये तक आय पर शून्य, 3,00,001-6,00,000 तक पांच प्रतिशत, 6,00,001-9,00,000 तक 10 प्रतिशत, 9,00,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत, 1,200,001-1,500,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,500,000 से अधिक पर 30 प्रतिशत का प्राविधान किया है। इसके साथ ही '7,00,000 वार्षिक आय तक कोई टैक्स नहीं' की व्यवस्था की गई है।

इससे 1,50,000 तक आय स्तर वाले सभी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा। उदाहरणार्थ, 9,00,000 कमाई करने वाले व्यक्ति को केवल 45,000 कर देना पड़ेगा और बाकी 855,000 खर्च के लिए उपलब्ध होगा। इससे कुल मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा निवेश व आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी। इससे बड़े पैमाने पर करदाता नई योजना की ओर हस्तांतरित होंगे तथा छूटों व रियायतों और इससे जुड़ी विकृतियों का युग समाप्त होगा। इससे निवेश व उपभोग के न्यायोचित सम्मिश्रण से आर्थिक वृद्धि तेज होगी। वित्त मंत्री ने कृषि, एमएसएमई, स्टार्टअप, सहकारिताओं, सस्ते आवास, आदि क्षेत्रों को गति देने के लिए अनेक योजनाओं व बजटीय आबंटनों के साथ सामने आई हैं। ये 'समावेशी' व 'हरित' विकास तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने का प्रमुख आधार बनेंगी।

# प्रकृति देती है कैंसर से लड़ने की क्षमता

> **अधिकांश उपचार के तौर-तरीके जैसे कीमोथेरेपी, सर्जरी और विकिरण में बहुत दर्द और गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं।**



**हरीश बर्थवाल**
(लेखक स्वास्थ्य व सामाजिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)

इसके लगातार बढ़ते प्रसार, उपचार की अत्यधिक लागत और उच्च मृत्यु दर के कारण, कैंसर डॉक्टरों, स्वास्थ्य योजनाकारों और अन्य लोगों के लिए एक चुनौती बना हुआ है। कैंसर के अनुसंधान, निगरानी और उपचार पर भारी खर्च के बावजूद, इस खतरनाक बीमारी से पीड़ित लोगों में से केवल 70 प्रतिशत ही इसके शुरू होने के पांच साल बाद जीवित रह पाते हैं।

अधिकांश उपचार के तौर-तरीके जैसे। कीमोथेरेपी, सर्जरी और विकिरण में बहुत दर्द और गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं। बेशक, अमेरिका, डेनमार्क, स्वीडन और स्लोवाकिया जैसे देशों में नई, कम जहरीली और कम दर्दनाक थैरेपी से थोड़ी राहत देखी गई है। फिर भी, दुनिया भर में समग्र स्थिति गंभीर बनी हुई है। भारत में, कैंसर के प्रकार और स्थान के आधार पर, दी जा रही चिकित्सा और अस्पताल के प्रकार के आधार पर, किसी को 90,000 रुपये से 28 लाख रुपये के बीच खर्च करना पड़ सकता है। और ध्यान रखें कि सभी मरीज़ चिकित्सकीय रूप से बीमाकृत नहीं हैं या इसे वहन करने में सक्षम नहीं हैं।

कुछ साल पहले, द लैंसेट ने 2016 के निष्कर्षों के आधार पर, कुछ विकसित देशों में कैंसर के प्रबंधन में प्रगति और कैंसर के कारण मृत्यु दर में कुछ गिरावट की सूचना दी थी। फिर भी, कुल मिलाकर यह दुनिया भर में एक गंभीर स्वास्थ्य खतरा बना हुआ है। विश्व स्तर पर, डब्लूएचओ ने 2020 में लगभग 10 मिलियन मौतों का श्रेय कैंसर को दिया है, जो कि स्तन के मामलों में सबसे अधिक (2.26 मिलियन मामले), उसके बाद फेफड़े (2.21 मिलियन मामले), कोलन और मलाशय (1.93 मिलियन मामले), प्रोस्टेट (1.41 मिलियन मामले), त्वचा (1.20 मिलियन मामले) हैं। मामले) और पेट (1.09 मिलियन मामले)।



कैंसर कोशिकाओं की अप्रत्याशित गति और एक निर्धारित पैटर्न के बिना इसकी तीव्र वृद्धि शरीर के अन्य भागों में संचारित होती है, सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है; यह सामान्य कोशिकाओं के व्यवहार के विपरीत है। 'कैंसर कोशिकाएं पूर्व-क्रमादेशित होती हैं ... उनके जीवित रहने और रक्त प्रवाह के माध्यम से उनके प्रसार दोनों की सुविधा प्रदान करती हैं।' एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पॉल डेविस कहते हैं, 'दूरस्थ अंगों में कैंसर के अनुकूल निशान बनाने के लिए ट्यूमर रासायनिक संकेतों का उपयोग करने के तरीके में साजिश की हवा है।' कैंसर के प्रबंधन को खराब करने के लिए, लोगों में जागरूकता की भयानक कमी के कारण ज्यादातर मामलों का देर से पता चलता है।

महिलाएं विशेष रूप से समस्या को छुपाती हैं, और जब ट्यूमर 8-10 सेंटीमीटर लंबा हो जाता है तो उसे सर्जन के पास लाया जाता है। इस प्रकार कैंसर के प्रबंधन में स्क्रीनिंग केंद्रों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ कैंसर पर सार्वजनिक जागरूकता पहली प्राथमिकता है। फिर भी, अधिकांश विकासशील देशों में कैंसर के प्रबंधन में तीसरी बाधा संसाधन की कमी है। भारत कैंसर की देखभाल पर जितना खर्च करना चाहिए, उसका आधे से भी कम खर्च करता है, विशेषज्ञों को खेद है।

एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (एआरएसी), डब्लूएचओ की निगरानी शाखा, भौतिक कार्सिनोजेन्स (जैसे पराबैंगनी और आयनकारी विकिरण, रासायनिक कार्सिनोजेन्स (एस्बेस्टस, तंबाकू के घटक, धूम्रपान, शराब, एफ्लाटॉक्सिन (खाद्य संदूषक)), और आर्सेनिक (पीने योग्य पानी प्रदूषक) को शामिल करती है। ), और जैविक कार्सिनोजेन्स (जैसे वायरस, बैक्टीरिया, या परजीवी से संक्रमण) जिसने तेजी से हमारे अस्तित्व को चारों ओर से भर दिया है। कैंसर से बचने की दर अलग-अलग देशों में अलग-अलग होती है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, नॉर्वे, नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड में संयुक्त रूप से अधिकांश कैंसर के लिए उच्च पांच साल की सापेक्ष जीवित रहने की दर दर्ज की गई है। समय के साथ कम या कोई गतिविधि न होने के कारण कैंसर स्वस्थ कोशिकाओं का क्षय है। शरीर के अंग और अंग जो सक्रिय रहते हैं, फिट रहने और किक मारने के लिए आवश्यक रक्त प्रवाह को बनाए रखने में सक्षम होते हैं।

विडंबना यह है कि जब अतिरिक्त नैतिक समर्थन की आवश्यकता होती है तो परिवार के करीबी और अन्य लोग कैंसर रोगी को बहिष्कृत कर देते हैं। मुख्यधारा की गतिविधियों से अलगाव केवल पीड़ा को बढ़ाता है। रोगी को विलियम आर्थर वार्ड के रूप में बताया जाना चाहिए, 'पहाड़ों को जीतने के लिए बनाया गया है विपत्तियों को पराजित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है; समस्याओं को हल करने के लिए भेजा जाता है।' इसके अलावा, बातचीत को सामान्य रखने, आवश्यकता पड़ने पर भोजन देने, स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ जाने, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने, और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल करने जैसे छोटे-छोटे संकेत अच्छी समझ पैदा करते हैं और स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्रदान करते हैं।

## आप की बात

### चीनी गुब्बारा

**अमेरिका** द्वारा चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने की घटना के कारण चीन व अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन की कुटिल चालों के चलते नित नए कारनामे सामने आ रहे हैं। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय तनाव के मद्देनजर भारत को चीन व पाकिस्तान दोनों के प्रति अधिक सजगता के साथ अपने आकाश, समुद्र, व जमीनी सीमाओं के भीतर निगरानी बढ़ानी होगी। यदि ऐसा कोई भी गुब्बारा या ड्रोन सीमा क्षेत्र के आसपास नजर आए तो उसे तुरंत मार गिराए जाने के आदेश सेना को दिए जाने चाहिए। आशंका है कि चीन जासूसी करने की आधुनिकतम तकनीकों से जानकारी एकत्र कर रहा है। वहीं वह साइबर अटैक व कई अन्य आधुनिक तकनीकों द्वारा बड़े पैमाने पर गुप्त जानकारियां जुटा रहा है। वह अपनी सैन्य शक्ति को भी अधिक आधुनिक संसाधनों से लैस कर रहा है। ऐसे हालातों से निपटने के लिए हमें भी आधुनिकतम तकनीकों से अपनी सीमाओं को लेस करना होगा। अमेरिकी सेना ने मार गिराए गुब्बारे का मलबा एकत्र करने की व्यापक योजना बनाई है। इसके विश्लेषण से ही पता चलेगा कि इसमें कोई जासूसी उपकरण था अथवा यह वास्तव में मौसम की शोध करने वाला गुब्बारा था जो भटक कर अमेरिकी हवाईसीमा में प्रवेश कर गया था।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भयानक भूकंप

**तुर्किये** और सीरिया में लोग सोमवार सुबह नींद से उठे भी नहीं थे कि प्राकृतिक आपदा ने उन्हें आ घेरा। रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता वाले भूकंप से दोनों देश कुदरत के कहर से दहल उठे। यहीं नहीं, इसके कुछ ही घंटों भीतर 7.6 और 6.0 तीव्रता के दो और भूकंप भी आए। इस आपदा में 4000 से ज्यादा मौतें हो गईं जबकि 13 हजार से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। भूकंप से हजारों इमारतें ढह गईं। कड़ाके की ठंड और बारिश से राहत कार्यों में बाधा आ रही है। खराब मौसम ने बेघर हुए लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भूकंप से प्रभावित लोग बचने के लिए बर्फीली सड़कों पर जमा हो गए। तुर्किये में विनाशकारी भूकंप का मंजर ऐसा था कि देखने वाले की रूह कांप उठे। देखते ही देखते चंद सेकंड में इमारतें धाराशाई हो गईं। कुछ जगहों का मंजर तो ऐसा रहा कि नींद के आगोश में समाए लोगों को चीखने तक का मौका नहीं मिला। वे मलबे तले दब गए और जान गवा बैठे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूकंप पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई है बल्कि इन्हें मदद करने की घोषणा भी कर दी है। एनडीआरएफ की दो टीमें उपयुक्त राहत सामग्री के साथ जल्द ही रवाना होंगी।

**सदन जी,** पटना

### सुरक्षित इंटरनेट

**प्रत्येक** वर्ष फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस बार आठ फरवरी को यह दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि सभी लोग, खासकर युवा व बच्चे इंटरनेट का सुरक्षित व संयमित उपयोग करें। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2023 में सुरक्षित इंटरनेट दिवस की थीम-एक साथ एक बेहतर इंटरनेट के लिए, रखी गई है। भारत में इंटरनेट की शुरुआत 1986 में हुई थी और यह केवल शैक्षिक और अनुसंधान समुदाय के लिए उपलब्ध था। इंटरनेट तक आम जनता की पहुंच 15 अगस्त 1995 को शुरू हुई और 2020 तक 718.74 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जून 2022 तक भारत में ग्रामीण इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 339 मिलियन से अधिक थी तथा जुलाई 2022 तक 833 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। आज साइबर अपराध हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार व उसकी एजेंसियों के साथ ही जन-जागरूकता व प्रयोगकर्ताओं की सतत शिक्षा सबसे जरूरी कदम होंगे।

**सुनील कुमार महला,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पहले** भारत के घोर शत्रु रहे राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ 2002-2007 में शांति की असली शक्ति बन गए थे।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता



**पूर्व** विदेश मंत्री की गलत प्राथमिकतायें, कांग्रेस उस व्यक्ति की मृत्यु पर दु:खी है जिसने हमारे देश पर कारगिल युद्ध थोपा था।

– **गौरव भाटिया**
भाजपा प्रवक्ता



**गौतम अडाणी** के बिजनेस पर विवाद से भारत में निवेशकों का विश्वास घटने की आशंका नहीं है।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

# राज्यमंत्री नगर विकास एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्रावस्ती

**संवाददाता।** श्रावस्ती। भिनगा



**प्रदेश के राज्यमंत्री** नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उप्र सरकार राकेश राठौर गुरू अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर श्रावस्ती के मुख्यालय भिनगा पहुॅचकर कई कार्यक्रमो में शिरकत करने के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस.प्रतिनिधियों से केन्द्रीय बजट पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा पेश किये गये 2023.24 के बजट से हमारा देश और विकसित होगा तथा गरीबों, किसानो, मजदूरो, बेरोजगारो, उद्यमियों सहित अन्य सभी वर्गो को लाभ मिलेगा।

उन्होने बताया कि प्रदेश के सभी जिलो में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं से पात्रो को लाभान्वित किया जा रहा है तथा साफसफाई पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण.2023 को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की दोनो निकायों में अवस्थित 37 वार्डो में रोस्टर के अनुसार साफ सफाई, नाला.नालियों की साफ सफाई, डोर.टू.डोर कूड़ा कलेक्शन सहित स्वच्छता ड्राईव चलाकर सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाये। जनपद की दोनो निकायो में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष तीव्र गति से विकास कार्य कराया जा रहा है। जिसके साथ ही नगर पालिका परिषद भिनगा में 157 निर्माण/आपूर्ति कार्य (सड़क/नाली/सफाई उपकरण आदि) एवं नगर पंचायत इकौना में 18 निर्माण कार्य (सड़क/नाली व अन्य) कराया जा रहा है। कूड़ा मैनेजमेंट (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी) हेतु नगर पंचायत इकौना में एमआरएफ का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। नपाप भिनगा में एफआरएफ सेन्टर अभी निर्माणाधीन है। जिसे तेजी से पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये है। पीएम स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत जनपद की दोनो निकायों में 1170 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

नगर पालिका परिषद भिनगा में कान्हा गौशाला की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध हो गयी है। जिसका अनुमोदन प्राप्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। शीघ्र ही गौशाला का निर्माण कार्य आरम्भ हो जायेगा। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत जनपद की दोनो निकायों में पात्र 5875 लाभार्थियों के सापेक्ष प्रथम किश्त हेतु 4951, द्वितीय किश्त हेतु 4509 एवं तृतीय किश्त हेतु 2545 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। आसरा योजना के तहत नगर पालिका परिषद भिनगा में 24 एवं नगर पंचायत इकौना में 36 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। आवास आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिये गये है।

## कार्यक्रम में थिरकने को मजबूर हुए लोग

**प्रयागराज।** वीडियो में कीकू शारदा गाने के बोल पर थिरक रहे हैं। इसका हुक स्टेप कपड़ों से तेल ग्रेवी और गंदगी जैसे सख्त दागों को हटाने के लिए रगड़ने को अलविदा कहकर टाइड के साथ खचक खुचक मुक्त नए साल का स्वागत करते है।टाइड दुनिया का नंबर एक डिटर्जेंट है। जिसने अपने अनोखे और मजेदार विज्ञापनों के लिए जाना जाता है। कीकू शारदा के साथ लांच किया भारत का पहला लॉन्ड्री म्यूजिक वीडियो खचक खुचक छोड़ दो। भारतीय परिवार हर साल कपड़े धोने में तीन सौ घंटे तक खर्च करते हैं। टाइड डिटर्जेंट के साथ उपभोक्ता कपड़े धोने में लगने वाले इस समय का चालीस फीसदी तक बचा सकते हैं। ग्रेवी तेल और कीचड़ जैसे कठोर दागों को टाइड बिना रगड़े आसानी से हटा देता है। और इस नए वीडियो में उपभोक्ताओं से खचक खुचक को अलविदा कहने के लिए कहा गया है। कल्ट म्यूजिक वीडियो के माध्यम से टाइड ने इनोवेटिव ट्रेंड्स के साथ कुछ नया करके पूरे भारत के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ना जारी रखा है।

# सामाजिक संगठनों की सक्रियता के चलते खंडासा पुलिस ने आखिरकार दर्ज किया मुकदमा

● संदिग्ध परिस्थितियों में 3 दिन पूर्व 12 वर्षीय बालक का लटका मिला था शव

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या

**संदिग्ध परिस्थितियों** में छप्पर (झोपड़ी) में शनिवार की देर रात लटके मिले 12 वर्षीय बालक रंजीत के शव के मामले में मृतक बालक की मां की तहरीर पर पुलिस ने पहले तो मुकदमा दर्ज करने में हीला हवाली कीए लेकिन जब भीम आर्मी व हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर कार्यवाही कराने के लिए आर.पार की ठानी तो पुलिस बैकफुट पर आ गई, और मारपीट हत्या व एससी एसटी एक्ट की धाराओं में तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज किया।

मिल्कीपुर के थाना खंडासा अंतर्गत बकचुना गांव निवासी 12 वर्षीय रंजीत पुत्र कमलेश का शव शनिवार की रात घर से कुछ ही दूरी पर छप्पर (झोपड़ी) के बड़ेरी से लटका हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया, ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को छप्पर की बड़ेर से रंजीत को लटके होने की सूचना दी थी। सूचना पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी खण्डासा अश्वनी कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचायत नामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था है।

पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई हैए मृतक बालक रंजीत की मां धनराजी की तहरीर पर पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही थी। लेकिन जब घटना की जानकारी भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शास्त्रीएजिला प्रवक्ता सुल्तानपुर मुकेश कुमार राजवंशीए जिला अध्यक्ष भीम आर्मी संजय रावत एवं हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्राए जिला युवा मोर्चा बबलू तिवारीए जिला उपाध्यक्ष राजेश पालए जिला संगठन मंत्री राम मूरत समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जब पुलिस प्रशासन से आरपर की ठानी तो आनन.फानन में थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने मृतक बालक की मां धनराजी की तहरीर पर गांव की ही मुस्लिम महिला शाहनाज पत्नी शईद उर्फ गनेशी के खिलाफ धारा 302, 323, 504, 506 आईपीसी व 3 (2)5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अविवि में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर अवेयरनेस का आयोजन

**संवाददाता।** अयोध्या

**डॉ. राममनोहर लोहिया** अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर अवेयरनेस कार्यक्रम का आनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एआईसीटीई, नई दिल्ली की नामित विशेषज्ञ इंजीनियर छवि गर्ग ने छात्रों को पेटेंट की जानकारी देते हुए बताया कि जब भी कोई इनोवेशन करें तो उसका पेटेंट अवश्य करा लेना चाहिए। इससे आपका कॉपीराइट रहेगा। उन्होंने बताया कि आपके बौद्धिक सृजन का पेटेंट होना चाहिए। इससे कभी भी जरूरत पड़ने पर इसका व्यापक उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को पेटेंट और कॉपीराइट की उपयोगिता को बताते हुए पेटेंट की कुछ साइट को साझा किया जिसमें जाकर छात्र पेटेंट की औपचारिकताओं को पूरा कर सकते है। इसके अतिरिक्त छवि गर्ग ने छात्रों को पेटेंट के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं का प्रश्नों द्वारा हल किया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो0 रमापति मिश्र ने बताया कि इंजीनियर के छात्रों के उनके द्वारा किए जा रहे इनोवेशन का पेटेंट जरूरी है। छात्रों के इनोवेशन के क्षेत्र में किए गए कार्य से भारत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपने पेटेंट की संख्या बढ़ा सकता है। कार्यक्रम की संयोजक इंजीनियर शाम्भवी मुद्रा शुक्ला ने बताया कि भारत की पेटेंट्स एंड डिजाइन डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफ से छात्रों को सर्टिफिक्रेट दिया जायेगा। इसमें 450 छात्र.छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन किया है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक एवं छात्र.छात्राएं शामिल रहे।

## कौशल निर्माण में बढ़ रहीं संभावनाएं: गौरव

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**देश की** सबसे बड़ी हॉस्पिटेलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड आईएचसीएल ने लखनऊ उत्तर प्रदेश में हॉस्पिटेलिटी आधारित एकेडमी के लिए वीएफ्एस ग्लोबल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी समुदाय के युवाओं को कौशल के अवसर प्रदान करेगी। गौरव पोखरियाल एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट ह्युमन रिसोर्सेज़ आईएचसीएल ने कहा कि कौशल निर्माण आईएचसीएल के ईएसजी एवं पाठया के बुनियादी ढांचे के तहत प्रमुख पहल है। उप्र में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इससे क्षेत्र में मौजूदा क्षमता का लाभ उठाने एवं रोज़गार के अवसर उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। यह सेंटर राज्य में आईएचसीएल के सत्रह होटलों को भी अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। खुशी है कि हमें लखनऊ में हॉस्पिटेलिटी आधारित कौशल केन्द्र के विकास के लिए वीएफ्एस ग्लोबल के साथ साझेदारी का अवसर मिला है।

# हाईकोर्ट में नवनियुक्त छह न्यायमूर्तियों ने ली शपथ

● न्याय कक्ष में मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने दिलाई शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद उच्च न्यायालय** में मंगलवार को नवनियुक्त छह अपर न्यायमूर्तियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश कक्ष में सुबह 10 बजे हुए शपथ समारोह में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने सभी छह अपर न्यायमूर्तियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले अपर न्यायमूर्तियों में अपर न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी अपर न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम अपर न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता अपर न्यायमूर्ति नन्द प्रभा शुक्ला अपर न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र अपर न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्ठ अधिवक्ता बड़ी संख्या में राज्य विधि अधिकारी न्यायिक अधिकारी तथा शपथ ले रहे न्यायमूर्तियों के परिवार के लोग तथा रिश्तेदार शामिल रहे। सभी छह न्यायमूर्तियों की नियुक्ति अपर न्यायाधीश के रूप में दो वर्ष के लिए की गई है।

मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 17 जनवरी 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को कुल नौ नामों की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने 9 में से 6 नामों पर नियुक्ति की सहमति देते हुए अधिसूचना जारी की। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस समय मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर न्यायमूर्तियों की संख्या 101 की हो गई है। हाईकोर्ट में कुल 160 न्यायमूर्तियों के पद सृजित हैं।

## क्विक न्यूज

### खिलाड़ियों का चयन करने के लिए होगा ट्रायल

**प्रयागराज।** शिक्षा प्रशिक्षण भोजन आवास और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन को कवर करते हुए सौ फीसद तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने के अवसर हैं। आगामी बारह फरवरी को उत्तरी फुटबॉल अकादमी विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा में एनजोगो द्वारा संचालित बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल बीबीएफएस अपनी आवासीय अकादमियों फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ बोर्डिंग स्कूल के लिए ट्रायल आयोजित करेगा। बीबीएफएस का लक्ष्य अपनी नवीनतम पहल सौ ट्रायल्स के माध्यम से देश के कोने कोने में फुटबॉल के इच्छुक लोगों तक पहुंचना है। तकनीकी टीम ने फुटबॉल की लोकप्रियता के आधार पर ट्रायल करने और बीबीएफएस आवासीय अकादमी के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों का चयन करने के लिए सौ से अधिक भारतीय शहरों को चुना है। बीबीएफएस भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल अकादमी है और पहले से ही अपने आवासीय कार्यक्रम के तहत प्रतिभाशाली फुटबॉलरों के लिए दो करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। एनजोगो और बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूलों के सह संस्थापक और सीईओ किशोर टेड ने कहा बीबीएफएस आवासीय अकादमियां पांच शहरों दिल्ली महाराष्ट्र मेघालय होसुर और केरल में काम कर रही हैं। पहले चरण में चयन के बाद चयनित फुटबॉलर फाइनल राउंड के लिए बीबीएफएस आवासीय अकादमियों में से किसी एक में जाएंगे।

### टीडीएस जागरूकता अभियान

**अंबेडकर नगर।** मुख्य कोषाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपन राम की अध्यक्षता में कोषागार कार्यालय में जिले के सरकारी विभागों के लेखाधिकारी एलेखा सहायक के साथ कार्यालय आयकर अधिकारी (टीडीएस) फैज़ाबाद द्वारा स्रोत पर कर कटौती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयकर कार्यालय की तरफसे आयकर अधिकारी (टीडीएस) चित्रसेन सिंह, आयकर निरीक्षक गुन्जन गुप्ता और कर्मचारी सूरज सिंह उपस्थित रहे।इसी क्रम में आयकर कार्यालय द्वारा सहायक महानिबंधक (स्टाम्प), अम्बेडकर नगर कार्यालय में अविनाश पांडेय, सहायक महानिबंधक (स्टाम्प) अम्बेडकर नगर की अध्यक्षता में, जिले के समस्त तहसील के उप महानिबंधक को अचल संपत्ति के क्रय पर होने वाली आयकर कटौती से संबंधित जानकारी दी गयी। आयकर कार्यालय द्वारा अकबरपुर चीनी मिल में महाप्रबंधक (वाणिज्य) आर एस प्रसाद एवं जीतेंद्र कुमार सिंह (मुख्य) की अध्यक्षता में मिल के लेखाधिकारी लेखाकार एवं समस्त लेखा कर्मचारिगणों को आयकर से संबंधित सामान्य एवं नए प्रावधानों की जानकारी दी गयी। सभा मे उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के यथासंभव उत्तर भी दिए गए।

### मिठाई की दुकान का निरीक्षण का डीएम के दिए निर्देश

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर, आम जनमानस को शुद्व खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त खाद्य राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव तथा केके उपाध्याय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने संघतिया नाका, अकबरपुर में सुनील कुमार वर्मा की मिठाई की दुकान का निरीक्षण कर खोया का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। मीरानपुर, अकबरपुर में दुग्ध विक्रेता विजय का निरीक्षण कर दूध का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। आज कुल 02 नमूने संग्रहित कर जाँच हेतु भेजे गये। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुलाब चंद गुप्ता, पुरन्दर यादव व मनीषा सिंह मौजूद रहीं।

### विवाद के समाधान का अच्छा विकल्प लोक अदालत: जिला जज

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में 11 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दिवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वादध्पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत समनीय वाद, स्थाई लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका-नगर निगम संबंधी मामले एवं स्थानीय विधियों के अंतर्गत सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं। वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है वो प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है जिसका आदेश सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होगा। अभिवाक सौदेबाजी से भी फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद के समस्त सम्मानित जनमानस से अपील है की आगामी 11 फरवरी 2023 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराते हुए सफल बनावे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार चुनाव में अशोक अध्यक्ष नितिन महासचिव निर्वाचित

● समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर दी बधाई ●भारी जुलूस के साथ नवनिर्वाचित ●पदाधिकारियों ने किया हनुमान जी का दर्शन



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर पूर्व महासचिव अशोक कुमार सिंह अध्यक्ष और महासचिव पद पर नितिन शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार सिंह को कुल 2710 मत मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी को 312 मतों से पराजित किया। अनिल तिवारी को मात्र 2398 मत मिले। वहीं तीसरे नंबर पर रहे पूर्व अध्यक्ष इंद्र कुमार चतुर्वेदी को 996 मत मिले। इसी प्रकार चौथे नंबर रहे डॉ सी पी उपाध्याय को 663 पांचवें नंबर पर रहे राम औतार वर्मा को 243 मत मिले। छठे नंबर पर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दया शंकर मिश्रा को 134 मत मिले। सातवें नंबर रहे पूर्व महासचिव अविनाश चंद्र तिवारी को 124 मत मिले। वहीं आठवें नंबर पर रहे अतुल कुमार पांडेय को 60 मत पर संतोष करना पड़ा। महासचिव पद पर नितिन शर्मा ने जीत दर्ज की। नितिन शर्मा को कुल 1695 मत मिले। उन्होंने निकटतम उम्मीदवार विक्रांत पांडेय को 357 मतों से पराजित किया। दूसरे नंबर पर रहे विक्रांत पांडेय को 1038 मत मिले। वहीं तीसरे नंबर पर रहे अखिलेश कुमार शर्मा को 1311 मत मिले। चौथे नंबर पर रहे शशि प्रकाश सिंह को 709 मत मिले। पांचवें नंबर पर रहे राय साहब यादव को 665 मत मिले। जबकि संतोष कुमार मिश्रा को 482 अभिषेक चौहान को 373 नन्हें लाल त्रिपाठी को 250 राजकुमार गौतम 146 ए एन पांडेय 123 राकेश कुमार गुप्ता 96 एल डी राजभर 56 प्रशांत सिंह रिंकू को 42 डॉ अखिलेश कुमार द्विवेदी 18 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संयुक्त सचिव प्रशासन और संयुक्त सचिव महिला पदों के साथ संयुक्त सचिव लाइब्रेरी संयुक्त सचिव प्रेस और कोषाध्यक्ष पदों की मतगणना जारी है। वहीं अध्यक्ष और महासचिव पद के परिणाम आने के बाद उच्च न्यायालय में हर्ष का माहौल हो गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महासचिव के समर्थकों ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान भारी जुलूस के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और नवनिर्वाचित महासचिव नितिन शर्मा हाईकोर्ट से निकलकर न्यायविद हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन पूजन किया। उधर नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महासचिव को हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने बधाई दी। बधाई देने वाले अधिवक्ताओं में मृत्युंजय तिवारी अरूण कुमार मिश्र उपेन्द्र सिंह वी एस गिरी अरविंद कुमार मिश्र घनश्याम ओझा आशुतोष तिवारी राजेश खरे ओम सुभाष त्रिपाठी एन के चटर्जी शरद चन्द्र मिश्र ओम प्रकाश शर्मा विनय मिश्रा ध्रुव कांत चतुर्वेदी दुर्गेश चंद्र तिवारी मनीष द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर बारातियों से अभद्रता का आरोप

**संवाददाता।** अयोध्या

**आचार्य नरेंद्र कृषि** विश्वविद्यालय परिसर स्थित किसान भवन जा रही बारातियों से कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरीके से छात्रों को हॉस्टल में बंद कराया। तब जाकर शादी संपन्न हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित किसान भवन को कुमारगंज निवासी शिव बहादुर पाठक ने अपने लड़के शिवेंद्र पाठक व अरविंद पाण्डेय की पुत्री शांभवी पाण्डेय निवासी जानकीपुरम लखनऊ की शादी के लिए बुक कराया था।

सोमवार की रात डीजे के साथ बाराती तथा लड़कियां डांस करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर जा रही थी जैसे ही सरस्वती एवं अनुमान छात्रावास के पास बरात पहुंची ही थी कि छात्र भी बज रहे डीजे के पास पहुंच कर डांस करते हुए लड़कियों से अभद्रता करने लगे बारातियों ने उसका विरोध किया तो छात्रों ने मारपीट के साथ बारातियों पर ईंटए गूमे भी चलाएं। घटना की जानकारी होने के बाद विश्वविद्यालय के कुछ प्राध्यापक भी मौके पर पहुंच कर छात्रों को शांत कराने के लिए मान मनौव्वल करने लगे लेकिन छात्र मान नहीं रहे थे।

सूचना पर एनडीए चौकी प्रभारी संतोष मौर्या पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर विश्वविद्यालय में लगे सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से बेकाबू छात्रों को ले जाकर छात्रावास में अंदर कर चैनल को बंद करवा दिया।छात्रावास के सामने व शादी कार्यक्रम स्थल पर रातभर पुलिस तैनात रही ताकि किसी प्रकार की कोई घटना ना होने पाए। घटना के संबंध में जब विश्वविद्यालय कुलपति के सीक्रेटरी जसवंत सिंह से बात की गई तो उन्होंने घटना से अनभिज्ञता जाहिर की और कहा अभी सुरक्षा अधिकारी से और डीएसडब्ल्यू से पूछता हूं। थाना कुमारगंज के एनडीए चौकी प्रभारी संतोष मौर्या का कहना है कि घटना हुई हैए फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

# नेत्र शिविर कैम्प श्रृखला का हुआ समापन

● इस दौरान 141 मोतियाबिंद के केस मिले

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**इंडियन रेडक्रॉस** सोसायटी श्रावस्ती द्वारा जनवरी से ही चल रही नेत्र परीक्षण श्रृंखला का समापन आज पुलिस लाइन भिनगा श्रावस्ती में हुआ इस श्रृंखला केअंतिम कैंप का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व संस्था के चेयरमैन अरुण कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस मौके पर सहयोगी संस्था टाइटन आइ के सदस्य विशाल कुमार, शुभम श्रीवास्तव व श्रेया सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम की संचालन आर आइ विनोद सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर चेयरमैन अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि जिलाधिकारीध् अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे जनपद में नेत्र परीक्षण कैंप लगवाये गये हैं जिनका मुख्य उद्देश्य जनपदवासियों के आंखों की नि:शुल्क जांच करना व मोतियाबिंद का नि:शुल्क आपरेशन करवाना है जिसके माध्यम से अब तक 9 कैंप लगवाये गये हैं।

कलेक्ट्रेट, सत्र न्यायालय, विकास भवन, तहसील, एस एस बी कैंप व पुलिस लाइन समेत लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर लगातार कैंप लगाकर 1132 लाभार्थियों का परीक्षण किया गया है। अब तक जनपद में 141 मोतियाबिंद केस मिले हैं जिनका नि:शुल्क आपरेशन करवाने के लिए संस्था प्रयास कर रही है। मार्च में कैंप लगाकर आपरेशन भी करवायें जायेंगे। जो भी संस्था विभाग या विद्यालय अपने यहां किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य कैंप लगवाना चाहते हैं वह संपर्क कर सकते हैं हर जगह नि:शुल्क कैंप लगवाये जायेंगे।

## ईंट और पत्थर का बटखरा बनाकर गल्ला देते पकड़ा गया कोटेदार

**बस्ती।** विक्रमजोत विकास क्षेत्र के जमौलिया माफी ग्राम पंचायत में मंगलवार को कोटेदार द्वारा सत्यापित बांट के स्थान पर ईट एवं पत्थर की बांट बनाकर उपभोक्ताओं को राशन तोलते रंगे हाथ पकड़ा। ग्रामीणों की शिकायत पर नियोजन विभाग व ग्राम पंचायत अधिकारी की दो सदस्यीय टीम ने कोटेदार के सस्ते गल्ले की दुकान का औचक निरीक्षण किया । नियोजन विभाग के शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जमौलिया माफी ग्राम पंचायत के कोटेदार कनैहालाल गुप्ता के सस्ते गल्ले की दुकान पर ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील कुमार चौधरी के साथ जब जांच टीम पहुंची तो नियमानुसार बांट के स्थान पर एक पत्थर का बांट बनाकर तौल कर राशन वितरण किया जा रहा था। जांच टीम ने कोटेदार की हेराफेरी रंगे हाथ पकड़ ली। स्टॉक रजिस्टर संतोषजनक न होने के कारण आवश्यक पत्रावली मांगी गई। जिसे कोटेदार ने नहीं दिखाया।

# बसपा का गांव चलो अभियान जारी

**अंबेडकरनगर।** बसपा के द्वारा 17 जनवरी से गांव चलो अभियान के कार्यक्रम को अनवरत जारी रखते हुए प्रदेश की सभी 403 विस क्षेत्रों में प्रतिदिन 2 ग्राम सभाओं में बैठक करके पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन कर रही है इसी कड़ी में विस क्षेत्र टांडा के ग्राम पंचायत एकडंगी एवं ग्राम पंचायत शंकरपुर बिशनपुर के मजरा जोकहिया में बसपा के द्वारा कैडर बैठक की गई बैठक के मुख्य अतिथि बसपा अयोध्या मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज दिलीप कुमार विमल ने सेक्टर कमेटी संगठन की समीक्षा करते हुए कार्य को गतिशील बनाने का आवाहन किया मुख्य जोन इंचार्ज विमल ने कहा कि बसपा के कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि बसपा आने वाले समय में देश की नंबर एक की पार्टी बने और बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के विचारों का भारत बनाने के लिए पार्टी की मुखिया सुश्री कुमारी मायावती को प्रधानमंत्री बनने हेतु रास्ता साफहो जब तक बसपा केंद्र की सत्ता में आसीन नहीं होगी तब तक समतामूलक समाज की परिकल्पना पूरा नहीं हो सकता है बसपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को अनवरत पोलिंग बूथों पर अभियान चलाकर सर्व समाज को पार्टी में जोड़ने हेतु कार्य करते रहना होगा आज केंद्र की भाजपा सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर कार्य कर रही है जिस के नाते जहां महंगाई चरम सीमा पर बड़ी है वही बेरोजगारी की मार से नौजवान परेशान हैं आज छात्रों नौजवानों किसानों छोटे व्यापारियों महिलाओं के अंदर सरकार के रवैया से नफरत व्याप्त है सर्व समाज का चौमुखी विकास बसपा ही कर सकती है बैठकों में बसपा के जिला सचिव कमलेश कुमार गौतम जिला कार्यकारिणी के सदस्य पतिराम गौतम विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष निरपति अंबेश विस सचिव अशोक कुमार सेक्टर अध्यक्ष बबलू बौद्ध सेक्टर अध्यक्ष मनोज कुमार रामप्रताप प्रहलाद मयंक कुमार विश्वास गौतम रामधनी सुमित्रा देवी शशि कला सावित्री देवी रामचंद्र प्रजापति राम नारायण साहू ज्ञानेंद्र पाल उमाशंकर चौरसिया चंद्रदेव राजेश कुमार अमरजीत रामजन्म दीप्ता देवी शोभावती मन भावती सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जिन्दगी में कभी तनाव हो तो कबीर को करे आत्मसार: आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र

● मगहर महोत्सव का हुआ आगाज विधायकगण ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ



रिबन काटकर मगहर महोत्सव का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधिगण।

**संतकबीरनगर।** जनपद में महान सूफी संत, कवि एवं समाज सुधारक संत कबीर दास जी की परिनिर्वाण स्थली मगहर में आयोजित 03 दिवसीय मगहर महोत्सव का शुभारम्भ मंगलवार को विधायक सदर अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान व मण्डलायुक्त, बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने संत कबीर के समाधि एवं मजार पर पूजा अर्चना करने के उपरान्त फीता काट कर, दीप प्रज्जवलित करते हुए किया। अतिथिगणों द्वारा आपसी भाईचार एवं प्रेम का प्रतीक कबूतर एवं गुब्बारा छोड़ा गया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने अतिथिगणों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। विधायक गण, आयुक्त, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा संत कबीर सौहार्द एवं सांस्कृतिक मेला पर आधारित मगहर महोत्सव स्मारिक-2023 का विमोचन किया गया। विद्यालय की छात्र/छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना के साथ मगहर महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ हुआ। मगहर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन के दौरान आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कहा कि संत कबीर दास जी की निर्वाण स्थली पर आयोजित इस महोत्सव की सार्थकता सच्चे अर्थो में यही है कि हम उनके विचारों, जीवनी, रचनाओं एवं समाज सुधार की दिशा में किये गये उनके प्रयासो से शिक्षा एवं प्रेरणा लेकर उसे अपने जीवन शैली में अपनाएं जिससे हमारे अन्दर आत्म संतोष एंव परस्पर प्रेम की भावना का संचार हो।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**मंगलवार** को आकांक्षा समिति लखीमपुर की ओर से डायट खेल मैदान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर का सांस्कृतिक एवम खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व उनकी धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह ने एसडीएम श्रद्धा सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, समिति की महिला साथियों की मौजूदगी में दीप जलाकर किया। कस्तूरबा की छात्रा माही मिश्रा ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। बच्चों ने अपनी कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों का परिचय प्राप्त कर खेल के आरंभ की घोषणा की।

कार्यक्रम में जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आप सभी आने वाले कल का भविष्य है। आपमें जो स्फूर्ति और उत्साह है, उसी से आपको बहुत ऊंचाइयों तक ऊपर उठना है। छात्राएं अपने उद्देश्य को न भूलें। मन लगाकर पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ें। लक्ष्य को प्राप्त करने में तमाम कठिनाईयां आती हैं लेकिन उनसे भयभीत होने की आवश्यकता नही है। आशा का दामन थाम कर आगे बढ़ें और अपना लक्ष्य हासिल करें। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अनुशासन, शालीनता और साहचर्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए खेल का मैदान सर्वोत्तम पाठशाला है। बड़े लक्ष्य को साध कर निरंतर परिश्रम करने वाले लोग ही विजय प्राप्त करते हैं, यह सीख हमें सिर्फ और सिर्फ खेल के मैदानों से ही मिलती है।

खो-खो, कबड्डी एवं दौड़ की प्रतियोगिताओं में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने अपना जौहर दिखाया। कबड्डी में विजेता पीटी उषा हाउस व उपविजेता कस्तूरबा गांधी हाउस रही। खो -खो में विजेता इंदिरा गांधी हाउस व उपविजेता लक्ष्मीबाई हाउस रही। कक्षा छह की 100 मीटर दौड़ में प्रथम मुस्कान, द्वितीय नंदिनी, तृतीय आयुषी सक्सेना रही। कक्षा सात की 100 मीटर दौड़ में प्रथम पलक कश्यप, द्वितीय प्रांशी, तृतीय अंजलि रहे और कक्षा आठ की 100 मीटर दौड़ में प्रथम अंजुम, द्वितीय आकांक्षा, तृतीय शुभी रही। आकांक्षा चीफ अल्पना सिंह ने अपनी महिला साथियों एवं बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के साथ विद्यालय प्रांगण का भ्रमण किया। उन्होंने बालिकाओं द्वारा बनाये गये आकर्षक व रचनात्मक रंगोली एवं हाथ से बनी विविध आकृतियों को सराहा। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रशंसा की गयी । आकांक्षा चीफ ने केजीबीवी की कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया। कंप्यूटर प्रयोगशाला को पूरी तरह से कार्यात्मक बनाने के निर्देश दिए।

## भाजपा की मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित

**संवाददाता।** बेहजम खीरी

**भारतीय** जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को सजग दिखाई दे रही है पार्टी बूथ स्तर से चुनाव की पूरी तैयारी कर रही है। मंगलवार को कन्हैया इंटर कालेज प्रांगण में मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला मंत्री रामजी दीक्षित ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक गांव में बूथ स्तर पर हर एक मतदाता से सम्पर्क करने पर जोर दिया गया। कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा जी-जान से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया गया है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी सिंह, आदर्श मिश्रा, योगेश शुक्ला, जसकरण लाल, आदित्य शुक्ला उर्फ दीपू, आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**पठन** पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को ब्लाक लखीमपुर के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी, सहायक अध्यापिका दिव्या गौतम, जूली गौतम, अंजू राणा, शिवानी श्रीवास्तव, सविता दीक्षित मौजूद मिले। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। प्रधानाध्यापिका ने डीएम को बताया कि विद्यालय में नामांकित बच्चों की कुल संख्या 381 है, जिसमें 179 छात्र व 192 छात्राएं हैं। आज 168 विद्यार्थी उपस्थित हैं। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। डीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की, साथ ही पठन पाठन, साफ सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की दीवारों पर बाला पेंटिंग के अन्तर्गत गणित, सामान्य ज्ञान, एवं भाषा की थीम पर आधारित पेंटिंग कार्य की सराहना की। प्राथमिक विद्यालय राजापुर के निरीक्षण के दौरान भोजन अवकाश चल रहा था, रसोईया द्वारा बच्चों को दाल-चावल परोसा जा रहा था। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एक थाली में भोजन निकलवाया, उसे ग्रहण करते हुए उसकी गुणवत्ता परखी।

# जी-20 के अन्तर्गत रोहिलखंड विवि करायेगा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता।** बरेली



**महात्मा** ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली, स्थित मीडिया सेल के कक्ष में आज जी -20 के संबंध में शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसरण में विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जी-20 के लिए नोडल अधिकारी सुनीता यादव, सहायक कुलसचिव द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

सुनीता यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जी-20 के संबंध में विश्वविद्यालय में आज पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें काफी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि जी-20 के विषय में विश्वविद्यालय में कई अन्य कार्यक्रम भी आगामी दिनों में आयोजित किए जाएंगे जिसमें कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह की प्रेरणा से विश्वविद्यालय की चारदीवारी पर जी-20 थीम पर आधारित भित्तिचित्र अंकित किए जाएंगे जो विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों द्वारा बनाए जाएंगे व चित्रों पर छात्रों के नाम भी अंकित होंगे। इन चित्रों में से सबसे श्रेष्ठ 3 चित्रों को इनाम देने पर भी विश्वविद्यालय विचार कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षको को भी जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा कई अन्य सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय सक्रिय रुप से जी-20 समिट में अपनी भागीदारी निभाने को कटिबद्ध है एवं शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसरण में अपने कार्यक्रम निर्धारित करेगा।

# प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ तेजी से चलाया अभियान

- मेडिकल कॉलेज की लाइफ लाइन कहे जाने वाले सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चला अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर** खीरी में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे वाली सड़क को इन दिनों प्रशासन की ओर से अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की कवायद तेजी से चल रही है, जो शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज के लिए सबसे अहम माने जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की रणनीति पर अपर जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह के संयुक्त निर्देशन एवं नेतृत्व में बीते सोमवार से कवायद शुरू हुई थी। सोमवार को दस अतिक्रमणकारियों के पक्के निर्माण को जेसीबी के जरिए हटाया गया। ठीक अगले दिन मंगलवार को एसडीएम श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल, राजस्व टीम, नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी ठीक दो बजे उस मार्ग पर जा पहुंचे। तय रणनीति के मुताबिक प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों का पक्का निर्माण गिराना शुरू किया। शाम तक इस मार्ग के 27 और अतिक्रमणकारियों का पक्का अतिक्रमण हटाया जा चुका था।

समाचार लिखे जाने तक अपर जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध शिकंजा कसती साफ नजर आई। अपर जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर जिन व्यापारियों द्वारा स्वयं से अपना अवैध निर्माण ढहाया जा रहा है, उन्हें प्रशासन द्वारा 03 दिन की मोहलत दी जा रही है। शेष अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का अभियान बदस्तूर जारी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए इस मार्ग का अहम रोल है। प्रशासन बिना किसी भेदभाव के सभी अतिक्रमण को पूरी तत्परता के साथ बिना किसी देरी के हटाएगा। यह प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। रात्रि 8:00 बजे तक नगर पालिका परिषद मलबे को हटवा कर मार्ग को खाली करवाएगी ताकि आम जन को आवागमन में कोई असुविधा ना हो।

अभियान के दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, नायब तहसीलदार अश्विनी, नगर पालिका परिषद के अत अभियंता अमरदीप, सफाई निरीक्षक विशाल शुक्ला, तहसील सदर से सात लेखपाल, दो राजस्व निरीक्षक, एक ट्रक पीएसी सहित कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौकियों के उप निरीक्षक एवं भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## क्विक न्यूज

### नहीं सुधर रहे बेसिक स्कूलों के हालात

**सीतापुर।** शहर में तमाम तरह के ऐप और मिशन चलाने के बावजूद सीतापुर में बेसिक शिक्षा की व्यवस्था पटरी पर नही आ रही है। शिक्षा के मंदिरों कहीं गुरूजनों की मनमानी तो कहीं वहां पढ़ने वाले बच्चों की मजबूरी और बेबसी नजर आती है। ऐसा ही एक मामला सीतापुर जिले के परसेण्डी ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय कोरैया सरावां का सामने आया है। यहां से आई तस्वीरें इस बात की गवाही दे रहीं है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप कश्यप लाठी लेकर खड़े होकर मासूम बच्चों से झाड़ू पोछा लगवा रहे है। जाहिर है इन तस्वीरों को योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कतई नहीं माना जा सकता है। इतना ही नहीं प्राथमिक विद्यालयों में प्रार्थना का समय प्रातः 9 बजे तय है जबकि इस विद्यालय में 9:40 बजे मास्टर साहब खड़े होकर झाड़ू लगवा रहे थे।

### गोकशी करने वाले दो अपराधी गए जेल

**बरेली।** गोकशी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी इस्लाम पुत्र मुन्ने और यही के रहने वाले लईक पुत्र रसीद को पुलिस ने आज भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों पर थाने में गोकशी के कई मुकदमे दर्ज लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहे थे। आज पुलिस ने उन्हें मुखबिर की सूचना के बाद भोजीपुरा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया और जेल भेजा।

### हिंदू देवी देवताओं की तोड़ी गई मूर्तियां, लोग आक्रोशित

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों धर्म के नाम पर सियासत चरम पर है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से रामचरित मानस की चौपाइयों को लेकर शुरू किया गया विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वार पलटवार का दौर चल रहा है। अब इस सबके बीच यूपी के सीतापुर में भी देवी देवताओं को अपमानित करने के एक मामले ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। फिलहाल चार नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफपुलिस ने केस कार्रवाई तेज कर दी है, लेकिन इस मामले के बाद क्षेत्र में लोगों में काफी आक्रोश है। पूरा मामला सीतापुर के महोली इलाके के कटिघरा गांव का बताया जा रहा है।

### धोखाधड़ी से उड़ाई गई रकम वापस कराई

**बरेली।** पुलिस और साइबर सेल की टीम ने शिकायतकर्ता के बैंक खाते से धोखाधड़ी करके उड़ाई गई रकम वापस करा दी। आंवला थाना क्षेत्र के फूटा दरवाजा कादरी चौक निवासी फैज खां पुत्र बाबू खा के बैंक खाते से उड़ाए गए 93998 रुपए पुलिस की साइबर सेल और थाना पुलिस ने वापस करा दी फैज खा ने 17 जनवरी को एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात फोन करने वाले ने उसके फोन पर एनीडेक्स ऐप अपलोड कराने के बाद उसके बैंक खाते से 145999 रुपए उड़ा लिए जिसकी शिकायत एसएसपी से की गई एसएसपी ने साइबर सेल की टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए और टीम ने आज उसके 93998 रुपए वापस करा दिए ।

### गैंगस्टर की लाखों की संपत्ति सील

**बरेली।** एक कुख्यातगैंगस्टर की लाखों की संपत्ति पुलिस ने आज सील कर दी।थाना क्षेत्र के गांव में मैया नवाजिश अली निवासी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज अपराधी साजिर पुत्र जहूर अहमद की 41 लाख 15 हजार रुपए की संपत्ति पुलिस ने सील कर दी साजिर के विरुद्ध भुता थाने में गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं इसी के चलते उसकी संपत्ति को सील किया गया।

### वैक्सिनेशन कैंप में लगी प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज

**बरेली।** सिविल डिफेंस अलखनाथ प्रभाग बरेली द्वारा वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन उपप्रभागीय वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल द्वारा श्री राधेश्याम अग्रवाल धर्मशाला भरत गली बड़ा बाजार बरेली में किया गया जिसमें 65 लोगों को प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज लगाई गईं। कैंप में चीफवार्डन श्री राजीव शर्मा, स्टाफआफिसर टू चीफवार्डन अमित पंत, उपप्रभागीय वार्डन श्री अलखनाथ प्रभाग अन्जय कुमार अग्रवाल, उपप्रभागीय वार्डन सिविल लाइंस डॉ उस्मान नियाज, स्टाफ आफिसर फायर हरीश भल्ला, आई. सी. ओ. राजीव छाबड़ा, पोस्ट वार्डन अनुकाम शर्मा, सुनील वर्मा, हरपाल मौर्य, पोस्ट वार्डन आरक्षित पवन कालरा, सैक्टर वार्डन रिशुल अग्रवाल, अमित आनंद, मो. आरिफ खान, प्रस्तावित सैक्टर वार्डन अभिनव कपूर आदि ने उपस्थित होकर कैंप को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** एक विवाहिता ने बीती रात घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । मृतका के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय पूजा पत्नी रोहित पांडे ने बीती रात में दीवार से लगी खूंटी से साड़ी बात कर झांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद किला थाना क्षेत्र के छावनी निवासी मृतका के भाई विनीत और मनोज ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि पूजा का विवाह पिछले साल 20 जून को रोहित पांडे से हुआ था जो इस समय लद्दाख में टाटा कंपनी में इंजीनियर के पद पर तैनात है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोहित और उसके घर वाले पूजा को कम दहेज लाने की बात कह कर प्रताड़ित करते थे इसी के चलते उन्होंने बीती रात उसकी हत्या कर दी और लाष को खूंटी पर टांग दिया। सुबह होने पर ससुर मन्नन पांडे ने मायके वालों को सूचना दी कि पूजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्हें पूजा की लाश खूटी पर लटकी मिली उसके पैर जमीन पर थे। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### टूटा मिला बक्सा तो नहीं हो सकी प्रधान पद की पुनर्मतणना

**सीतापुर।** लम्बी कानूनी लड़ाई और भारी भरकम बंदोबस्त उस समय बेकार साबित हो गए जब महोली ब्लाक अन्तर्गत डाडाबाद ग्रामसभा के प्रधान पद की पुनर्मतगणना नहीं हो सकी। हालांकि उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए महोली एसडीएम अभिनव यादव और सीओ अमन सिंह के नेतृत्व में महोली, ऐलिया और पिसावां थानों की फोर्स और पीएसी बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से भारी पुलिस बल महोली तहसील परिसर में सुबह से ही मुस्तैद हो गया था। लेकिन जब तहसीलदार कक्ष में वीडियोग्राफी के बीच बैलेट बॉक्स खोले जाने का नम्बर आया तो अब तक पुनर्मतगणना की मांग कर रहे पक्ष ने बॉक्स की कुण्डी पहले से खुली होने की आशंका जताते हुए पुनर्मतगणना का बहिष्कार कर दिया। जिसके बाद इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया।

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बरेली ।** लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के एक इनामी बदमाश को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गंगापुर निवासी गया प्रसाद के लड़के दीपक को पुलिस में आज चक चुंगी चौराहा से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कही भागने की कोशिश कर रहा था पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए दीपक पर थाना बारादरी में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है लेकिन वह लंबे समय से फरार चल रहा था

# यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं, आगे आएं युवा

- उद्यमियों-अधिकारियों ने छात्रों को विस्तार से समझाया

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**नगर** के युवराज महाविद्यालय के गोल्डन जुबली हॉल में मंगलवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की क्षमता वर्धन व निवेश उधमिता के प्रति ओरियंटेशन कार्यक्रम हुआ, जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की बढ़-चढ़ कर भागीदारी रही। उद्यमियों ने विद्यार्थियों के साथ धरातल से शिखर तक पहुंचने के अनुभव साझा किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, भोपाल, मप्र के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान, विशेष सचिव, सहकारिता एनपी पाण्डेय, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कॉलेजों के 550 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विशेष रूप से थारू जनजाति क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने शिरकत की।

विशेष सचिव (सहकारिता) आईएएस अधिकारी एनपी पाण्डेय ने कहा कि यूपी में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से हमारे प्रदेश को एक नई पहचान मिलेगी। वर्तमान समय में उप्र में अनुकूल व अनुशासित वातावरण बना हुआ है। उद्योग लगाने से लेकर चलाने तक की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि युवाओं को उद्योग विकसित करने की जानकारी से ही देश विकसित राष्ट्र बनेगा।

पूर्व कुलपति प्रो. ने शिक्षित युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने भीतर इच्छाशक्ति जागृत कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें और सकारात्मक तरीके से अपना लक्ष्य निर्धारित कर योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग, डेयरी डेवलपमेंट, सोलर पॉलिसी आदि से सम्बन्धित नीतियों की भी जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उप्र लखनऊ में 10 से 12 फरवरी को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 की जानकारी दी। उप्र इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से देश-विदेश से बहुत अधिक निवेश प्रदेश में आने की संभावना है। आने वाले समय में देश के युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना है, इसीलिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सीडीओ अनिल सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने देश, राज्य एवं अपने आसपास होने वाले कार्यक्रमों, सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अपनी हॉबी के अनुसार बच्चे अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ें। अब नई तकनीकों का दौर चल रहा है नव युवा अपना स्टार्टअप स्टार्ट करके देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

## आप ने की अडाणी घोटाले की जांच कराने की मांग

**संवाददाता ।** बरेली

**आम** आदमी पार्टी ने बरेली मंडल मुख्यालय कमिश्नर कार्यालय के सामने अडानी द्वारा किए घोटाले को लेकर जमकर धरना प्रदर्शन किया । प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही रोहिलखंड प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने दामोदर स्वरूप पार्क में धरना देकर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा काटा। धरना प्रदर्शन में मंडल के 5 जिले पीलीभीत, बदायूं , शाहजहांपुर, अतिरिक्त जिला फर्रुखाबाद भी शामिल हुए ।

शाखा प्रमुख जनक प्रसाद रोहिलखंड प्रांत के कोषाध्यक्ष दानिश खान शाहजहांपुर के महासचिव जेबी सिंह नेतृत्वकर्ता सुनीता गंगवार ने जमकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए अदानी जैसे चोर का साथ देने वाली सरकार को कोसा व मांग की कि जिस चोर ने जनता का पैसा लूटा है उसको सरकार बचाने में लगी हुई है। एडवोकेट सुनीता गंगवार ने कहा कि हमारे देश की सरकार एक घोटालेबाज अडानी को बचाने में लगी हुई है । वही बचाने वाली कम्पनी हिडनवर्ग की रिपोर्ट को देश पर हमला बताया जा रहा है । हिंदुस्तानियों का करोड़ों पैसा डूब रहा है और बीजेपी सरकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं है। ऐसे हालात में प्रधानमंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस घोटाले ने विश्व में भारत की छवि को धूमिल किया है।

दामोदर स्वरूप पार्क से पूरे मंडल के कार्यकर्ता सुनीता गंगवार के नेतृत्व में आयुक्त कार्यालय पर पहुंचे जहां पर उन्हें अंदर नहीं जाने दिया व गेट पर ताला लगवा दिया। जिससे नराज सारे कार्यकता वही आयुक्त कार्यालय के आगे बैठ गए व जमकर नारेबाजी करी । कई घंटे बाद आयुक्त बरेली मंडल ने अधीनस्थ अधिकारी को भेजकर ज्ञापन लिया। इस प्रदर्शन में सभी जिलों के जिलाध्यक्ष बरेली से राम सिंह मौर्य, बदायूं से भूदेव, शाहजहांपुर से राजीव यादव, पीलीभीत से अमित मिश्रा, फर्रुखाबाद के महासचिव और प्रदेश शाखा प्रमुख जनक प्रसाद व सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बिना अनुमति के बेसमेंट का निर्माण किया जाना अवैध खनन माना जाएगा: डीएम

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी ने सूचित किया है कि परियोजनाओं एवं ऐसे व्यवसायिक भवन, जिनके बेसमेंट का क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर से अधिक हो, के परियोजना प्रस्तावक/ आवेदक द्वारा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमानुसार, 1963 (यथा संशोधित) के नियम-52 के अन्तर्गत अनुज्ञा पत्र लिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के बेसमेंट का निर्माण किया जाना अवैध खनन की श्रेणी में माना जायेगा और अवैध खनन पाये जाने पर उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमानुसार, 2021 के नियम-58 के अन्तर्गत यह प्राविधान है, कि जो कोई नियम-3 के उपबंधों का उल्लंघन करें व दोष सिद्ध हो जाने पर दोनों में से किसी एक प्रकार के कारावास से दण्डनीय होगा। जो पांच वर्ष तक हो सकता है अथवा अर्थदण्ड से दण्डनीय होगा, जो प्रति हेक्टेयर क्षेत्र के लिए अन्यून दो लाख रुपये एवं अधिकतम पांच लाख रुपये तक हो सकता है अथवा दोनों दण्डों से दंडनीय होगा।

## कुख्यात तस्कर की लाखों की संपत्ति सील

**बरेली।** मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित किए गए लाखों की चल अचल संपत्ति को सील कर दिया। बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव सकुटिया याकूत गंज निवासी प्रेमपाल पुत्र काशीराम और उसके भाई शिवचरण की लाखों की संपत्ति पुलिस ने आज सील कर दी जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में बहेड़ी के उप जिलाधिकारी ने प्रेमपाल और उसके भाई शिवचरण के कई ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, कार, जमीन व मकान सील कर दिए जिनको उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से अर्जित किया था।

## सड़क दुर्घटना में दोस्तों की मौत

**बरेली।** मोटर साइकिल सवार दोस्तों को पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एक की इलाज के दौरान मौत हो गई, दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। दोनों लाशों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आंवला थाना क्षेत्र के गांव गुलड निवासी ओमप्रकाश के 14 वर्षीय बेटे लव और अहमद गंज निवासी उसके दोस्त सुखबीर की बीती रात भमोरा थाना क्षेत्र के गांव बलिया और बिछुरईया के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिला अस्पताल में मौजूद लव के पिता ओम प्रकाश ने बताया कि लव कल शाम को अपने दोस्त सुखवीर के साथ उसकी मोटर साइकिल से भमोरा थाने के गांव बिछुरैया स्थित अपनी ननिहाल जाने के लिए घर से चला था लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार है।

# चिटफंड कंपनियों में डूबे पैसे वापस मिलने की उम्मीद में कलेक्ट्रेट पहुंची भीड़

**संवाददाता।** बरेली



**पैसा** डबल करने के लिए चिटफंड कंपनियों में लगाए गए रूपए वापस लेने के लिए कलैक्ट्रेट परिसर में लाखो की संख्या में चिटफंड में लाखो रुपए लगा चुके लोग पहुंचे । कलेक्ट्रेट पर रुपए वापस मिलने की आस में लाखों शहर वासी और ग्रामीणों ने फार्म भरकर जमा किए । भीड़ को काबू करने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पीएसीएल और सहारा आदि अन्य फाइनेंस कंपनियों में एफ डी कराने वालों में एक बार फिर से अपना डूबा रुपया वापस मिलने की आस जगी है। शासन द्वारा प्रदेश भर में ऐसे लोगों की सूची मांगी गई है। शनिवार से ऐसे लोगों की भारी संख्या में कलेक्ट्रेट में भीड़ लगी है। अपर जिलाधिकारी एफ आर के ऑफिस के अलावा कई काउंटर खोले गए हैं । काउंटर पर हजारों की संख्या में लोग अपने कागजात फार्म लेकर आ रहे हैं और अपना जमा कर रहे हैं।

चिटफंड कंपनियों में जमा धनराशि को वापस दिलाने की दिशा में सरकार ने एक नई पहल शुरू की है। इसके लिए सरकार ने कलेक्ट्रेट में एक अलग से काउंटर लगवाया है। जिसमें चिटफंड कंपनियों के पीड़ित व्यक्ति अपना फॉर्म भरकर अपने पैसे वापसी के लिए आवेदन कर रहे हैं। फाइनेंस कंपनी में जमा पैसे के वापस मिलने की उम्मीद में कलेक्ट्रेट में लोगों की भीड़ देखी गई। फॉर्म जमा करने के लिए हजारों की संख्या में लोग लाइन में खड़े है । इन कंपनियों में विशेष कर दो कंपनी पीएसीएल और सहारा के ग्राहकों के सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। फिलहाल लोगों की भीड़ को देखते हुए आवेदन अभी कुछ दिन और चलेंगे।

# सागौन की अवैध लकड़ी को छुड़ाने को लेकर एसडीएम व वन रेंजर में झड़प

● दोनों पक्षों ने की उच्चाधिकारियों से शिकायत



**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**मौदहा** क्षेत्र के वन क्षेत्रों व सड़क किनारे लगे शीशम के बेशकीमती पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं व अधिकारियों की नजरें लगी हुई हैं। बीते पांच दशक में खंडेह के जंगल में खड़े सैकड़ों सागौन के पेड़ व सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ धीरे-धीरे गायब हो गए हैं जिनकी लकड़ी जनपद समेत क्षेत्र में तैनात रहने वाले उच्चाधिकारियों की आलीशान कोठियों की शोभा बढ़ा रही है। मंगलवार को लकड़ी माफियाओं द्वारा काटे गए शीशम के आधा दर्जन पेड़ों की लकड़ी को छुड़ाने के चक्कर में उप जिलाधिकारी व वन क्षेत्राधिकारी के बीच खासी झड़प हो गई।

मौदहा क्षेत्र के खंडेह के जंगल में सागौन के सैकड़ों पेड़ लगे हुए थे इसके अलावा सड़क किनारे भी शीशम के बेशकीमती पेड़ वन विभाग द्वारा लगवाए गए थे लेकिन इन बेशकीमती सागौन व शीशम के पेड़ों पर जनपद व क्षेत्र में तैनात रहने वाले अधिकारियों की नजरें लगी रही जिसके चलते पांच दशक के अंदर खंडेह के जंगल में खड़े सागौन के सैकड़ों पेड़ लकड़ी माफियाओं के माध्यम से काट लिए गए जिसमें अधिकांश लकड़ी उच्चाधिकारियों के बनने वाले आलीशान भवनों की शोभा बढ़ा रही है। वर्तमान समय में अब लकड़ी माफिओं व अधिकारियों की नजरें सड़क किनारे लगे शीशम के बेशकीमती पेड़ों पर गड़ी हुई हैं। मंगलवार को मौदहा अरतरा मार्ग पर लकड़ी माफियाओं ने शीशम के आधा दर्जन पुराने पेड़ों को धराशाई कर उन्हें ट्रैक्टर की ट्राली में लाद ले जा रहे थे तभी शहर में भ्रमण के लिए निकली वन विभाग की टीम को आता देख आरोपी शीशम की लकड़ी से लदी ट्राली मौके पर छोड़ ट्रैक्टर लेकर भाग निकले जिस पर वन दरोगा अमित कुमार ने लकड़ी से लदी ट्राली को वन विभाग कार्यालय लाकर खड़ा कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इधर मंगलवार को तहसील परिसर में स्थित नितिन श्रीवास्तव के आंगन में नीम का एक पुराना हरा पेड़ खड़ा हुआ था जिस पर मंगलवार राजस्व कर्मी ने बिना किसी परमिशन के आरा चलवा पेड़ को धराशाई कर दिया। इसकी जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी राजस्व कर्मी द्वारा हरा पेड़ काटने की कोई अनुमति न दिखा पाने पर उसे अग्रिम कार्रवाई हेतु अपने साथ वन विभाग के कार्यालय ले आई।

इस मामले की भनक लगते ही उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह वन विभाग के कार्यालय पहुंच गए और वन क्षेत्राधिकारी को धमकाते हुए तहसील परिसर में अपना अधिकार जताते हुए बिना किसी कार्यवाही के आरोपी राजस्व कर्मी को छोड़ने का दबाव बनाया और इसके अलावा लकड़ी माफिआओं द्वारा काटी गई शीशम की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर की ट्राली को छोड़ने को लेकर वन क्षेत्राधिकारी को खासा धमकाया लेकिन वन क्षेत्राधिकारी ने उप जिलाधिकारी की न सुनते हुए शीशम की लकड़ी काटने वाले लकड़ी माफिओं व आरोपी राजस्व कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा है हालांकि उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने वन क्षेत्राधिकारी द्वारा लगाए गए अपने ऊपर आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताया है।

उप जिलाधिकारी की इस कार्रवाई व क्षेत्राधिकारी से किए गए व्यवहार को लेकर वन विभाग के स्टाफ में खासा आक्रोश है। क्षेत्र के उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने के चलते क्षेत्र में लकड़ी माफिओं का खाता बोलबाला है जिसके चलते वह जंगल व सड़क किनारे खड़े बेशकीमती पेड़ों को धड़ल्ले से कटवा रहे हैं और उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के चलते वन विभाग उनके सामने बौना नजर आ रहा है। मौदहा क्षेत्र में कई वर्षों से काबिल रहे वन विभाग के अधिकारियों सहित क्षेत्र के आला अधिकारियों के भवनों की जांच की जाए तो निश्चित तौर पर अपनी पहचान खो चुका खंडे गांव का सागौन के जंगल की पोल भी खुल सकती है कि इस जंगल की बेशकीमती लकड़ी किन-किन अधिकारियों के भवनों की शोभा बढ़ा रही है।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन दस को उरई में

**उरई,** जालौन। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी भगवत नारायण ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई द्वारा 10 फरवरी, 2023 को गाँधी इण्टर कालेज, उरई के परिसर में प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला-2023 (मेगा जॉब फेयर) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जालौन सहित देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों, नियोजकों द्वारा टैक्नीकल एवं नान टैक्नीकल दोनों प्रकार के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये संबंधित कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में साईन सर्विस ग्रुप कानपुर, संजीवनी आयुर्वेदा, ब्राइट फ्यूचर आयुर्वेदिक एण्ड हर्बल प्रा.लि., मैनकाइण्ड हैल्थ केयर सर्विस, कैरियर ब्रिज स्किल सॉल्यूशन, बैलसपन इण्डिया लि. गुजरात मे. जुबलिएंट फूड्स वर्क लि. एलआईसी उरई, युवा शक्ति फाउण्डेशन, एलआईसी जालौन, किसान ग्रोथ टैकनोलॉजी प्रा.लि., गिन्नी फिलामेण्टस मथुरा, निमिया, आईसेक्ट रोजगार मंत्रा, सिनर्जी कन्सलटैन्सी, एल एण्ड टी, मैक्स बूपा लाईफ इन्श्योरेन्स, प्रेरणा इन्नोवेटिव साल्यूशन प्रा.लि. आदि बहुत सी कम्पनियाँ द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। मेले में जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक (बीए, बीएससी, बी कॉम), इंजीनियरिंग, आईटीआई, पॉलीटेक्निक कम्प्यूटर व कृषि सहित समस्त योग्यताधारी अभ्यर्थियों हेतु लगभग 2500 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं।

18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के समस्त पुरुष, महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायोडाटा, आवेदन पत्र तथा परिचय पत्र के साथ सीधे गांधी इण्टर कालेज, उरई में पहुंचकर परिसर में बने पंजीयन काउंटरों में तत्काल पंजीयन कराकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।

# झांसी में 23 को मंडलीय पेंशन अदालत होगी आयोजित

**उरई,** जालौन। वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी की अध्यक्षता में 23 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। इस आयोजित पेंशन अदालत में झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर व जालौन के समस्त राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त, मृत शासकीय कार्मिकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवानिवृत्तक लाभों, दावों (यथा-पेंशन, उपादान, सामूहिक बीमा, अवकाश का नगदीकरण, पेंशन पुनरीक्षण आदि) से संबंधित वाद-पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, पुराना विकास भवन, कमिश्नरी कम्पाउण्ड, झांसी मण्डल झांसी में व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल के द्वारा 13 फरवरी को सांय 5 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई वाद-पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे, वाद पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार किये जायेंगे। इस प्रकार दिये जाने वाले वाद-पत्र, प्रत्यावेदन की एक प्रति संबन्धित कार्यालयाध्यक्ष (जहां से कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुआ है) को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि पेंशन अदालत में किसी न्यायालय, शासन द्वारा निर्णीत तथा न्यायालय में विचाराधीन एवं नीतिगत मामलों (जैसा कि वाद पत्र के क्रमांक 16 पर इंगित है) से संबंधित वाद पत्रों, प्रत्यावेदनों पर मण्डलीय पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# जिलास्तरीय अधिकारियों को लगाकर करायें वृक्षारोपण का सत्यापन : अभिषेक आनंद

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कहा कि नहरों में समय से पानी दें, ताकि फसलों की सिंचाई हो सके। एक्सईएन विद्युत से कहा कि ग्राम पंचायतों का बिल निकालकर डीपीआरओ को दें, ताकि जल्द से जल्द भुगतान हो सके।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि में सही ढंग से निरीक्षण कराकर भेजें। उपनिदेशक कृषि राजकुमार से कहा कि अतिवृष्टि व बाढ़ से हुई क्षति का डाटा निकालकर चेक करायें और जल्द भुगतान करायें। निराश्रित गौवंश के बारे में कहा कि जो भुगतान चरवाहों का नहीं हुआ है, उसे जल्द करायें। सीडीओ से कहा कि गौशालाओं की संख्या बढाने को ब्लाक वार प्रस्ताव बनाकर भेजें। लक्ष्य के अनुसार टीकाकरण करायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि दुधारु गौवंश की सुपुर्दगी कराकर प्रगति करायें। आयुष्मान कार्ड में पंचायत सहायकों, आंगनबाडी, आशा, एएनएम को लगाकर प्रगति करायें। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में जिन अधिकारियों को सत्यापन का लक्ष्य दिया गया है, वह तत्काल सत्यापन रिपोर्ट दें। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिये कि मनरेगा के कार्यों में प्रगति करायें। खेल के मैदानों व पार्कों में फोकस कर कार्य करायें।

# 5 लाख का विद्युत सामान ले भागने की शिकायत

**कोंच,** जालौन। पांच लाख रुपये कीमत का विद्युत सामान ले भागने को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई है। ग्राम बररु थाना साहील जिला औरैया निवासी अरुण उर्फरोहित ठाकुर पुत्र बलराम ने मंगलवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वर्तमान में वह सिकरी रोड कोंच पर रहकर विधुत विभाग में वैभव इंटरप्राइजेज के नाम से ठेकेदारी करता है। उक्त कार्य में उसके साथ में विवेक पुत्र बच्चीलाल निवासी ग्राम खासबरा कानपुर देहात लेबर का काम करता है। बीती 26 जनवरी को विवेक करीब 5 लाख रुपये कीमत का विद्युत सामान पिकप में लादकर भाग गया जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चल सका है।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी पर पीड़िता ने लगाया शोषण का गम्भीर आरोप

**संवाददाता।** चित्रकूट

**सीतापुर** पुलिस चौकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह वन स्टाप सेंटर कर्वी चित्रकूट में सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर कार्य कर रही है। विभाग के जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करते हैं। पीड़िता के पक्ष में सामाजिक संगठनों ने चेताया है कि पांच दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर आन्दोलन को बाध्य होंगे।

मंगलवार को सीतापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे अश्लील हरकत करने के साथ छेड़छाड़ करते हैं। इच्छापूर्ति न करने पर सेवा मुक्त करने की धमकी देते हैं। छह सितम्बर को अपरान्ह ढाई बजे संजय श्रीवास्तव के जरिये रामबाबू विश्वकर्मा ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि वह उसकी व संजय श्रीवास्तव की एक बार इच्छा पूरी कर दो तो उसका प्रमोशन करवा देंगे। पहले प्रमोशन के निमित्त विश्वकर्मा उससे दो लाख रुपया ले चुका है और संजय श्रीवास्तव ने भी दो लाख रुपये लिए हैं। पीड़िता ने बताया कि रामबाबू विश्वकर्मा ने छह सितम्बर को आफिस बुलाकर अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार किया था। विरोध कर इज्जत बचाकर उसके आफिस से बाहर भाग आई। संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन छेड़छाड़ कर इच्छापूर्ति का दबाव बनाता है। घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से किया तो रामबाबू विश्वकर्मा ने नौ सितम्बर 2022 को उसे निलम्बित कर दिया। इसके बाद भी दोनों उसके आवास पहुंचकर अभद्र हरकतें कर प्रताड़ित करते हैं। उसके पास बातचीत की रिकार्डिंग भी मौजूद हैं।

पीड़िता इन दोनों की धमकी से भयभीत व जानमाल के खतरो के प्रति आशंकित है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सामाजिक संगठनों के शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सुशांत मिश्रा, राजदीप परौंहा, महेश, विमल सिंह व सूर्यभान सिंह ने चेताया है कि पांच दिनों के भीतर पीडित महिला के शिकायती पत्र पर कार्यवाही न होने पर वे सभी लोग आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस बारे में जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा का कहना है कि महिला द्वारा लगाये गये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## क्विक न्यूज

### श्रीराअबाइंका में इंटर की छात्राओं को दी गई विदाई



**फतेहपुर।** शहर के देवीगंज स्थित श्रीमती रामा अग्रहरि बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को इंटर की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने इंटर की छात्राओं को विदाई दी। विदाई के दौरान छात्राओं के आंसू छलक पड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय संरक्षक पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त ने शिरकत की। संरक्षक व प्रधानाचार्य मोनी गुप्ता ने इंटर की छात्राओं को तिलक लगाकर शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने भी इंटर की छात्राओं को विदाई दी। विदाई के दौरान छात्राओं के आंसू छलक पड़े। पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी छात्राएं मेहनत करके इंटर की बोर्ड परीक्षा दें। अच्छे अंक लाकर अपना, अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। इस मौके पर रंजना शुक्ला, सविता उमराव, संध्या गुप्ता, गंगा प्रसाद गुप्ता, प्रवीण कुमार के अलावा अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाई

**कुसमिलिया, जालौन।** डकोर थाना क्षेत्र के कुसमिलिया गांव में मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने ही घर के एक कमरे में फांसी का फंदा डालकर जीवन लीला समाप्त कर ली। आनन फानन में परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुसमिलिया गांव निवासी विक्रम (28) पुत्र प्रीतम ने मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों से अपने ही घर के एक कमरे में फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। विक्रम की हालत गंभीर देख परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई ले गए। डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद से ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


### प्रेम विवाह के 6 महीने बाद ही प्रेमिका ने की आत्महत्या

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** प्रेम विवाह के 6 महीने बाद ही प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मौके पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने मौत के लिए ससुराली जनों को जिम्मेदार बताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। यह दुखद एवं सनसनीखेज घटना आज कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर में घटी ।.बताया गया कि मृतका ने अपने प्रेमी के साथ अभी 6 माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। प्रेम विवाह करने वाली इस विवाहिता का शव आज उसी के घर के कमरे में साड़ी से बनाए गए फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। मृतका का नाम राधा बताया गया । जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज के गांव सितौरा निवासी रामअवतार तथा लजावती की राधा 20 वर्षीय बेटी थी। यहां के लोगों ने बताया कि राधा ने इसी गांव नरसिंहपुर निवासी कुलदीप से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद कुलदीप और राधा खुशी . खुशी अपना दंपति जीवन बिता रहे थे । लेकिन अचानक आज न जाने क्यों राधा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राधा की एक बहन की शादी पहले से ही इसी गांव में मोतीलाल के साथ हुई थी । इसी संबंध के चलते राधा यहां आती जाती थी। इसी बीच वे दोनों एक दूसरे के पास आ गए और प्रेम विवाह करके पति.पत्नी के रूप में रहने लगे थे।

### गांव रवा में चोरों ने एक घर से पार की नगदी व जेवर

**कोंच, जालौन।** गांव रवा में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर नगदी समेत जेवर चोरी कर लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली की भेंड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम रवा निवासी सोनू महाराज सोमवारध्मंगलवार की रात अपने खेत में पानी लगाने गया हुआ था जबकि घर पर उसकी पत्नी अकेली थी और पिता पुरुषोत्तम दास अपने दूसरे घर पर लेटे हुए थे। तभी घर के अंदर घुसे अज्ञात चोर बगैर दरवाजों के कमरे में रखे बक्शे अलमारी के ताले तोड़कर 80 हजार रुपये नगद व सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गये। सुबह सोनू जब खेत से घर पहुंचा तब उसे चोरी की घटना का पता चल सका। वहीं घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शिवनारायण वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित गृहस्वामी सोनू ने बताया कि सोमवार को ही वह हरी मटर का पेमेंट लेकर आया था। उसने पुलिस से घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### सुनीता गुप्ता को मिली पीएचडी की मानद उपाधि



**कोंच, जालौन।** नगर के मुहल्ला पटेल नगर निवासी स्व उमाशंकर लोहिया की पुत्रवधू सुनीता गुप्ता को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया है। उन्होंने गृह विज्ञान विषय में ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ एडजस्टमेंटस ऑफ जैरियाट्रिक्स ग्रुप एमंग वैरीयस टाइप्स ऑफ सेट अपस विषय पर शोध कार्य विश्वविद्यालय की प्रो डॉ मेघना के निर्देशन में पूरा किया है। सोमवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उन्हें यह उपाधि प्रदान की गयी। सुनीता वर्तमान में जनता इंटर कॉलिज औरैया में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। पति अवनीश लोहिया एसआरपी इंटर कॉलिज कोंच में प्रवक्ता हैं जबकि जेठ सुनील लोहिया भाजपा कोंच नगर अध्यक्ष हैं। सुनीता को पीएचडी की उपाधि मिलने पर नगरवासियों ने हर्ष जताया है।

### क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के आठ छात्र छात्राएं जेईई मैस में चयनित

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के जलालपुर रोड स्थित क्रेस्ट फॉर एजुकेशन शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत 4 छात्रों ने 90 पर्सेंटाइल से ज्यादा पर्सेंटाइल हासिल कर उनका चयन आईआईटी मेंस में हुआ है। आईआईटी, एनआईटी. देश के अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों में माने जाते हैं। सोमवार की रात घोषित हुए आईआईटी जेईई मेंस के एग्जाम में लकी गुप्ता ने 99.34 पर्सेंटाइल अर्जित किये। इसके अतिरिक्त सुयश गुप्ता ने 96.89 पर्सेंटाइल, अनुज सिंह ने 96.59 पर्सेंटाइल, अभिषेक आर्य ने 92.66 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। बताते चलें कि क्रेस्ट संस्थान बीते सात सालों से लगातार एनटीएसई व आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार चयन देता आ रहा है। संस्थान के मैनेजर विनय गुप्ता ने कहा कि परीक्षा में बेहतरीन परिणाम का श्रेय बच्चों को ही जाता है। अध्यापक तो केवल मार्गदर्शन देते हैं। बेहतरीन परीक्षा परिणाम छात्र की वर्ष भर की मेहनत होती है। हमारी कोशिश यही है कि जिस पढ़ाई के लिए परिवार को लाखो खर्च करने होते है वह शिक्षा यहां उनको कम खर्चे में प्राप्त हो जाती है।बैच में 6 छात्र थे जिसमें से 4 ने 90 से अधिक पर्सेंटाइल अर्जित किया।

# कालपी के अधिवक्ताओं ने रखी हड़ताल, सौंपा मांगों का ज्ञापन



**कालपी**, जालौन। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रदेश के आवाहन पर कालपी के अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ताओं के हितार्थ कई मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम कालपी अभिषेक कुमार को सौंपा! ज्ञापन में लिखा गया कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए और आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि 79 समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबे दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। जिलों में एवं तहसील में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए। अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि दिया जाए 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए। एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। अत: उपरोक्त समस्याओं पर अभिलंब विचार करके उपरोक्त समस्याओं का जल्द से जल्द निदान करने की राज्यपाल से मांग की गई। इस मौके पर अधिवक्ता जय किशोर कुलश्रेष्ठ बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालपी, राजेश कुमार यादव एडवोकेट महामंत्री बार एसोसिएशन कालपी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभु दयाल पासवान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश चंद्र निषाद, संयुक्त मंत्री कुंवर वरुण प्रताप सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मंगल सिंह यादव, मनोज सिंह जाटव, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रिंकू कुशवाहा, संजय सिंह आशुतोष श्रीवास्तव, रामकुमार तिवारी, रवि तिवारी, महाराज सिंह पाल, रामजी रामसखा, अखिलेश अहिरवार, दीपचंद्र सैनी सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# तलाक देने वाले पति ने शरीया कानून की दुहाई दे पिता के द्वारा हलाला कराये जाने की दी धमकी

## पीड़िता ने लगायी जिले के आलाधिकारियों से गुहार

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**तलाक** देने वाले पति ने शरीयत कानून की धमकी दे पिता के द्वारा हलाला कराने को कहा, पीड़िता ने जिले के आलाधिकारियों से गुहार लगायी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा के मोहगा तलैया साहबजादगान निवासी मोहम्मद शाकिर की पुत्री अर्शी फातिमा न आज न्याय पाने के लिए जिले के आलाधिकारियों से गुहार लगाई है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार डीएम कार्यालय से निकलकर अपनी गाड़ी में बैठे ही थे तभी उसी समय पीड़ित महिला उनके वाहन के पास खड़ी हो गई। सुरक्षाकर्मी ने महिला का प्रार्थना पत्र लेकर मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार को दिया। मामले को गंभीर देखकर मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार वापस डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने महिला की आप बीती फ़रियाद सुनी और पीड़िता इस दौरान रोने लगी और जमीन पर बैठकर हाथ जोड़कर न्याय देने के लिए फ़रियाद करने लगी। सुरक्षाकर्मी ने महिला को उठाया और कहा आराम से अपनी बात बताओ। थोड़ी देर बाद ही जब डीएम संजय कुमार ने पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ित महिला ने डीएम को भी शिकायती पत्र दिया। शिकायत के मुताबिक थाना मऊदरवाजा पुलिस ने महिला की शिकायत पर अपराध संख्या 373-2022 धारा 323 504 506 धारा-4 मुस्लिम महिला अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। अर्शी फातिमा का आरोप है पुलिस ने अभी तक अभियुक्तों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।

विवेचक में मोटी रकम लेकर नामजद आरोपी सईद उगा रिहाना निदा फैजी शोएब मुशीर सरवर हाफिज मास्टर का नाम मुकदमे से निकाल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि एटा के मोहगा काजी मारहरा निवासी पति अली अशरफ कादरी शातिर किस्म का है। जिसने मुझे तीन तलाक दे दिया विरोध करने पर मेरी जमकर पिटाई की और तमंचा दिखाकर धमकाया कि यदि कोई कानूनी कार्रवाई की तो तेरी लाश का भी पता नहीं चलेगा। पति अली अशरफ ने चेतावनी दी है कि पिता से हलाला कराने के बाद ही तुझे घर पर रखेंगे हम शरीयत कानून को मानते हैं। महिला ने आशंका जाहिर की है कि मुकदमे की पैरवी में फतेहगढ़ अदालत आते जाते समय पति मेरी मां मेरी वृद्ध मां की हत्या करवा सकता है। न्याय न मिलने के कारण मैं मासूम बच्ची के साथ दर-दर भटक रही हूं।

महिला ने चेतावनी दी है कि मेरे जाहिर पति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो मैं मासूम बेटी के साथ आत्महत्या कर लूंगी। महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की गुहार जिले के आलाधिकारियों से की है। अब देखना यह है कि जिले के आलाधिकारी उसके पति के खिलाफ कोई उचित कार्रवाई करते हैं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# ट्रांसपोर्ट संचालक की सूझबूझ से फर्जीवाड़े का खुलासा

● पुलिस ने डीसीएम सहित चालक व हेल्पर को लिया हिरासत में




**संवाददाता।** जालौन, (उरई)

**फर्जी** नंबर प्लेट व फर्जी कागज लगाकर ट्रांसपोर्ट पर मटर की फली लादने के लिए डीसीएम गाड़ी खड़ी की। शक होने पर ट्रांसपोर्ट संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लिया और डीसीएम चालक व हेल्पर को हिरासत में लिया। सीओ ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया।

उन्नाव जिले के बेगम नगर निवासी कलीम सब्जी मंडी में दुकान नंबर 27 पर खान ट्रांसपोर्ट चलाते हैं। इस समय हरी मटर का सीजन चल रहा है। वह ट्रांसपोर्ट पर आने वाले वाहनों का व्यापारियों से संपर्क कराकर मटर लदवाकर भेज देते हैं। मंगलवार रात उनके ट्रांसपोर्ट पर डीसीएम चालक अनिल कुमार पुत्र पूनमचंद्र निवासी विलपांग तहसील रतलाम मध्यप्रदेश आया और ट्रांसपोर्ट संचालक को कहा कि वह उसकी डीसीएम में मटर लदवाकर भेज दें। वह डीसीएम में 15 टन मटर लाद लेगा और भाड़ा भी वह अपने हिसाब से दे दें। जबकि अन्य डीसीएम चालक भाड़ा तय करके 10 से 12 टन मटर ही लादकर ले जाते हैं। उसकी बातों पर शक होने पर जब ट्रांसपोर्ट संचालक ने उसकी डीसीएम के कागज मांगे तो उसने फर्जी कागजात दिखा दिए। जिसकी सूचना ट्रांसपोर्ट संचालक ने पुलिस को दी। उक्त मामले का कोतवाली में खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांडेय व कोतवाल कुलदीप तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि पुलिस ने जब डीसीएम के कागज और चेचिस व इंजन नंबर का मिलान किया तो वह सब फर्जी निकले। जिसके बाद कोतवाली में डीसीएम चालक अनिल कुमार, हेल्पर विजय मंडलोई पुत्र गोरधन निवासी ग्राम रिटौडा थाना कानवन जिला धार मध्यप्रदेश व डीसीएम स्वामी शक्ति सिंह राठौर पुत्र भगवान सिंह निवासी गंगाखेड़ी थाना व जनपद झाबुआ मध्य प्रदेश के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस द्वारा ट्रक चालक व हेल्पर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# भाकियू की बैठक में किसान व मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक बैठक धाता ब्लाक के ग्राम पौली में आयोजित हुई। जिसमें किसानों के साथ-साथ मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन मजबूती के उद्देश्य से पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शाहिद शेख ने की। बैठक को संबोधित करते हुए शेख ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे। किसानों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात संगठन मजबूती के लिए युवा प्रकोष्ठ का कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही पौली ग्राम पंचायत की युवा प्रकोष्ठ कमेटी वं मेन बाडी का भी गठन हुआ। मुकीम अहमद को ग्राम पंचायत अध्यक्ष, शमशुल हक, मुराद अहमद को उपाध्यक्ष, फूलचंद्र को महासचिव के अलावा कमेटी में पप्पू पासवान को ग्राम पंचायत अध्यक्ष, रामनाथ पासवान को उपाध्यक्ष, मोहर्रम अली को उपाध्यक्ष, इरशाद अहमद को अध्यक्ष, सुनील कुमार पासवान को महासचिव, केशलाल पासवान को सचिवव अनिल कुमार को ग्राम पंचायत पौली का सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में धर्म सिंह चौहान, छोटू सिद्दीकी, ऐजाज सिद्दीकी, अहमद अलीम आदि उपस्थित रहे।

# तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप में मृतक संख्या 6200 हुई





एपी। अदन (तुर्किए)

**तुर्किए** और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप और उसके बाद के झटकों के कारण धराशाई हुई इमारतों में से और शवों के बरामद होने से मृतकों का आंकड़ा पांच हजार की संख्या को पार कर गया है। हजारों इमारतों के मलबे में बचे लोगों को ढूंढ़ने के लिए बचावकर्मी काम में लगे हुए हैं।

दुनियाभर के देशों ने बचाव एवं राहत कार्यों में मदद के लिए टीम भेजी है। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि 24,400 से अधिक आपातकालीन कर्मी मौके पर मौजूद हैं। लेकिन सोमवार के भीषण भूकंप से बड़े इलाके के प्रभावित होने और अकेले तुर्किए में ही लगभग 6,200 इमारतों के ढहने की पुष्टि के साथ उनके प्रयास बहुत कम साबित हो रहे हैं। आपदा में बचे हुए लोगों तक पहुंचने के प्रयास में शून्य से नीचे का तापमान और करीब 200 की संख्या में आए भूकंप के बाद के झटके भी बाधा बन रहे हैं, इससे अस्थिर ढांचों के भीतर लोगों को खोजना काफी खतरनाक हो गया है। नूरगुल अताय ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हते प्रांत की राजधानी अंताक्या में ध्वस्त इमारते के मलबे में दबी अपनी मां की आवाज को वह सुन सकती थीं , लेकिन उनके और अन्य लोगों के मलबे के अंदर घुसने के प्रयास राहतकर्मियों और भारी उपकरण न होने के कारण व्यर्थ चले गए। उन्होंने कहा कि उनकी मां 70 साल की थीं और ज्यादा समय तक जूझने में सक्षम नहीं थीं। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के केंद्र के दक्षिण पूर्व में स्थित हते में करीब 1500 इमारतें जमींदोज हो गईं और कई लोगों ने अपने परिजनों के मलबे में फंसे होने और किसी बचाव दल या मदद के नहीं पहुंचने की शिकायत की है।

तुर्किए के दक्षिण-पूर्वी प्रांत कहमनमारस में केंद्रित भूकंप ने दमिश्क और बेरूत के निवासियों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। सीरिया में डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के मिशन प्रमुख सेबस्टियन गे ने कहा कि उत्तरी सीरिया में चिकित्सा कर्मी जी जान से जुटे हैं जो भारी संख्या में आए घायलों के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

तुर्किए के हते प्रांत में हजारों लोगों ने खेल केंद्रों या मेला हॉल में आश्रय लिया, जबकि अन्य लोगों ने बाहर रात बिताई और अलाव का सहारा लिया। इस्केंदरून बंदरगाह के एक इलाके से काला-घना धुआं उठ रहा है, जहां दमकल कर्मी अभी तक आग बुझाने में सफल नहीं हुए हैं। यह आग भूकंप के कारण पलटे मालवाहक कंटेनर (शिपिंग कंटेनर) में लगी थी। तुर्किए के उपराष्ट्रपति फुअत ओकते ने बताया कि तुर्किए में भूकंप के कारण मरने वालों की संख्या 3400 से अधिक है और 20,534 लोग घायल हुए हैं। तुर्किए और सीरिया में भूकंप से 5021 लोगों की मौत हुई है और 1602 लोग घायल हैं।

स्वस्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सीरिया सरकार के कब्जे वाले इलाके में मृतकों की संख्या 812 हो गई जबकि 1450 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों को आशंका है कि सोमवार तड़के आए भूकंप और बाद के झटकों से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बचावकर्मी मंगलवार को भी मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। कम तापमान और भूकंप के बाद के करीब 200 झटके महसूस किए जाने के कारण बचाव कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मदद की नवीनतम प्रतिद्धता के तहत दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक एओल ने कहा कि वह 60 सदस्ईय बचाव दल के साथ-साथ चिकित्सा सामग्री और 50 सैनिकों को तेजी से भेजने की तैयारी में हैं। पाकिस्तान की सरकार ने मंगलवार तड़के राहत सामग्री और 50 सदस्ईय खोज और बचाव दल को एक विमान से तुर्किए भेजा। पाकिस्तान ने कहा कि सीरिया और तुर्किए के लिए बुधवार से दैनिक सहायता उड़ानें होंगी। भारत ने कहा कि वह विशेष रूप से श्वान दस्तों और चिकित्सा कर्मियों सहित दो खोज और बचाव दल भेजेगा। इस्लामाबाद के एक बयान के मुताबिक, पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करने के लिए बुधवार को अंकारा की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो सहयोगी तुर्किए के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और सहायता की पेशकश करने के लिए एर्दोआन से फोन पर बातचीत की। अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस ने कहा कि वह तुर्किए के प्रयासों में मदद के लिए खोज और बचाव दल भेज रहा है। सीरियाई शहर अलेप्पो और तुर्किए के दियारबाकिर शहर के बीच के 330 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले इलाके में हजारों इमारतों के ध्वस्त होने की खबर है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने सोमवार को आए भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी जिसका केंद्र जमीन के नीचे 18 किलोमीटर था। शायद पहले भूकंप के कारण दूसरा भूकंप 100 किलोमीटर दूर आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.5 थी।

# दुनिया पर मंडरा रहा है व्यापक युद्ध का खतरा : एंतोनियो गुतारेस



एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को आगाह किया कि दुनिया अभी तक के सबसे चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रही है और उस पर एक व्यापक युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। गुतारेस ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को इस माह के अंत में एक साल पूरा होने जा रहा है। गुतारेस ने कहा कि 2023 में दुनिया की स्थिति का सर्वेक्षण करने वाले विशेषज्ञों ने दावा किया कि डूम्सडे क्लॉक में मध्य रात्रि (रात के 12 बजे) होने में अभी केवल 90 सेकंड का वक्त बचा है, जो पूर्ण वैश्विक तबाही के सबसे करीब है।

बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स के अनुसार, डूम्सडे क्लॉक मानव निर्मित वैश्विक तबाही की आशंका को दर्शाने वाला प्रतीक है। विश्व निकाय के महासचिव ने यूक्रेन में युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, जलवायु तबाही, बढ़ते परमाणु खतरे, दुनिया के अमीरों तथा वंचित वर्ग के बीच बढ़ती खाई और भू-राजनीतिक विभाजन...वैश्विक एकजुटता व विश्वास को कम कर रहे हैं। गुतारेस ने 193 सदस्य देशों की महासभा से निकट भविष्य में फैसले करने के अपने नजरिए को बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी कदम का कल हम पर क्या असर होगा उसे देखते हुए कार्वाई करना गैर जिम्मेदाराना और अनैतिक है।उन्होंने कहा कि इस साल यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स (मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा) की 75वीं वर्षगांठ यह याद दिलाने वाली होनी चाहिए कि सभी लोगों के अपरिहार्य अधिकारों की नींव स्वतंत्रता, न्याय और शांति है।

गुतारेस ने कहा कि आज जिस बदलाव की जरूरत है, उसकी शुरुआत शांति से होनी चाहिए, जिसकी शुरुआत यूक्रेन में होनी चाहिए...जहां दुर्भाग्य से शांति की संभावनाएं कम होती जा रही हैं और तनाव तथा खून-खराबे की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने कहा, दुनिया आंख बंद करके एक बड़े युद्ध की ओर नहीं बढ़ रही। बल्कि पूरी तरह स्थिति से सजग होकर उसकी ओर बढ़ रही है। गुतारेस ने कहा न केवल यूक्रेन में बल्कि दशकों पुराने इज़राइल-फलस्तीनी संघर्ष, अफगानिस्तान जहां महिलाओं व लड़कियों के अधिकार खतरे में है...अफ्रीका का साहेल क्षेत्र जहां सुरक्षा संबंधी समस्या चिंताजनक स्तर पर पहुंच रही है.... दुनिया को हर जगह शांति स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

## रूस की गोलाबारी से यूक्रेन के एक अस्पताल में लगी आग

**कीव।** यूक्रेन में रूसी गोलाबारी में और अधिक संख्या में नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इस गोलाबारी में एक शहर के अस्पताल में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों को आशंका थी कि हमले की वर्षगांठ के करीब रूस नए सिरे से हमले करेगा, लेकिन यह अभी हो जाएगा ऐसा अनुमान नहीं लगाया था। क्षेत्रीय यूक्रेनी आपातकालीन सेवा की ओर से बताया गया कि गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरपूर्वी शहर वोवचांस्क के एक अस्पताल में सोमवार देर रात आग लग गई। पूर्वोत्तर खारकीव क्षेत्र की राज्य आपातकालीन सेवा ने एक ऑनलाइन बयान जारी करके कहा कि गोलाबारी से शहर में कई जगह आग लग गई जिसमें नगरपालिका अस्पताल की दो मंजिला इमारत शामिल है। अनुमाति रूसी हमला उन क्षेत्रों को हासिल करने के लिए हो सकता है जिन्हें मॉस्को ने गंवा दिया था। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि उन्हें देश के पूर्वी और दक्षिणी इलाके में रूस के नए हमले की आशंका है क्योंकि क्रेमलिन अवैध रूप से हासिल किए गए क्षेत्रों को अपने पास सुरक्षित रखना चाहता है। मैदान-ए-जंग में हुए नुकसान से क्रेमलिन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शर्मिंदगी का सामाना करना पड़ा, लेकिन पुतिन युद्ध को प्रति जनता के समर्थन को पुख्ता करने के इच्छुक हैं।

## युद्ध की तैयारी को और पुख्ता करे उत्तर कोरियाई सेना : किम

**सियोल ( दक्षिण कोरिया )।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना को युद्ध अभ्यास का विस्तार करने और जंग की तैयारियों को मजबूत करने का आदेश दिया है। इसे उत्तर कोरिया के बढ़ते मिसाइल एवं हथियार परीक्षण कार्यक्रम से कोरियाई प्रायद्वीप में बढ़ते तनाव के बीच प्योंगयांग द्वारा शक्ति प्रदर्शन की एक और कवायद के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि किम ने सोमवार को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान, उन्होंने सशस्त्र बलों को रक्षा विकास के क्षेत्र में एक नए चरण की शुरुआत करने के लिए जीत दिलाने वाले हैरतअंगेज कारनामे दिखाने और अतुलनीय सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। एजेंसी के मुताबिक, बैठक में शामिल आयोग के सदस्यों ने सेना में महान बदलाव लाने पर केंद्रित विभिन्न कार्यों पर चर्चा की, जिसमें युद्ध और लड़ाकू अभियानों के अभ्यास का लगातार विस्तार करना तथा युद्ध संबंधी तैयारियों को और अधिक पुख्ता करना शामिल है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब उत्तर कोरिया द्वारा बुधवार को कोरियन पीपुल्स आर्मी के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर राजधानी प्योंगयांग में भव्य सैन्य परेड निकाले जाने के संकेत मिल रहे हैं।

# पाकिस्तान में विकिपीडिया पर लगाया गया प्रतिबंध हटा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने विकिपीडिया नामक वेबसाइट पर दो दिन पहले लगाया गया प्रतिबंध तत्काल प्रभाव सै मंगलवार को हटा लिया। कथित ईशनिंदा वाली सामग्री वेबसाइट से नहीं हटा कर मुस्लिमों की भावनाओं को आहत करने के कारण पाकिस्तान के दूरसंचार नियामक ने ऑनलाइन विश्वकोश (विकिपीडिया) पर प्रतिबंध लगा दिया था।

पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण ने आपत्तिजनक सामग्री हटाने के लिए दी गई 48 घंटे की समय सीमा की अनदेखी करने के कारण विकिपीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया था।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तीन सदस्ईय एक मंत्रालई समिति की सिफारिश के बाद, सोमवार को अधिकारियों को विकिपीडिया पर से प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया। पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने प्रधानमंत्री के आदेश को अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि वेबसाइट (विकिपीडिया) की सेवाएं तत्काल प्रभाव से बहाल की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने विकिपीडिया और अन्य ऑनलाइन सामग्री से संबंधित मामलों पर गौर करने के लिए एक कैबिनेट समिति भी गठित की है। विकिपीडिया एक निशुल्क ऑनलाइन विश्वकोश है, जिसे दुनिया भर के स्वयंसेवियों द्वारा संपादित किया जाता है।

नियामक के प्रवक्ता मलहत ओबैद ने कहा, ऐसी चीजों से मुसलमानों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा कि वेबसाइट को सुनवाई का अवसर भी दिया गया था, लेकिन उसने न तो ईशनिंदा सामग्री को हटाने के आदेश का पालन किया और न ही प्राधिकरण के समक्ष पेश हुआ। वेबसाइट का संचालन करने वाले विकिमीडिया फाउंडेशन ने पिछले शुक्रवार को कहा था, "विकिपीडिया पर कौन सी सामग्री शामिल की गई है या उस सामग्री को कैसे बनाए रखा जाता है, इस बारे में वह फैसला नहीं करता है। आलोचकों ने विकिपीडिया पर प्रतिबंध लगाने के कदम की निंदा करते हुए कहा था कि यह सूचना तक पहुंचने के पाकिस्तानियों के अधिकारों का उल्लंघन है।



आस्ट्रेलिया के कैनबरा में पार्लियामेंट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस करते न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हैपकिंस व आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अलबेन्स

# मुंबई आतंकवादी हमले की यादें अब भी ताजा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले की यादें भारत और अमेरिका दोनों देशों के जेहन में अब भी ताजा हैं। बाइडन प्रशासन ने सोमवार को यह बात कही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 2008 में मुंबई में जो आतंकवादी हमला हुआ था, उसकी यादें बेशक आज भी ताजा हैं। वे भयानक यादें यहां (अमेरिका) और भारत में अब भी ताजा हैं। उन्होंने कहा, हम सब उस दिन के भयानक मंजर को याद कर सकते हैं, होटल पर हमला, उससे हुआ रक्तपात, और यही कारण है कि हमने इसके साजिशकर्ताओं की जवाबदेही तय करने पर जोर देना जारी रखा है, न सिर्फ उन हमलावरों की जवाबदेही, जिन्होंने उस दिन इतने निर्दोष लोगों की जान ली, बल्कि उन आतंकवादी समूहों की भी, जिनका हाथ इस हमले के पीछे था और जिन्होंने इन्हें अंजाम देने में मदद की थी।

भारत के इतिहास में हुए सबसे भयानक आतंकवादी हमलों में से एक 26।11 के मुंबई हमले में 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक घायल हुए थे। इस दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों ने हमले को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के 10 आतंकवादियों में से नौ को मार गिराया था, जबकि अजमल कसाब इकलौता आतंकी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया था। कसाब को चार साल बाद 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई थी।

# संरा में कश्मीर मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने पाक को लताड़ा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा है कि इस्लामाबाद में असुरक्षा की गहरी भावना है और इसने भारत एवं इसकी धर्मनिरपेक्ष छवि के खिलाफ नफरत फैलाने की साजिश रची है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर राजेश परिहार ने सोमवार को कहा कि इस्लामाबाद भारत के बारे में बार-बार झूठ बोल रहा है। उन्होंने यूएनजीए में कहा, मेरे देश के खिलाफ पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा की गई तुच्छ टिप्पणियों का जवाब देने के लिए मुझे इस मंच का इस्तेमाल करने की जरूरत पड़ी। बार-बार झूठ का सहारा लेने की मानसिकता रखने वाले पाकिस्तान का इस तरह का बयान हमारी सहानुभूति का हकदार है। साथ ही, मेरे लिए, सही बात रखना महत्वपूर्ण है।

परिहार ने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि का चाहे जो कुछ भी मानना हो, केंद्र शासित क्षेत्रों जम्मू कश्मीर और लद्दाख सदा ही भारत का अक्षुण्ण एवं अभिन्न हिस्सा रहे हैं, अब भी हैं और हमेशा रहेंगे। हम इस प्रतिनिधि से कुछ नई चीज की उम्मीद नहीं करते हैं, जो असुरक्षा की गहरी भावना रखता है तथा भारत एवं इसकी धर्मनिरपेक्ष छवि और मूल्यों के खिलाफ नफरत की साजिश रचता है।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद, दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। शुरूआत में, परिहार ने सीरिया और तुर्किए में सोमवार को आए विनाशकारी भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा, भारत, सीरिया और तुर्किए के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है तथा इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार है।

# ऋषि सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर नए मंत्रालय बनाए



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए ऊर्जा केंद्रित विभाग बनाने के लिए चार नए या पुनर्गठित मंत्रालय बनाने की मंगलवार को घोषणा की। ऊर्जा सुरक्षा और नेट जीरो पर नए विभाग को ब्रिटेन के लिए दीर्घकाल तक ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने, घरेलू बिलों को कम करने तथा मुद्रास्फीति आधी करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उन्होंने अपनी सरकार में विज्ञान, नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी के लिए एक नया समर्पित विभाग, कारोबार एवं व्यापार के लिए संयुक्त विभाग बनाने के वास्ते कारोबार और व्यापार विभागों का विलय करने तथा संस्कृति, मीडिया एवं खेल विभाग को पुनर्गठित करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल में यह फेरबदल तब किया गया है जब सुनक ने मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाए जाने को लेकर अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को बर्खास्त कर दिया था। ग्रांट शैप्स को ब्रिटेन का नया ऊर्जा सुरक्षा और नेट जीरो मंत्री नियुक्त किया गया है। मिचेल डोनेलान ने विज्ञान, नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी विभाग तथा लूसी फ्रेजर ने संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री का प्रभार संभाला। इस बीच, ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बदेनोच नए संयुक्त विभाग में कारोबार और उद्योग का अतिरिक्त प्रभार संभालते हुए अपने पद पर बनी हुई हैं।

# इस्लामिक आतंकवाद का नया वैश्विक केंद्र उपसहारा अफ्रीका : संरा

● संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में किया गया दावा

एपी। नैरोबी (केन्या)

**हिंसक** इस्लामिक आतंकवाद का नया वैश्विक केंद्र उपसहारा अफ्रीका है जहां लोग धार्मिक कारणों से कम और आर्थिक कारणों से अधिक प्रभावित होकर इसमें बढ़चढ़कर शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी की एक नई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यूएनडीपी की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि बेहतर आजीविका के लिए चरमपंथी समूहों में भर्ती होने वालों की संख्या में उन लोगों की अभिप्रेरणा के सापेक्ष 92 फीसदी की वृद्धि हुई है जिनका साक्षात्कार वर्ष 2017 में जारी रिपोर्ट के लिए लिया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से अफ्रीकी लोगों का जीवन कोविड-19 महामारी, अधिक महंगाई और जुलवायु परिवर्तन के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धार्मिक वजहों के कारण चरमपंथी समूहों में शामिल होने वाले लोगों की संख्या में 57 फीसदी कमी आई है। रिपोर्ट के लिए आठ अफ्रीकी देशों बुर्किना फासो, कैमरून, चाड, माली, नाइजर, नाइजीरिया, सोमालिया और सूडान में लगभग 2,200 लोगों का साक्षात्कार लिया गया। इसमें कहा गया है कि साक्षात्कार देने वाले।,000 से अधिक लोग हिंसक चरमपंथी समूहों के पूर्व सदस्य (स्वैच्छिक और जबरन भर्ती किए गए) हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2017 के बाद से पूरे अफ्रीका में कम से कम 4,155 हमले दर्ज किए गए और इन हमलों में 18,417 लोगों की मौत हुई, जबकि सोमालिया में सबसे अधिक मौतें दर्ज की गईं। यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टेनर ने रिपोर्ट के जारी होने से पहले एक प्रेस वार्ता में कहा, उपसहारा अफ्रीका हिंसक चरमपंथ का नया वैश्विक केंद्र बन गया है जहां वर्ष 2021 में वैश्विक आतंकवाद से होने वाली 48 फीसदी मौतें हुईं। रिपोर्ट में कहा गया कि चरमपंथी समूहों में शामिल होने वालों में से लगभग 71 प्रतिशत राज्य सुरक्षा बलों द्वारा मानवाधिकारों के हनन जैसे कि परिवार के सदस्यों की हत्या या गिरफ्तारी आदि से प्रभावित थे।

## तिब्बती बच्चों को लेकर चीन की नीति खतरनाक

**संयुक्त राष्ट्र, जिनेवा।** चीन में करीब 10 लाख तिब्बती बच्चों को सरकारी बोर्डिंग स्कूलों में डालने की खबर के बाद संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार के मामलों से जुड़े विशेषज्ञों ने दमनकारी कार्वाइयों के जरिए तिब्बती अस्तित्व को मिटाने और उन्हें जबरन बहुसंख्यक हान-चीनी समुदाय के साथ मिलाने की चीन की नीति को लेकर आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, हम तिब्बती शैक्षिक, धार्मिक और भाषाई संस्थानों के खिलाफ दमनकारी कार्वाइयों के जरिए तिब्बती अस्तित्व को बहुसंख्यक हान-चीनी समुदाय के साथ मिलाने की नीति से चिंतित हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि चीन की सरकार की आवासीय विद्यालय प्रणाली के माध्यम से तिब्बती लोगों की सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पहचान मिटाने पर केंद्रित नीति से तिब्बती अल्पसंख्यकों के करीब 10 लाख बच्चे प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने सोमवार को एक बयान में कहा, हम तिब्बती बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय प्रणाली को लेकर चिंतित हैं, जो तिब्बतियों को बहुसंख्यक हान संस्कृति में शामिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक कार्यक्रम प्रतीत होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के विपरीत है। विशेषज्ञों के इस दल में अल्पसंख्यक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत फर्नांड डी वेरेन्स, शिक्षा के अधिकार पर विशेष दूत फरीदा शहीद और सांस्कृतिक अधिकारों के क्षेत्र में विशेष दूत एलेक्जेंड्रा जांथाकी शामिल हैं। बयान के अनुसार, आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सामग्री और वातावरण बहुसंख्यक हान संस्कृति के अनुरूप है, जिसमें पाठ्यपुस्तक की सामग्री लगभग पूरी तरह से हान छात्रों के अनुभवों पर आधारित है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने बीजिंग पर साधा निशाना

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि चीन ने अमेरिकी महाद्वीप में गुब्बारों को उड़ाने का दुस्साहसपूर्ण कृत्य किया क्योंकि वह चीन की सरकार है।

बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, वह चीन की सरकार है। बाइडन ने एक सवाल के जवाब में कहा, गुब्बारे और अमेरिका पर जासूसी करने का प्रयास कुछ ऐसा है जिसकी चीन से अपेक्षा की जा सकती है। सवाल यह है कि जब हमने चीन से पूछा कि वे क्या कर रहे हैं, तो उन्होंने इस बात से इनकार नहीं किया कि यह उनका गुब्बारा नहीं है। उन्होंने सिर्फ इसके पीछे के मकसद से इनकार किया।

राष्ट्रपति ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, बात चीन पर भरोसा करने की नहीं है, यह इस बात का फैसला करने का समय है कि क्या हमें साथ काम करना चाहिए और हमारे पास क्या विकल्प हैं।

बाइडन ने कहा कि इससे अमेरिका-चीन संबंध कमजोर नहीं होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि हम क्या करने जा रहे हैं। वे हमारी स्थिति को समझते हैं। हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। हमने सही कदम उठाए। (संबंध) कमजोर या मजबूत होने की बात नहीं है यह वास्तविकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनका हमेशा से मानना था कि गुब्बारे को गिराना ही उचित है। उन्होंने कहा, मेरा रुख हमेशा से यही था। गुब्बारे के कनाडा से अमेरिका आते ही मैंने रक्षा मंत्रालय से इसे तुरंत गिराने को कहा था। वे भी इसी फैसले पर पहुंचे हैं कि इसे जमीन पर गिराना ही सही है। यह कोई गंभीर खतरा नहीं है। हम इसके समुद्री क्षेत्र को पार करने तक इंतजार करेंगे।

## गुब्बारे के अवशेष चीन को लौटाने से अमेरिका ने किया इंकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमवार को चीन के जासूसी गुब्बारे के अवशेष उसे लौटाने से इनकार कर दिया। इस गुब्बारे को शनिवार को साउथ कैरोलिना में अटलांटिक महासागर के तट पर मार गिराया गया था।

अमेरिका सेना ने चीन के जासूसी गुब्बारे के अवशेषों को एकत्रित करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं जो पिछले सप्ताह कई दिनों तक मोंटाना से साउथ कैरोलिना तक अमेरिका के आसमान में उड़ता दिखा था। व्हाइट हाउस ने गुब्बारे के बारे में मिली आरंभिक सूचना के आधार पर सोमवार को पूरे यकीन से कहा कि यह एक जासूसी गुब्बारा था। अधिकारियों ने कहा कि इसने अंतरराष्ट्रीय नियमों एवं देशों की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, मैं इसे (गुब्बारे के अवशेष को) लौटाने की मंशा या ऐसी किसी योजना के बारे में नहीं जानता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने समुद्र से कुछ अवशेष बरामद किए हैं और वे अब भी समुद्र में उन्हें तलाश रहे हैं। शनिवार को गुब्बारे को एक लड़ाकू विमान द्वारा मार गिराए जाने से पहले किर्बी ने कहा कि इसके बारे में कई अहम सूचना एकत्रित की गई है। नॉर्दर्न कमांड के कमांडर जनरल ग्लेन वानहर्क के अनुसार, गुब्बारा 200 फुट की उंचाई पर था। इसमें अमूमन एक क्षेत्रीय जेट विमान के बराबर आकार का कई हजार पाउंड का एक पेलोड था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन ज्यां पीयरे ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने सेना, खुफिया समुदाय को निर्देश दिया है कि वे गुब्बारे के बारे में सूचनाएं एकत्र करें ताकि चीन की क्षमताओं के बारे में वे ज्यादा से ज्यादा जान सकें। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पत्रकारों से कहा कि चीन इसके बारे में जानता है कि वह क्या है। अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा चीन की जासूसी के खिलाफ रक्षात्मक तरीकों की मजबूती में सुधार के आदेशों के कारण यह गुब्बारा पकड़ा गया।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में तेज हुई कलह

**● बालासाहब थोराट का विधायक दल अध्यक्ष पद से इस्तीफा, राज्य इकाई प्रमुख पटोले बोले- मुझे जानकारी नहीं**





**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** में कांग्रेस के नेता बालासाहेब थोराट ने मंगलवार को विधायक दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले के साथ कथित मनमुटाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र के एक दिन पहले सामने आने के बाद यह घटनाक्रम हुआ।

हालांकि, पटोले ने कहा कि उन्हें थोराट के ऐसे किसी कदम की जानकारी नहीं है और दावा किया कि वह हम सै बात नहीं करते हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि अगर कांग्रेस नेता पाला बदलना चाहते हैं तो उनके दरवाज़े खुले हैं। थोराट अहमदनगर जिले की संगमनेर सीट से विधायक हैं। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी आलाकमान को भेजा है।

हाल में नासिक मंडल स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधान परिषद का चुनाव जीतने वाले सत्यजीत ताम्बे थोराट के भांजे हैं। थोराट के एक करीबी ने बताया कि कांग्रेस नेता ने पार्टी आलाकमान को पत्र लिखकर उनके प्रति पटोले के क्रोध के कारण (पटोले के) साथ काम करने में असमर्थता जताई थी। थोराट ने कहा कि कोई भी फैसला करने से पहले उनसे विचार-विमर्श नहीं किया जाता।

यहां मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा, मुझे थोराट का त्याग पत्र नहीं मिला है। वह पिछले कुछ दिनों से हमसे बात नहीं कर रहे हैं। शायद वह मीडिया से बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा, अगर मुझे उनका पत्र मिलता है, तो मैं उस पर टिप्पणी करूंगा। भाजपा ने भी कांग्रेस की अंदरूनी कलह को भुनाने की कोशिश की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, बालासाहेब थोराट जैसे नेताओं के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। वह चाहें तो भाजपा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन वह कोई छोटे नेता नहीं हैं जो किसी के सुझाव या निर्देश पर भाजपा में शामिल हो जाएंगे।

बावनकुले ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले किसी भी व्यक्ति का ैसम्मानै किया जाता है और जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी थोराट को कोई प्रस्ताव नहीं दे रही है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने सोलापुर में कहा कि यह साफ नहीं है कि थोराट ने इस्तीफा दिया है या सिर्फ पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि थोराट से बातचीत नहीं हो सकी है और मैं प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के साथ था और उन्हें भी इस बारे में कुछ नहीं पता है। वहीं,पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि अगर थोराट ने विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दिया है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जालना में पत्रकारों से कहा, यहां (जालना) आने के बाद मुझे बालासाहेब थोराट के इस्तीफे की खबरों के बारे में पता चला। वह एक वरिष्ठ और बेहद धैर्यवान नेता हैं। लेकिन इस मुद्दे को जाने बिना इस पर अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। थोराट को कांग्रेस को बेहद वफादार माना जाता है। इससे पहले उन्होंने कई प्रमुख मंत्री पदों को संभालने के अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी हैं।

थोराट के बहनोई और नासिक मंडल निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी सुधीर ताम्बे ने विधान परिषद का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। हालांकि कांग्रेस ने उन्हें आधिकारिक तौर पर अपना उम्मीदवार बनाया था। सुधीर ताम्बे के बेटे सत्यजीत ताम्बे ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत गए। सूत्रों ने बताया कि इस प्रकरण के कारण कांग्रेस को शर्मिंदगी उठानी पड़ी जबकि थोराट चुप रहे। माना गया कि उन्होंने ताम्बे पिता-पुत्र को मौन समर्थन दिया है। थोराट का हाल में कंधे का ऑपरेशन हुआ है और वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

## शाह के कांग्रेस-माकपा से गठबंधन संबंधी आरोपों को देबबर्मा ने खारिज किया

**अगरतला।** टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन आरोपों को खारिज किया कि क्षेत्रीय संगठन की 16 फरवरी को होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त सहमति है। देबबर्मा ने आरोप लगाया कि शाह ने स्वदेशी लोगों की तिप्रासा भावना को नहीं समझा और उनकी भावनाओं को ठेस भी पहुंचाई।

देबबर्मा ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, जिसने भी अमित शाह के लिए भाषण लिखा था उसे होमवर्क नहीं करने के लिए पद से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। वह न सिर्फ तिप्रासा भावना को समझने में नाकाम रहे और हमारी भावनाओं को आहत किया, उन्होंने त्रिपुरा के लोगों को एक गलत संदेश भी भेजा कि कांग्रेसामाकपा और टिपरा में गठबंधन है। उन्होंने कहा, जो लोग कांग्रेस और माकपा को वोट देने से हिचक रहे थे वे अब मजबूत होंगे और ज्यादा संख्या में बाहर आएंगेउ इसे ही हम राजनीति में अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारना कहते हैं। शाह ने दक्षिण त्रिपुरा जिले के संतिरबाजार और खोवई जिले के खोवई में भाजपा की रैलियों को संबोधित करते हुए सोमवार को आरोप लगाया था कि टिपरा मोथा की कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त सहमति है और वह मूल निवासियों को गुमराह कर त्रिपुरा में फिर से वाम दल का शासन लाने का प्रयास कर रही है।

# भाजपा ने त्रिपुरा का चेहरा बदला : राजनाथ



**भाषा।** कैलाशहर (त्रिपुरा)

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर वर्षों तक त्रिपुरा के लोगों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया है।

उनाकोटि जिले के कैलाशहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्रिपुरा अब आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, पूरा पूर्वोत्तर इंटरनेट की मदद से तेजी से विकास देख रहा है। त्रिपुरा आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है।

सिंह ने कहा, माकपा खुद को गरीबों के रक्षक के रूप में दावा करती है लेकिन वे वही हैं जिन्होंने वर्षों तक गरीब लोगों का शोषण किया। उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया। लोगों ने भाजपा को जीरो से हीरो बनाया।

चुनावी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पहुंचे सिंह ने कहा कि भाजपा राज्य में विकास लेकर आई, जहां माकपा के शासन के दौरान बुनियादी ढांचा खराब था। उन्होंने कहा, अब, बिजली, पानी के कनेक्शन और सड़कें हैं क्योंकि भाजपा सरकार विकास को गति देने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। माकपा के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को सम्मान नहीं दिए जाने पर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि लेकिन भाजपा शासन के दौरान उन्हें सम्मान और लाभ मिल रहा है।

सिंह ने यह भी दावा किया कि त्रिपुरा में हिंसा रुक गई है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है और दुनिया यह सुनना चाहती है कि भारत क्या कहता है।

उन्होंने लोगों से राज्य के विकास को जारी रखने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। राज्य की 60 सदर्स्ईय विधानसभा के लिए मतदान 16 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना दो मार्च को होगी। रैली को पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने भी संबोधित किया।

# रैपिडो को राहत देने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा लाइसेंस नहीं देने के खिलाफ बाइक-टैक्सी सेवा प्रदाता रैपिडो को राहत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्ष 2019 में मोटर वाहन अधिनियम में किए गए संशोधन में यह साफ कर दिया गया है कि सेवा प्रदाता बिना वैध लाइसेंस के संचालन नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि पुणे के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने पिछले साल 21 दिसंबर को लाइसेंस के लिए उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने कहा कि रोपेन ट्रांसपोर्ट सेवा प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) बंबई उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की ओर से 19 जनवरी को जारी अधिसूचना को चुनौती दे सकती है जिसमें गैर परिवहन वाहनों को कार पूलिंग से प्रतिबंधित कर दिया गया था। रैपिडो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के पास दोपहिया वाहनों के लिए कोई योजना नहीं है, इसलिए लाइसेंस के लिए आवेदन को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जरूरी कुछ शर्तों को पूरा कर पाना वास्तव में एक कंपनी के लिए असंभव है।

# न्यायालय ने बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल को जमानत देने से इंकार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों कर रहे हैं।

कथित तौर पर 3,600 करोड़ रुपए का यह घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की खरीद से संबंधित है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि जेम्स की यह दलील कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि उसने मामलों में अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है, स्वीकार नहीं की जा सकती।

हालांकि पीठ ने कहा कि वह निचली अदालत के समक्ष नियमित जमानत के लिए रुख कर सकता है। जेम्स ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए के तहत जमानत का अनुरोध किया, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है तो उसे जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को छह महीने कारागार की सजा

**जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ जिले में दंगा और हमला करने के 2010 के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को छह महीने के साधारण कैद की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) स्नेहल शुक्ला की अदालत ने सोमनाथ से कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा और तीन अन्य को मंगलवार को छह महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सत्र अदालत में सजा के खिलाफ अपील करने के लिए आरोपियों के वास्ते एक महीने तक सजा पर रोक भी लगा दी। चुडासमा और तीन अन्य आरोपी हितेश परमार, मोहन वढेर और रामजी बेरो भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) और धारा 147 (दंगा करने) के तहत दोषी पाए गए थे। अभियोजन के अनुसार, चुडासमा और अन्य लोग सात नवंबर 2010 को जब यातायात जाम में फंसे तो वे गैरकानूनी तरीके से एकत्रित हुए और हथियारों से लैस होकर उन्होंने शिकायकर्ता मीत वैद्य पर हमला किया।

# बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब समय सीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की चुनौतीः असम के डीजीपी

**अमीनगांव( असम )।**असम के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य में बाल विवाह के मामलों में 2,500 से अधिक गिरफ्तारियां होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की है।

सिंह ने कहा कि पुलिस की मंशा किसी को परेशान करने की नहीं है, लेकिन इसका लक्ष्य दो-तीन वर्षों के अंदर बाल विवाह की प्रथा को खत्म करना है।

सिंह ने यहां वाई-20 समिट से इतर कहा, हमने 4,074 मामले दर्ज किए हैं और मंगलवार सुबह तक 2,500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन मामलों के सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा तथा उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती अब 60 से 90 दिनों के अंदर आरोपपत्र दाखिल करने की है। असम पुलिस ने शुक्रवार को बाल विवाह के खिलाफ कार्वाई की थी और शुरूआती दो दिनों में 2,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सिंह ने 65 आरोपियों को जमानत मिलने पर कहा, मेरे लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन कितने समय तक जेल में रहता है। महत्वपूर्ण यह है कि उन्हें आरोपी बनाया गया और वे अब कानूनी कार्वाई का सामना कर रहे हैं।

# राखी सावंत ने पति आदिल दुर्रानी पर मारपीट करने, पैसे, आभूषण लेने का आरोप लगाया

**भाषा।** मुंबई

**अभिनेत्री** राखी सावंत ने अपने पति आदिल दुर्रानी पर उनसे मारपीट करने तथा उनकी जानकारी के बिना उनके फ्लैट से पैसे और आभूषण ले जाने का आरोप लगाया है, जिसके बाद दुर्रानी को मंगलवार को शहर के ओशिवरा पुलिस थाने में लाया गया।

एक अधिकारी ने सोमवार रात को पुलिस में दिए गए राखी सावंत के बयान का हवाला देते हुए बताया कि सावंत (41) जनवरी 2022 में दुर्रानी (30) के संपर्क में आई और दोनों ने एक संयुक्त व्यावसायिक खाता खुलवाया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार, दुर्रानी ने एक कार खरीदने के लिए जून में उस खाते से 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि निकाली, लेकिन सावंत ने कोई आपत्ति नहीं जताई, क्योंकि दुर्रानी ने कहा था कि वह उनसे शादी करेंगे। बाद में दुर्रानी ने कथित तौर पर सावंत से दो बार मारपीट की, जिसके कारण उन्हें दुर्रानी के खिलाफ गैर-संज्ञेय शिकायत दर्ज करानी पड़ी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सावंत के मुताबिक दुर्रानी ने उन्हें धमकी दी कि वह उनके चेहरे पर तेजाब फेंक देगा या उन्हें सड़क हादसे में मरवा देगा। सावंत ने दुर्रानी पर उन्हें नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने का भी आरोप लगाया। अधिकारी ने बताया कि रविवार रात को सावंत को पता चला कि उनकी अलमारी से पांच लाख रुपए नकद और उनकी मां के ढाई लाख रुपए के आभूषण गायब हैं। इसके बाद उन्हें अंधेरी की अपनी इमारत के चौकीदार से पता चला कि उनकी गैरमौजूदगी में दुर्रानी फ्लैट पर आया था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद सावंत ने ओशिवरा पुलिस थाने में सोमवार रात को शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद दुर्रानी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (विश्वासघात) और 323 (जानबूझकर नुकसान पहुंचाना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई।




कोलकाता में केंद्रीय बजट के समर्थन में घोड़े पर सवार होकर प्रचार करता भाजपा कार्यकर्ता

# कुमार स्वामी ने दिया स्पष्टीकरण

**भाषा।** बेंगलुरु

**केंद्रीय** मंत्री प्रह्लाद जोशी को लेकर एक विवादित बयान देने के कुछ दिन बाद कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया क्योंकि उन्होंने सभी ब्राह्मणों पर आरोप नहीं लगाया था।

दरअसल, कुमारस्वामी ने कहा था कि केंद्रीय मंत्री जोशी ब्राह्मणों के एक ऐसे वर्ग से ताल्लुक रखते हैं जिसने श्रृंगेरी शंकराचार्य पीठ का अपमान किया था और महात्मा गांधी की हत्या की थी। जनता दल (सेक्यूलर) के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि उनके पास हमेशा कुछ प्रतिष्ठित धार्मिक नेताओं की तस्वीरें रहती हैं जो ब्राह्मण समुदाय से आते हैं।

कुमारस्वामी ने इस बयान को लेकर आलोचना किए जाने के कुछ दिनों बाद स्पष्टीकरण दिया, मैंने कभी जाति आधारित राजनीति नहीं की। जब भी लोग मेरे पास मदद मांगने आते हैं तो मैं कभी उनसे उनकी जाति नहीं पूछता। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो लोगों की जाति के लिए उनका अपमान करते हैं। ब्राह्मण समुदाय सभ्य तरीके से जीवन जी रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केवल उन लोगों का जिक्र किया था जिन्होंने श्रृंगेरी में चंद्रमौलेश्वर मंदिर पर हमला किया था, एक ऐसा वर्ग जिसने महात्मा गांधी और मराठा शासक शिवाजी की हत्या की थी। इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोग कर्नाटक से नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से थे।



संसद भवन परिसर में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और उसके पुत्र राहुल गांधी

# स्थानीय लोगों के काला जादू के आरोप पर रूसी समूह ने कहा, गलतफहमी थी

**भाषा।** पणजी

**गोवा** में कुछ रूसी नागरिकों की ओर से पेश किए जा रहे एक नाटक को कुछ स्थानीय लोगों ने रुकवा दिया। उनका आरोप था कि रूसी नागरिक काला जादू कर रहे थे लेकिन विदेशियों ने मंगलवार को इस आरोप का खंडन करते हुए दावा किया कि गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ और वे तो राजा विक्रमादित्य की जिंदगी पर नाटक का मंचन कर रहे थे।

यह घटना 30 जनवरी को उत्तर गोवा जिले की पेरनेम तालुका की है जब स्थानीय लोगों के एक समूह ने नाटक के मंचन को रुकवा दिया।

रूस की नागरिक ओल्गा माखनोवेत्सकी और बेलारूस के नागरिक मिकोला द्रेनिच ने खुद को थिएटर कलाकार और रशियन स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स से स्नातक बताया है। उन्होंने पणजी में घटना को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रस्तुति से पहले स्थानीय पंचायत को सूचित कर दिया था।

मखनोवेत्स्की ने कहा, हम वह गलतफहमी दूर करना चाहते हैं जो हमारी प्रस्तुति के दौरान काले जादू की अफवाह के चलते उत्पन्न हुई है। हम इसे पूरी तरह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हम पादरी नहीं हैं और किसी भी धार्मिक संगठन के समर्थक नहीं है।

उन्होंने बताया कि वह रूस के जाने-माने फिल्मकार यूरी मरिन की बेटी हैं। मरिन को विंडो टू पेरिस के लिए जाना जाता है।

पेरनेम घटना पर उन्होंने कहा, हम सिर्फ प्रस्तुति देते हैं। हमारी प्रस्तुति की कहानी भारतीय महाकाव्य राजा विक्रमादित्य और शनि ग्रह के साथ उनकी सात साल की आजमाइश पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पूरी कहानी भारतीय संस्कृति की मजबूत विरासत को बताती है जिसे हम बहुत पसंद करते हैं।

# छद्म युद्ध के लिए नार्को-आतंकवाद का इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान : द्विवेदी

**● सेना की उत्तरी कमान के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग इन चीफ ने कहा**

**भाषा।** श्रीनगर

**सेना** के एक वरिष्ठ कमांडर ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में नार्को-आतंकवाद में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, क्योंकि पाकिस्तान अब इसे जम्मू कश्मीर में अपने छद्म युद्ध में एक नए हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

सेना की उत्तरी कमान के जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग इन चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पड़ोसी देश यहां के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के प्रयास में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थ और हथियार भेज रहा है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने उत्तरी कमान के सभी कर्मियों से आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मोर्चों पर विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, कश्मीर ने नार्को-आतंकवाद में चिंताजनक वृद्धि देखी है, क्योंकि पाकिस्तान अब इसे अपने छद्म युद्ध में एक नए हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के प्रयास में हाल में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थ के साथ-साथ हथियारों को भेजने की दोहरी रणनीति देखी गई है।

सैन्य कमांडर ने कहा कि नशीले पदार्थों की सीमा पार से होने वाली तस्करी के जरिए केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल इस प्रवृत्ति और खतरे को रोकने के लिए पहले से ही ड्रोन रोधी उपाय शुरू कर चुके हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम समझौता कायम है। उन्होंने कहा, घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए बहुत सख्त निगरानी और एक मजबूत प्रौद्योगिकी-सक्षम बहुस्तरीय घुसपैठ रोधी ग्रिड बनाया गया है। संघर्ष विराम उल्लंघन, घुसपैठ की कोशिशों या दुश्मनों के किसी भी दुस्साहस से मजबूती से निपटा जाएगा।

# बिहार की अदालत में मोहन भागवत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई

**भाषा।** मुजफ्फरपुर



**बिहार** के मुजफ्फरपुर जिले की एक अदालत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ मंगलवार को एक शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें उनपर ब्राह्मणों का कथित अपमान करने का आरोप लगाया गया है। वकील सुधीर कुमार ओझा ने मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में उक्त याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने रविवार को मुंबई में भागवत के संबोधन की मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया जहां वह मध्यकालीन कवि संत रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग ले रहे थे।

मराठी में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस प्रमुख ने हिंदू समाज में व्याप्त कठोर जाति पदानुक्रम के लिए पंडितों (पुरोहित वर्ग) को दोषी ठहराया था। मीडिया में आई कुछ खबरों के मुताबिक भागवत द्वारा ब्राह्मण समुदाय के बारे में बात की गई थी जो पूजा-पाठ से जुड़े रहे हैं। बाद में आरएसएस द्वारा जारी एक बयान में इस बात से इनकार किया गया था कि भागवत ने किसी विशेष जाति का उल्लेख किया था। संघ ने दावा किया कि पंडित शब्द ज्ञानियों के लिए इस्तेमाल किया था न कि किसी जाति या धर्म के लिए।ओझा ने अपनी याचिका में आग्रह किया है कि भागवत के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सार्वजनिक शांति भंग करने से संबंधित भादंवि की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख तय की है।

# द्रविड़ ने गिल को दिया स्वीप खेलने का मंत्र

## स्पिनरों के खिलाफ किया भारतीयों ने अभ्यास

**भाषा।** नागपुर



**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में स्पिन गेंदबाजों की मददगार पिचों पर खेलने का दांव उलटा पड़ने से बचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों ने मंगलवार को यहां दो पालियों में ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ नेट अभ्यास में जमकर पसीना बहाया। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर स्टीव ओ कीफ ने छह साल पहले पुणे में स्पिनरों की मददगार पिच पर 12 विकेट झटक कर भारत को परेशान किया था। यह आंकड़ा उनके टेस्ट करियर के 35 विकेट में से एक तिहाई से ज्यादा है। इसी श्रृंखला के अगले मैच में नाथन लियोन की ऑफ स्पिन ने भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

भारतीय टीम ने मंगलवार को नेट सत्र में नौ स्पिनरों के खिलाफ अभ्यास किया। इसमें चार स्पिनर 15 सदस्ईय टीम का हिस्सा है जबकि पांच भारत की ए और घरेलू टीमों से जुड़े खिलाड़ी हैं। रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव पांच दिनों के मैच के लिए अपनी ऊर्जा बचाते दिखे तो वही ऑफ स्पिनर पुलकित नारंग और जयंत यादव के साथ-साथ लेग स्पिनर राहुल चाहर और वामहस्त रविश्रीनिवासन साई किशोर और सौरभ कुमार ने भारतीय बल्लेबाजों को अभ्यास कराया। घरेलू क्रिकेट में ऑफ स्पिन के अच्छे गेंदबाजों की कमी यहां साफ देखी जा सकती थी। नारंग और भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके जयंत मौजूदा घरेलू सत्र में शीर्ष 10 विकेट लेने गेंदबाजों की सूची में भी नहीं है। जलज सक्सेना को यहां भी उपेक्षा झेलनी पड़ी जबकि जयंत की उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारतीय बल्लेबाज लियोन के खतरे से वाकिफ है।

भारतीय उपकप्तान लोकेश राहुल ने टीम की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, जाहिर है हमने स्पिन को खेलने पर प्रमुखता से काम किया है। हम जानते हैं कि यहां भारत में पिचें कैसी होंगी और उससे क्या उम्मीद की जाए।

इसे ध्यान में रखते हुए हमने स्पिन खेलने का अभ्यास किया। शुभमन गिल और विराट कोहली अभ्यास सत्र में स्वीप शॉट खेलते हुए दिखे तो वहीं चेतेश्वर पुजारा ऑफ स्पिन के प्रभाव को कम करने के लिए क्रीज से काफी आगे निकल कर बल्लेबाजी कर रहे थे। राहुल ने कहा, प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी व्यक्तिगत योजनाएं होती हैं। हर कोई एक निश्चित तरीके से खेलना चाहता है। हर किसी का अपना एक तरीका होता है, जिस पर कोच के साथ चर्चा की गई है। हमने स्पिन को बेहतर तरीके से खेलने की कोशिश करने के प्रयास में एक बल्लेबाजी समूह के रूप में इस पर चर्चा की है। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अभ्यास सत्र में गिल के साथ काफी समय बिताया। कोच ने इस दौरान इस युवा खिलाड़ी को स्वीप शॉट के दौरान गेंद को नीचे रखने के तरीके बताए। गिल को इसके बाद क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप की देखरेख में फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर कैच का अभ्यास करते हुए देखा गया। भारत की अंतिम एकादश को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन गिल के शानदार लय को देखते हुए उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा है। स्पिनरों की मददगार पिचों पर गेंद पहले दिन से ही काफी टर्न करेगी और ऐसे में टीम में बेहतर विकेटकीपर की जरूरत होगी। इस मामले में कोना भरत का दावा इशान किशन के मुकाबले मजबूत है।

भरत कानपुर के ग्रीन पार्क मैदान पर कम उछाल वाली पिच में अश्विन के खिलाफ शानदार विकेटकीपिंग का कौशल दिखा चुके है। किशन हालांकि बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और ऋषभ पंत की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। टीम को एक और चयन में काफी विचार करना है तथा अक्षर और कुलदीप में किसी एक को चुनना होगा। स्पिनरों की मददगार पिचों में अक्षर ने पिछले सत्र में काफी प्रभावित किया था और वह बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं।




# खेलो इंडियाः सब्जी उगाने वाले किसान परिवार के भारोत्तोलक ने जीता कांस्य पदक

**भाषा।** इंदौर

**खेलो** इंडिया युवा खेलों के दौरान लड़कों के 61 किग्रा. भार वर्ग में मंगलवार को कांस्य पदक जीतने वाले महाराष्ट्र के भारोत्तोलक शुभम विजय कालभोर अपनी इस कामयाबी पर खुश हैं। कालभोर ने खेलो इंडिया युवा खेलों में स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर कुल 240 किग्रा. वजन उठाया और तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, मैंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की कोशिश की। मैं अगर थोड़ा वजन और उठा लेता, तो रजत पदक जीत सकता था। अगली बार मैं बेहतर तैयारी के साथ खेलूंगा। कालभोर ने बताया कि उनका परिवार महाराष्ट्र के पुणे के पास ग्रामीण इलाके में खेती करता है और सब्जियां उगा कर बेचता है। उन्होंने कहा, मैं पहले किक बॉक्सिंग खेलता था। मेरे चाचा ने मुझे भारोत्तोलन के लिए प्रेरित किया। कालभोर ने कहा कि उन्होंने दो साल तक अपने गांव में ही भारोत्तोलन का प्रशिक्षण लिया और बाद में एक सरकारी प्रशिक्षण केंद्र में खेल के गुर सीखे। खेलो इंडिया युवा खेलों में महाराष्ट्र के इस नौजवान खिलाड़ी का हौसला बढ़ाने उनके दादा तुकाराम मारुति कालभोर भी इंदौर पहुंचे थे। कालभोर की कामयाबी को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उनके गदगद दादा ने कहा, आप हमारे चेहरे की हंसी देखिए। हम सब बहुत खुश हैं। शुभम हमारे पूरे परिवार का पहला खिलाड़ी है जो इस मुकाम पर पहुंचा है। खेलो इंडिया युवा खेलों में लड़कों के 61 किग्रा. भार वर्ग में अरुणाचल प्रदेश के शंकर लापुंग ने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर कुल 248 किग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि असम के सिद्धांता गोगोई ने कुल 243 किग्रा. वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया।

## क्विक न्यूज

### जैक सोक डलास ओपन के दूसरे दौर में

**डलास (एपी)।** वाइल्ड कार्डधारी जैक सोक ने डलास ओपन के पहले दौर में इया इवांस्का को 7-6, 4-6, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। आठवीं रैंकिंग वाले फ्रिट्स पिछले साल इस इंडोर हार्डकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गए थे। गत चैम्पियन रीली ओपेलका इस साल नहीं खेल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीत सकता हैः डुमिनी



**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय टीम टेस्ट मैचों में घरेलू परिस्थितियों में हमेशा मजबूत मानी जाती है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला जेपी डुमिनी का मानना है कि चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी होगा और टीम 2-1 इसे जीत सकती है। इस श्रृंखला में भारत को ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नही मिलेगी लेकिन हरफनमौला रविन्द्र जडेजा घुटने की सर्जरी से उबर कर वापसी करने के लिए तैयार हैं। नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के बारे में पूछे जाने पर डुमिनी ने कहा, मेरा मानना है कि यह काफी करीबी श्रृंखला होगी लेकिन मुझे सच में लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छा मौका है। वे निश्चित रूप से ऐसी टीम है जो भारत को हरा सकती है। डुमिनी ने दक्षिण अफ्रीका (एसए) टी20 लीग के द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम इसे 2-1 से जीतेगी और उस्मान ख्वाजा श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ख्वाजा ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी टेस्ट में नाबाद 195 रन की पारी खेली थी। एसए टी20 लीग में पार्ल रॉयल्स टीम को कोचिंग दे रहे डुमिनी ने हालांकि कहा कि घरेलू परिस्थितियो मे भारत को कमजोर आंकना गलती होगी।

# सानिया और बेथानी अबु धाबी ओपन के पहले दौर से बाहर

**भाषा।** अबुधाबी



**भारतीय** टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी को अबुधाबी ओपन के पहले दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने हरा दिया। सानिया और माटेक को करीब सवा घंटे तक चले मैच में 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। छह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सानिया 19 फरवरी से शुरू हो रही दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रही है। पिछले महीने सानिया और रोहन बोपन्ना आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में उपविजेता रहे थे। उन्हें ब्राजील के रफेल मातोस और लुइसा स्टेफानी ने हराया था। वह ग्रैंडस्लैम में सानिया का आखिरी मैच था।

# नेपाल से हार के कारण भारत पर जल्दी बाहर होने का खतरा

**भाषा।** ढाका



**भारत** को मंगलवार को यहां नेपाल से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर सैफ अंडर-20 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप से जल्द बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है।

अपूर्णा नारजरी ने 21वें मिनट में गोल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई लेकिन नेपाल ने अच्छी वापसी करके फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। उसकी तरफ से अंजलि चंद (48वें), प्रीति राय (69वें पेनल्टी) और अमीषा कार्की (89वें) ने गोल किए। भारत के अब तीन मैचों में चार अंक हैं जबकि नेपाल के छह अंक हैं।

मेजबान बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसे फाइनल में पहुंचने के लिए भूटान के खिलाफ केवल मैच ड्रा कराना होगा।

# आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**भाषा।** मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के सबसे सफल टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और 2021 में टी20 विश्व कप जिताने वाले कप्तान आरोन फिंच ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 36 वर्ष के फिंच हालांकि बिग बैश लीग और घरेलू टी20 मैचों में खेलते रहेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया, हमारे विश्व कप विजेता और सबसे लंबे समय तक टी20 कप्तान रहने वाले आरोन फिंच ने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। अपने योगदान के लिए धन्यवाद आरोन फिंच।

फिंच का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेना तय माना जा रहा था। उन्होंने पिछले साल वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया और आखिरी टेस्ट भी 2018 में खेला था। उनकी कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने दुबई में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप 2021 जीता था। पिछले साल हालांकि अपनी सरजमीं पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम नहीं पहुंच सकी। फिंच ने आखिरी टी20 मैच भी उसी टूर्नामेंट में खेला जब आस्ट्रेलिया की आयरलैंड पर 42 रन से जीत में उन्होंने 63 रन बनाए थे।

### अकमल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया



**कराची( भाषा )।** पाकिस्तान के पूर्व विकेट कीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किए जाने के बाद मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। कामरान ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोचिंग को पेशे के तौर पर अपना लिया है और इसलिए उन्होंने तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि एक बार कोचिंग में जाने या राष्ट्रीय चयनकर्ता बनने के बाद आप खेलने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हो। पाकिस्तान की तरफ से 2017 तक 268 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले कामरान को पाकिस्तान सुपर लीग की टीम पेशावर जल्मी ने भी बाहर कर दिया था।

# स्नेह राणा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर

**दुबई ( भाषा )।** भारत की स्नेह राणा आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पायदान पर पहुंच गई हैं जबकि दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर आ गई हैं। आफ स्पिनर राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 21 रन देकर दो विकेट लिए थे। दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर एन एमलाबा ने दीप्ति को पछाड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। भारत के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 16 रन देकर दो विकेट लिए थे। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर एक पायदान ऊपर दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं दीप्ति शर्मा दो पायदान चढकर 23वें और हरलीन देयोल 20 पायदान चढकर 110वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला चोले ट्रायोन शीर्ष पर बनी हुई हैं। दस फरवरी से शुरू हो रहे महिला टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलिया की बल्लेबाज ताहलिया मैकग्रा सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाली खिलाड़ी बन सकती हैं।

# 409 खिलाड़ियों की सूची से अधिकतम 90 के लिए लगेगी बोली

## डब्ल्यूपीएल नीलामी

**भाषा।** मुंबई



**हरमनप्रीत** कौर, स्मृति मंधाना, एलिसा हीली और सोफी एक्लेस्टोन जैसी दिग्गजों ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए 13 फरवरी को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी में खुद को 50 लाख रुपए की सर्वाधिक रकम वाली श्रेणी में रखा है। इस नीलामी में पांच फ्रेंचाइजी टीमें कुल मिलाकर 90 खिलाड़ियों के लिए बोली लगा सकती हैं जिसके लिए 409 क्रिकेटरों की अंतिम सूची जारी की गई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा था कि लीग के सभी 22 मैच चार से 26 मार्च तक मुंबई में होंगे। इन 409 खिलाड़ियों में से 246 भारतीय है जबकि 163 विदेशी खिलाड़ी हैं। इसमें से आठ एसोसिएट देशों के खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों में 202 ने राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। इस सूची में 24 खिलाड़ियों ने खुद को 50 लाख रुपए के सर्वोच्च रकम वाली श्रेणी में रखा है जबकि 38 खिलाड़ी 40 लाख रुपए की श्रेणी में है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत, सलामी बल्लेबाज स्मृति , ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज हीली और इंग्लैंड की शीर्ष स्पिनर एक्लेस्टोन के अलावा हाल ही में अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, इंग्लैंड की नेट साइवर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग ने खुद को 50 लाख रुपए की शीर्ष श्रेणी में रखा है। दक्षिण अफ्रीका में इस विश्व कप जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के सितारे भी इस अभियान का हिस्सा होंगे। इनमें पार्शवी चोपड़ा, अर्चना देवी, टिटास साधु, श्वेता सहरावत और मन्नत कश्यप (सभी 10 लाख रुपए की श्रेणी में) शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग की नीलामी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 13 फरवरी 2023 होगी। इसके लिए कुल 409 क्रिकेटरों सूची जारी की गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक, महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती सत्र के नीलामी के लिए कुल 1525 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया और अंतिम सूची को 409 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने पांच टीमों के लिए बोली में 4669.99 करोड़ रुपए हासिल करने के बाद इस लीग का प्रसारण अधिकार 951 करोड़ रुपए में बेचा। मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल जैसी आईपीएल टीमों के अलावा कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स (लखनऊ) और अडानी स्पोर्टलाइन ने डब्ल्यूपीएल के लिए फ्रेंचाइजी टीमें खरीदी हैं। नीलामी में हर फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों पर 12 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है।

# खेलों के कारण उग्रवादी बनने से बच गईः सरिता

**भाषा।** अमीनगांव (असम)



**चैम्पियन** मुक्केबाज लैशराम सरिता देवी ने मंगलवार को यहां कहा कि एक बार वह उग्रवादी बनने की तरफ बढ़ रही थी लेकिन खेलों ने उनकी जिंदगी बदल दी। सरिता देवी ने यहां वाई20 सम्मेलन में नब्बे के दशक के उन दिनों को याद किया जब मणिपुर में उग्रवाद अपने चरम पर था और कहा कि खेलों के कारण वह उग्रवादी बनने से बच गई।

उन्होंने कहा कि मैं उग्रवादियों से प्रभावित होकर उग्रवाद की तरफ बढ़ रही थी। मैं उनके लिए हथियार मुहैया कराती थी, लेकिन खेलों ने मुझे बदल दिया और मुझे अपने देश का गौरव बढ़ाने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। सरिता ने कहा, मैं एक छोटे से गांव में रहती थी और जब मैं 12-13 साल की थी तो हर दिन उग्रवादियों को देखती थी। घर पर रोजाना लगभग 50 उग्रवादी आते थे। मैं उनकी बंदूकें देखती थी और उनके जैसा बनना चाहती थी। मैं उग्रवाद की तरफ बढ़ रही थी। पूर्व विश्व चैंपियन ने स्वीकार किया कि एक समय वह उग्रवादियों के हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का काम करती थी। उन्होंने कहा, मैं उनके जैसा बनने का सपना देखती थी और मुझे बंदूकों से खेलना बहुत पसंद था।

मुझे नहीं पता था कि खेलों से आप खुद को और देश को प्रसिद्धि दिला सकते हैं। एक दिन उनके भाई ने उनकी पिटाई की जिसके बाद उनकी जिंदगी बदल गई। सरिता ने कहा, मैं खेलों से जुड़ी और फिर मैंने 2001 में पहली बार बैंकॉक में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीता। चीन की मुक्केबाज ने स्वर्ण पदक जीता था।

उनका राष्ट्रगान बजाया गया और सभी ने उसे सम्मान दिया। यही वह क्षण था जब मैं भावुक हो गई थी। उन्होंने कहा, इसके बाद मैंने कड़ी मेहनत की और 2001 से 2020 तक कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर ढेरों पदक जीते। खेलों ने मुझे बदल दिया। मैं अपने देश के युवाओं में इसी तरह का बदलाव देखना चाहती हूं।

# पहले टेस्ट में बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं ग्रीन, कहा गिलक्रिस्ट ने

**भाषा।** सिडनी



**महान** विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि आस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में हरफनमौला कैमरन ग्रीन बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं। तेईस वर्ष के ग्रीन दाहिने हाथ की ऊंगली की सर्जरी के बाद अब फिटनेस हासिल करने की राह पर हैं।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान उनकी ऊंगली की हड्डी टूट गई थी।

आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड पहले ही कह चुके हैं कि ग्रीन फिलहाल गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। गिलक्रिस्ट ने सेन रेडियो से कहा कि मुझे लगता है कि चयनकर्ता उन्हें छठे नंबर पर उतारेंगे बशर्ते वह पूरी तरह से फिट हों और ऊंगली की चोट का असर नहीं हो। उन्होंने कहा , इस टीम को एक दूसरे पर काफी भरोसा है और हर हालत में एक दूसरे का साथ देने को तैयार है। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड भी चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। गिलक्रिस्ट ने कहा कि अगर बोलैंड खेलता है तो टीम के लिए बहुत अच्छा होगा। वह काफी आक्रामक और सटीक गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि स्टार्क का नहीं खेल पाना बहुत बड़ा झटका है लेकिन भारतीय टीम में भी तो ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह नहीं है। मुकाबला बराबरी का होगा।

# सिराज-शुभमन महीने के सर्वश्रेष्ठ आईसीसी खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित

**भाषा।** दुबई




**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को मंगलवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामांकन मिला है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे पुरस्कार की दौड़ में तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक इस साल में विभिन्न प्रारूपों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगा दिए हैं।

गिल ने पिछले महीने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि सिराज ने जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में नई गेंद के साथ वनडे में बेहतरीन गेंदबाजी की है। गिल ने मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहला टी20 खेला जिसमें सात रन ही बना सके लेकिन तीसरे मैच में 46 रन बनाए। इसके बाद तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में पहले वनडे में उन्होंने 149 गेंद में 208 रन की पारी खेली जबकि दूसरे छोर से कोई बल्लेबाज 28 के पार नहीं जा सका था। वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए।

इसके बाद अगली दो पारियों में नाबाद 40 और 112 रन बनाए। उन्होने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में सर्वाधिक स्कोर के पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 360 रन बनाए। दूसरी ओर सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में सात ओवर में 30 रन देकर दो विकेट लिए।

इसके बाद अगले दो मैचों में क्रमशः तीन और चार विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में उन्होंने चार विकेट लिए और दूसरे मैच में छह ओवर में महज दस रन देकर एक विकेट लिया।